
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

• बोकारो, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 208 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## पीएम नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने नितिन नवीन को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नबीन को भाजपा ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति 14 दिसंबर 2025 यानी आज से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन सीधे घर पहुंचे और अपने पिता की तस्वीर को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान वो भावुक नजर आए। अगर वह नड्डा की जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो बिहार के पहले नेता होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी। नितिन नबीन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या



बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है। आज उनका राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना दिन-रात परिश्रम करने वाले हर युवा भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है। मैं उनके नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार के रहने वाले नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पांचवीं बार विधायक निर्वाचित हुये हैं और हमारे साथ मंत्रिमंडल में ऊर्जावान सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। श्री नवीन एक समर्पित और अनुशासित राजनीतिज्ञ हैं। मुझे उम्मीद है कि उनकी इस नई जिम्मेदारी से भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती मिलेगी। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना है। मुख्यमंत्री ने नितिन नवीन से दूरभाष पर वार्ता कर भी उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनायें दी। बता दें कि नितिन दिग्गज बीजेपी नेता नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र हैं। नितिन नबीन महज 45 साल के हैं। वह भाजपा की यह जिम्मेदारी संभालने वाले सबसे कम उम्र के नेता बन गए हैं। जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी वही संभालेंगे। 45 साल के नितिन बिहार के पहले नेता हैं, जिसे भाजपा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। अमित शाह जब राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 50 साल थी। ऐसे में उन्हें ये जिम्मेदारी देकर बीजेपी ने एक बड़ा दांव खेला है। नितिन नबीन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा बीजेपी के मजबूत नेता थे। उनके निधन के बाद उपचुनाव हुआ तो जनता ने उनके बेटे पर भरोसा किया। फिर नितिन नबीन की राजनीतिक में एंट्री हुई। इसके बाद बांकीपुर सीट से वो लगातार चार से जीतते आ रहे है।

# सारंडा में आइइडी विस्फोट कोबरा का जवान घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में एक बार फिर हिंसा सामने आई है। रविवार को बीहड़ जंगल में स्थित बलिबा गांव के पास माओवादियों द्वारा पहले से बिछाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) में विस्फोट हो गया। इस घटना में कोबरा बटालियन 209 का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। देर शाम कोबरा 209 के अधिकारियों ने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि की है। घटना के बाद घायल जवान को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। वहीं सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है और सर्च ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया है। बताया जाता है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा, कोल्हान और आसपास के जंगली इलाकों में लंबे समय से सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान लगातार माओवादियों से जुड़े ठिकानों और गतिविधियों की जानकारी भी मिल रही है, जिससे नक्सलियों पर दबाव बना हुआ है। हालांकि माओवादियों द्वारा पूर्व वर्षों में जंगलों और पगडंडियों में बिछाए गए आईईडी अब भी सुरक्षा बलों के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। इन विस्फोटकों की चपेट में आने से अब तक कई जवानों और ग्रामीणों की जान जा चुकी है जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता है। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके में लगातार आईईडी सर्च और डिफ्यूज अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 को

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची में चल रहे सांसद खेल महोत्सव का 25 दिसबंर को समापन होगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 101वीं जयंती है। इसी दिन रांची के ओटीसी ग्राउंड में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 21 सितंबर को रांची में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत हुई थी। रांची सांसद संजय सेठ ने इसकी जानकारी दी। सांसद संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुरूप हम अपने परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने की योजना के तहत सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के दिन अपने परंपरागत खेल गिल्ली डंडा, पिट्टो और रस्साकशी का भी आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को देशभर में सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन होगा। उस दिन पीएम मोदी भी ऑनलाइन जुड़ेंगे।

### पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिशनपुर प्रखंड के बनारी गांव में 22 वर्षीय संतोष उरांव की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब संतोष अपने दोस्त के साथ बेती गांव से लौट रहा था। बेती पुल के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथ बैठे दोस्त को हल्की चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही बिशनपुर थाना के एसआई कुंदन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल संतोष को बिशनपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बाइक

**सरायकेला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में हेलमेट ने युवक की जान बचा ली। हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग पर छोटानागपुर कॉलेज, हेंसल के पास सुबह करीब 6:30 बजे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा।

### एक हजार करोड़ के साइबर फ्रॉड रैकेट का खुलासा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एक बड़े, सुसंगठित और अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में 4 विदेशी नागरिकों समेत 17 आरोपियों और 58 कंपनियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। झारखंड, हरियाणा समेत कई राज्यों में यह नेटवर्क सक्रिय था।

# करोड़ों की अवैध शराब की खेप जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। देवनत नदी के पास पुलिस की नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक कंटेनर पलट गया जिसके बाद उसमें छुपाकर ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब का खुलासा हुआ। कंटेनर से करीब 1000 पेटी 'एम्पायर ब्लू' ब्रांड की विदेशी शराब बरामद की गई है। घटना के बाद कंटेनर का चालक और उपचालक मौके से फरार हो गया। उनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस देवनत नदी के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कंटेनर (नंबर जीजे 12 बीजेड 8638) को संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक ने कंटेनर की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगा। तेज गति और अंधेरे के कारण



कंटेनर अनियंत्रित होकर देवनत नदी के पास सड़क किनारे पलट गया। हादसे का फायदा उठाकर चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए। कंटेनर पलटने के बाद जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो अंदर का नजारा देखकर सभी हैरान रह गए। कंटेनर के भीतर लगभग 1000 पेटी 'एम्पायर ब्लू' ब्रांड की अवैध शराब लदी हुई थी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि शराब की पेटियों को छुपाने के लिए उनके ऊपर जिप्सम की बोरियां रखी गई थीं। बाहर से देखने पर कंटेनर में सामान्य माल लदा हुआ प्रतीत हो रहा था ताकि किसी को शक न हो। पुलिस का मानना है कि तस्करों ने यह तरीका जांच से बचने के लिए अपनाया था। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया कंटेनर रांची की ओर जा रहा था। शराब कहां से लाई जा रही थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था, इसकी गहन जांच की जा रही है। बरामद शराब की बाजार कीमत का भी आकलन किया जा रहा है, जो करोड़ों रुपए में बताई जा रही है। सभी शराब की पेटियों को जब्त कर चंदवा थाना लाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चालक और उपचालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## मार्शन कंपनी के निदेशक महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जांच कर रही एसीबी अब आरोपित जगन तुकाराम देसाई से रिमांड पर पूछताछ करेगी। वह प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है। इस एजेंसी को पूर्व की उत्पाद नीति के दौरान धनबाद की खुदरा शराब दुकानों में मैनपावर आपूर्ति का ठेका मिला था। इस ठेके के लिए इस एजेंसी पर फर्जी बैंक गारंटी देने का आरोप है जिसकी जांच एसीबी कर रही है। एसीबी ने जगन तुकाराम देसाई को 13 दिसंबर को महाराष्ट्र के ठाणे पश्चिम उपवन में 302, सप्तगिरी कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी, कास्मोस हिल्स, पोखरण रोड नंबर एक स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रविवार को एसीबी की टीम रांची पहुंची है। अब उससे पूछताछ व उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बोलेरो की टक्कर से दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ पर रविवार को एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने दो लोगों को रौंद दिया जिससे दोनों की मौत हो गई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। घटना में चारपहिया वाहन चालक भी घायल हुआ है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। घटना उस वक्त हुई जब दुकानदार दुकान खोल रहे थे। किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिला। देखते ही देखते कोहराम मच गया। लोहरदगा-रांची मुख्य पथ में कुडू थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप रविवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की रांची में इलाज के क्रम में मौत हो गई। वहीं घटना में बोलेरो का चालक भी घायल हुआ है। घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में रेफर किया गया है। मृतक की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के कुडू मस्जिद चौक निवासी सुरेश साहू के 39 वर्षीय पुत्र जेनरल स्टोर के मालिक सत्येंद्र साहू और रांची के श्री मां ट्रांसपोर्ट के चालक बिहार के गया जिला के केवला निवासी 45 वर्षीय राजेश यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के हाता टोली निवासी संतोष सिंह के पुत्र बोलेरो चालक 25 वर्षीय पिंटू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सत्येंद्र साहू कुडू मस्जिद चौक के रहने वाला है। वह कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ी कर दुकान की ओर बढ़ा ही था कि तेज रफ्तार बोलेरो ने सत्येंद्र को टक्कर मार दी।

# लोन दिलाने के नाम पर व्यवसायियों से लाखों की ठगी, दंपति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में रहकर एक दंपति बंटी-बबली की तर्ज पर शहर के कारोबारियों को लोन देने के नाम पर लाखों का चूना लगा रहा था। शिकायत के आधार पर रांची पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ठग पति-पत्नी की तलाश ओड़िशा पुलिस को भी थी। रांची के कांके पुलिस ने एक इंटरस्टेस्ट ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार किया है। दोनों के निशाने पर बड़े व्यवसायी होते थे जिन्हें ये कम ब्याज और कम प्रोसेसिंग फीस पर बड़े अमाउंट के लोन दिलाने का वादा करते थे और मोटी रकम ऐंठ लेते थे। इस बंटी और बबली के द्वारा रांची के कांके थाना क्षेत्र में 70 लाख की ठगी की गई थी जिसके बाद ठग दंपति शिवाजी पाटिल और एंजेला कुजूर को गिरफ्तार किया गया। दरअसल रामगढ़ जिले के व्यवसायी सरोजकांत झा को एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो ने अपने झांसे में लिया था और 74 लाख की ठगी की थी। सरोजकांत झा ने रांची के कांके थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी। शिकायत के अनुसार एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल ने व्यवसायी को कम ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही थी। इसके एवज में व्यवसायी से 74 लाख रुपए भी ऐंठ लिए थे। वहीं लोन न मिलने पर एक जमीन को फर्जी तरीके से एग्रीमेंट कर दिया गया जबकि वो जमीन भी ठग दंपति की नहीं थी।

## पैसे की लालच में पिता ने बच्चे को बेच डाला

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने अपने सात दिन के नवजात बच्चे को बेच दिया था। गढ़वा पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पलामू के रेड़मा इलाके में छापेमारी की और बच्चे को रिकवर किया। मौके से पुलिस ने बच्चे को खरीदने वाली एक महिला को भी हिरासत में लिया है। उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। दरअसल गढ़वा जिला में डंडा प्रखंड के चप्परदगा के रहने वाले एक पिता ने शनिवार को अपने बच्चे को बेच दिया था। इस बात की जानकारी पुलिस को लग गई। इसके बाद मामले में गढ़वा के डंडा थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने पहल करते हुए मेदिनीनगर के इलाके में छापेमारी की और नवजात बच्चे को बरामद कर लिया। इसके बाद टीम ने बच्चे को सीडब्लूसी को सौंप दिया।

# सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं से ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जिले के सदर अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। यहां प्रसूति वार्ड में भर्ती महिलाओं से यह कहकर 500-500 रुपए वसूले गए कि बच्चा पैदा होने के बाद उनके खाते में सरकार की ओर से मोटी रकम आएगी। आरोपी महिला और पुरुष ने खुद को सरकारी योजना से जुड़ा बताते हुए महिलाओं को गुमराह किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिलाओं और उनके परिजनों को इस दावे पर संदेह हुआ और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। सदर अस्पताल में भर्ती महिलाओं के अभिभावकों ने एक महिला और एक पुरुष को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों की पहचान करमा निवासी नरेश कुमार और शैंकी कुमारी के रूप में हुई है। महिलाओं ने बताया कि शैंकी और नरेश सुबह वार्ड में आए। सभी महिलाओं से 500-500 रुपए जमा करने को कहा। पूछने पर शैंकी ने दावा किया कि सरकार की एक नई योजना आई है जिसके तहत लड़की के जन्म पर 10 हजार और लड़के के जन्म पर 5 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए खाता चालू कराने के नाम पर तत्काल 500 रुपए जमा कराने की बात कही गई। जब महिलाओं और उनके साथ आए रिश्तेदारों को शक हुआ तो उन्होंने तुरंत अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। प्रबंधन ने दोनों से पूछताछ की जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें पूनम और संगीता नाम की दो महिलाओं का फोन आया था। इन महिलाओं ने नौकरी दिलाने के नाम पर नरेश और शैंकी से 20 हजार रुपए लिए थे। साथ ही सदर अस्पताल में प्रसूति के लिए आई महिलाओं से 500-500 रुपए लेने को कहा गया और बदले में तनख्वाह देने का वादा किया गया था। पूछताछ के बाद अस्पताल प्रबंधन ने दोनों को कोडरमा पुलिस के हवाले कर दिया। इस पूरे मामले पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं। इसे लेकर अस्पताल कर्मियों और मरीजों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था कि अगर कोई व्यक्ति पैसे के लेन-देन की बात करे तो तुरंत प्रबंधन को सूचित करें। आज शिकायत पुख्ता होने पर सुरक्षा गार्ड की मदद से दोनों को पकड़ पुलिस के हवाले किया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है और ठगी के पीछे के नेटवर्क को खंगालने की कोशिश कर रही है।

# लगातार गंभीर होती जा रही जहरीली गैस के रिसाव की समस्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के केंदुआडीह क्षेत्र में जमीन के नीचे से जहरीली गैस के रिसाव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गैस रिसाव के कारण स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार सुबह गैस के प्रभाव से एक बुजुर्ग महिला अचानक बेहोश हो गई जिसके बाद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बेहोश महिला का नाम मुनिया देवी बताया गया है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत पर निगरानी रखी जा रही है। गौरतलब है कि केंदुआडीह इलाके में जहरीली गैस रिसाव की वजह से अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग सांस लेने में तकलीफ, चक्कर और अन्य बीमारियों से पीड़ित हो चुके



हैं। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और बीसीसीएल की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रशासन ने केंदुआडीह के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित करने के लिए वैकल्पिक जमीन भी चिन्हित की है। हालांकि स्थानीय ग्रामीण प्रशासन के इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चिन्हित स्थान शहर से काफी दूर है और वहां रोजगार के कोई साधन उपलब्ध नहीं हैं। उनका आरोप है कि वे पीढ़ियों से इसी क्षेत्र में रहकर अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं और अचानक विस्थापन से उनका जीवन प्रभावित होगा। बताया जा रहा है कि केंदुआडीह के कोलियरी क्षेत्र में तीन से चार स्थानों पर गैस का रिसाव हो रहा है। गैस को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई है। लोगों की परेशानी को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने शनिवार को केंदुआडीह का दौरा कर राहत शिविरों का जायजा लेने के साथ ही ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K

# कोर्रा थाना क्षेत्र में अफीम-डोडा तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोर्रा थाना क्षेत्र से अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री में संलिप्त दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 13 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

सूचना के अनुसार कनहरी पहाड़ के समीप कुछ तस्कर अफीम एवं डोडा की खरीद-बिक्री कर रहे थे। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा कनहरी हिल के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान चरही की ओर से आ रही सफेद रंग की एक स्वीफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार सवार तेजी से वाहन भगाने लगे, जिसे छापामारी दल ने पीछा कर ओवरटेक करते हुए कार सहित उसमें सवार व्यक्तियों को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में कार की डिक्की से अफीम एवं डोडा बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम ईशु कुमार सिंह उर्फ नन्हे, पिता स्व. सुधांशु सिंह, साकिन पटना रोड उजैना, थाना बरही तथा विजय कुमार गुप्ता उर्फ बिक्कु, पिता स्व. सुखदेव साव, साकिन रसोईया धमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग बताया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अफीम एवं डोडा खूंटी जिला के तमाड़झरायडीह क्षेत्र से लेकर बरही की ओर जा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 1.980 किलोग्राम अफीम, 20 किलोग्राम डोडा, 5500 रुपये नगद, एक स्वीफ्ट कार एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।



# ऑल इंडिया इंटर-जोनल कराटे चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से विधायक प्रदीप ने की मुलाकात

## राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का गौरव बढ़ाने वाले कराटे खिलाड़ियों का सम्मान : प्रदीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को अपने कार्यालय में ऑल इंडिया इंटर-जोनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम गौरवान्वित करने वाले टीम द कोबरा कराटे एकेडमी के सम्मानित खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें ससम्मान प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेता शिवा यादव, कांस्य पदक विजेता मन्दाकिनी यादव, प्रांजल कुमार, शिवा कुमारी एवं प्रमोद यादव से मुलाकात कर उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। वहीं सीनियर पुरुष टीम काता में रजत पदक प्राप्त करने वाले चंद्र प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद यादव एवं मनीष कुमार, साथ ही संध्या कुमारी एवं अंजलि कुमारी (रजत पदक) को भी सम्मानित किया गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर झारखंड के लिए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका निरंतर प्रयास रहेगा कि राज्य के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु बेहतर प्रशिक्षण, आवश्यक संसाधन और हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और देश का नाम रोशन कर सकें।



# नशा के खिलाफ प्रशासन, जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने निकाली संयुक्त रैली, पुलिस के नेतृत्व में चला नशा मुक्ति अभियान




नवीन सिन्हा / उस्मान

**हजारीबाग/ बरही।** नशा और मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ बरही में प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने संयुक्त रूप से व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया। आज दिनांक 14 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर बरही थाना क्षेत्र में इस अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने किया।

इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, अंचल निरीक्षक चंदशेखर कुमार, बरही थाना क्षेत्र के सभी 20 पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पंचायतों के अन्य गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, महिला मंडलों की महिलाएं तथा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। नशा मुक्ति को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशाल रैली निकाली गई, जिसे 'नशा के खिलाफ उलगुलान' नाम दिया गया। रैली बरही अनुमंडलीय अस्पताल/बरही थाना परिसर से प्रारंभ होकर बरही चौक, हजारीबाग रोड, गया रोड एवं पटना रोड होते हुए पुनः बरही चौक पहुंची, जहां यह सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बरही क्षेत्र में ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थ युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। नशे की लत के कारण युवा न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं, बल्कि अपराध की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं। नशे की वजह से कई परिवार पारिवारिक कलह और आर्थिक तंगी का शिकार बन रहे हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रग्स को व्यवसाय का रूप देकर युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने उपस्थित लोगों को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई कि कोई भी व्यक्ति स्वयं नशा का सेवन नहीं करेगा और दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजपा नेता पप्पू चंद्रवंशी, तौकीर रजा, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, मोतीलाल चौधरी, मंगलदेव यादव, मनोज कुमार, राजेंद्र प्रसाद, शमशेर आलम, सिकंदर राणा, नारायण यादव, गोविंद साव, हरेंद्र गोप, छोटन ठाकुर, मुकेश कुमार, विशेश्वर यादव, रामचंद्र टुड्डू, खिरोधर यादव, टिंकू आलम सहित अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने किया।

## ऐतिहासिक गुरुद्वारा तक जाने वाली सड़क पर अतिक्रमण

**बरारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरदार नगर लक्ष्मीपुर स्थित श्री गुरु तेग बहादुर ऐतिहासिक गुरुद्वारा तक जाने वाली मुख्य सड़क पर अतिक्रमण की गंभीर समस्या सामने आई है। इस संबंध में श्री गुरु तेग बहादुर ऐतिहासिक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, लक्ष्मीपुर की ओर से जिला पदाधिकारी कटिहार को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।कमेटी द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि पंचायत लक्ष्मीपुर के अंतर्गत सदर नगर मेन रोड से गुरुद्वारा साहिब तक जाने वाली सरकारी सड़क की जमीन पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अतिक्रमण के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को गुरुद्वारा साहिब के दर्शन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# गिरिडीह की छात्राएं विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव झूमर में भाग लेने हुईं रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्री रामकृष्ण महिला महाविद्यालय गिरिडीह की छात्राएं विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव झूमर 2025 जो दिनांक 15.12. 25 से 17. 12.25 तक हो रही है, में भाग लेने हेतु आज बस से रवाना हुईं जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी।

टीम मैनेजर प्रो रेणुका साहू और डॉ पूनम प्रभा मुंडू भी गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. एन. शर्मा ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके जीत की कामना की। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. संजीव सिन्हा, प्रो. दीपिका कुमारी,प्रो नम्रता तिर्की चिंता देवी तथा छात्राएं उपस्थित थीं।



# सिविल कोर्ट कर्मचारी बनाम गिरिडीह अधिवक्ता के बीच क्रिकेट मैच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज सिविल कोर्ट गिरिडीह कर्मचारी गण बनाम गिरिडीह अधिवक्तागण के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। मैच में 49 रनों से सिविल कोर्ट कर्मचारी हुए विजयी सिविल कोर्ट कर्मचारी द्वारा पहले बैटिंग करते हुए टोटल 121 रन का लक्ष्य अधिवक्ता गण को दिया।

जिसमें अधिवक्ता की पूरी टीम 73 रन पर ही सिमट गई। अधिवक्तागण की ओर से सबसे ज्यादा रन विशाल कुमार आनंद उर्फ विक्की बाबू ने जोड़े। पहले बैटिंग करते हुए अभिजीत कुमार रंजन, विकास कुमार यादव, अनिल कुमार, अजीत कुमार चौधरी, अंकित कुमार वीरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद अनवारूल हक, देव कुमार साव, यशवीर सिंह, प्रेम कुमार, अभिषेक कुमार की जीत में सराहनीय योगदान रहा।



# समाज की अंतिम पंक्ति तक अपनी सेवाओं को पहुंचने का प्रयास करूंगा : अमित गुप्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** अमित कुमार गुप्ता नें कहा की यह अवसर मेरे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है। रोटरी गिरिडीह का अध्यक्ष चुना जाना मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी, एक विश्वास और एक आह्वान है समाज में सकारात्मक परिवर्तन के उस संकल्प को आगे बढ़ाने का जिसे हमारे पूर्व अध्यक्षों, पदाधिकारियों और सदस्यों ने हमेशा जीवंत रखा है सबसे पहले, मैं आप सभी का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद करता हूँ आपके विश्वास, समर्थन और स्नेह के लिए।

मेरा मानना है कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं—एक सोच, एक संकल्प और एक सेवा का भाव है रोटरी हमें सिखाता है कि समाज में परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि उन विचारों को कर्म में बदलने से आता है। सत्र 2026-27 अध्यक्ष के रूप में मेरा लक्ष्य रहेगा सेवा सर्विस एबॉवे सेल्फी को और अधिक प्रभावशाली बनाना हम ऐसे प्रोजेक्ट पर कार्य करेंगे जो हमारे शहर,खासकर गिरिडीह जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों, समाज और मानवता की आवश्यकताओं को पूरा करें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा सहायता स्वास्थ्य शिविर रक्तदान अभियान स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना क्योंकि जब युवा मजबूत होते हैं, भविष्य मजबूत होता है और जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो पूरा समाज मजबूत होता है पर्यावरण संरक्षण पेड़ लगाने से लेकर प्लास्टिक मुक्त अभियान तक गिरिडीह को अधिक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाने का प्रयास रहेगा। टीमवर्क और सहभागिता यह कार्य मैं अकेला नहीं कर सकता यह हमारी टीम, हमारा रोटरी परिवार और हमारी सामूहिक सोच से ही संभव होगा मैं यह वादा नहीं करता कि मैं सब कुछ बदल दूंगा, लेकिन इतना अवश्य कहता हू जहाँ बदलाव की आवश्यकता होगी, वहाँ रोटरी खड़ा होगा जहाँ किसी को मदद की जरूरत होगी, वहाँ रोटरी साथ होगा और जहाँ समाज को नेतृत्व चाहिए होगा, वहाँ रोटरी आगे होगा अंत में, मैं यही कहना चाहूंग रोटरी सेवा का मार्ग है, और इस मार्ग पर हम सभी साथ चलेंगे इसी सहयोग, विश्वास और प्रतिबद्धता के साथ, आइए एक बेहतर गिरिडीह और एक बेहतर विश्व की ओर कदम बढ़ाएँ।

# रोटरी गिरिडीह के सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष अमित व सचिव के रुप में मनीष चुने गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह के सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता एवं सचिव के रुप में मनीष बरनवाल चुने गए। रोटरी गिरिडीह के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से आगामी सत्र 2026- 27 के लिए दोनों को चुनाव किया।

चुने गए नए अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, एवं उन्होंने कहा की सभी सदस्यों के सहयोग से रोटरी गिरिडीह के द्वारा चलाए जा रहे जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम पंक्ति तक अपनी सेवाओं की पहुंचाने का प्रयास करेंगे, जिस विश्ववास के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी गई है उसको निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करने की कोशिश करूंगा नए सत्र के लिए चुने गए अध्यक्ष, सचिव एवं उनकी पूरी टीम को रोटरी गिरिडीह के वर्तमान अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी, सचिव रोहित जैन, पूर्व जिलापाल शिव प्रकाश बगड़िया, राजेंद्र बगड़िया,गुणवंत सिंह मोंगिया, डॉ० विनय गुप्ता, डॉ. मो० आजाद, प्रकाश सहाय, प्रदीप डालमिया, देवेंद्र सिंह, राजन जैन, नवीन सेठी, नरेंद्र सिंह, विकास बगेड़ीया, गुरुप्रीत सिंह, मंजीत सिंह, रतन डोकानिया, मनीष तर्वे, आशीष तर्वे, रवि चूड़ीवाला, दिलीप जैन, संजय शर्मा सहित सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ अभियान, 15 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिजली विभाग द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिजली चोरी करते हुए 15 लोगों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

बिजली विभाग की टीम ने जांच के क्रम में अरुण प्रसाद (घंघरी निवासी), अब्दुल फारुख (कोनहारा खुर्द निवासी), महेश ठाकुर, योगेन्द्र प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, रामेश्वर धोबी (बरवां निवासी), राजेन्द्र यादव, जयकुमार पाण्डेय, पर्नव पाण्डेय (गैडा निवासी), सहादत अंसारी, सद्दाम अंसारी, मिन्हाज मियां, रफीक अंसारी, मुमताज अंसारी एवं इरफान अंसारी (बसरामो निवासी) को अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पकड़ा। मामले में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद द्वारा बरकट्ठा थाना में सभी आरोपियों के विरुद्ध क्षतिपूर्ति एवं विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी इस प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मर्सी हॉस्पिटल व केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति द्वारा आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 200 से अधिक मरीजों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पहले मल्टी-स्पेशलिटी मर्सी हॉस्पिटल एवं केंद्रीय माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को तुलाडीह, भरकट्टा स्थित सामुदायिक भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया शिविर का संचालन माहुरी युवा मंच, भरकट्टा द्वारा किया गया।

शिविर में कुल 200 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान जनरल फिजिशियन डॉ. पी. एच. मिश्रा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शाहाबादी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रौशिसुद्दीन तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका ने अपनी सेवाएँ देते हुए मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं सुझाव दिए शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। डॉक्टरों ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, दंत स्वास्थ्य, हड्डी रोग तथा बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर विशेष मार्गदर्शन दिया। साथ ही रक्तदान के महत्व पर भी लोगों को जागरुक किया गया।आयोजकों ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना और समय रहते बीमारियों की पहचान करना है।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' दिल्ली रैली में हजारीबाग से बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए शामिल

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में हजारीबाग से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 'वोट चोर गद्दी छोड़' नारे के साथ दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल हुए।

रैली को संबोधित करते हुए जय प्रकाश भाई पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा वोटों की चोरी कर सरकार बनाने के षड्यंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक मूल्यों की हत्या करते हुए चुनाव आयोग के सहयोग से आम जनता के वोटों को काटने और फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने का प्रयास किया, जिससे जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।



दिल्ली रैली में शामिल होने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता, ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, वरीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गोप, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु देवी, जिला ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव बेबी देवी, उषा रानी, जय कुमार महतो, दीपक गुप्ता, अब्दुल मनान वारसी, वासुदेव महतो, राजेश कुमार, राम कुमार पटेल, कृष्णा कुशवाहा, पवन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पार्टी के संस्थापक कॉमरेड विनोद मिश्र की 27 वीं पुण्यतिथि और शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला सचिव अशोक पासवान ने संगठन को और बेहतर बनाने की बात कही और 18 दिसंबर से 16 जनवरी तक पार्टी के कार्यों में सभी को जोर शोर से लग कर कार्य करने की जरूरत पर बल दिया पूर्व विधायक राजकुमार यादव और पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पार्टी को प्रखंड स्तर, ब्रांच स्तर,पंचायत स्तर पर और बेहतर सुधार करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए और 18 दिसंबर से 16 जनवरी तक दिन रात लगने की है जरूरत जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि पार्टी के सदस्यों को मेंबरसिफ कैसे दोगुना हो इसपर जोर शोर से लगे और 18 दिसंबर से लेकर 16 जनवरी तक एक दिन भी आराम नहीं करें बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा की बहुयामी चुनाव धोखाधड़ी और मजदूर किसानों के आजादी और अधिकारों पर नए नए कानून लाकर कुठाराघात किया जा रहा है, इसके भंडाफोड़ के लिए पार्टी के संस्थापक लीडर कॉमरेड विनोद मिश्र की 27 वीं पुण्य तिथि 18 दिसंबर को पार्टी के सभी स्तरों पर संकल्प सभा आयोजित की जाएगी माले नेता सीताराम सिंह, परमेश्वर महतो, पूरन महतो आदि वरिष्ट नेता ने कहा संगठन को बहुत आगे ले जाने की है जरूरत एक दिन भी आराम से नहीं रहने की है जरूरत राजेश सिन्हा ने कहा कि पार्टी को और भी डिजिटल करने की जरूरत पर,सोशल मीडिया में बेहतर दिखने के लिए भी हरेक प्रखंड और ब्रांच स्तर पर टीम बनाने की जरूरत है 16 जनवरी को शहीद कामरेड महेंद्र सिंह जी के शहादत दिवस को प्रत्येक साल की तरह भव्य संकल्प सभा के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



# खेल सिखाता है अनुशासन : डिप्टी कलेक्टर रमेश

## संघर्ष से जरूर मिलती है मंजिल : अनुज सिंह, पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे लाजवाब : सोनम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पाटन मोड़ स्थित गुरुकुल विद्यालय में वार्षिक खेल सप्ताह 2025-26 मनाया गया। इसका उद्घाटन जेपीएससी के पलामू टॉपर व झारखंड के 28वें रैंक हासिल करने वाले मुख्य अतिथि रमेश कुमार साव ने किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेल आवश्यक है। खेल को मनोरंजन के लिए खेलना चाहिए। खेल में किसी भी प्रकार का आपसी विवाद नहीं करना चाहिए। छोटे-छोटे गोल सेटअप करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। लड़ाई- झगड़े से कोसों दूर रहने चाहिए। खेल हमें अनुशासन सिखाता है। इसे अपनाकर जीवन में शिखर तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने अपने संघर्ष भरे जीवन को भी बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। इसके पूर्व उन्होंने श्वेत झंडा फहराकर व रिबन काटकर खेल का शुभारंभ किया। खेल से पहले बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम करते हुए मनमोहक नृत्य, फ्लैग मार्च व मशाल दौड़ के साथ किया। मौके पर उपस्थित गुरुकुल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि संघर्ष से मंजिल जरूर मिलती है। आज खेल में भी अपार संभावनाएं हैं। खेल में भी आप अपने करियर को बना सकते है। विद्यार्थी जीवन में खेल अति आवश्यक है। खेल में हार जीत लगी रहती है। उससे सीखना चाहिए व त्रुटि को सुधार कर आगे बढ़ना चाहिए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव सोनम कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल अति आवश्यक है। यह मनोरंजन का उत्तम साधन है। कहा कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे लाजवाब। खेल का शुभारंभ नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार साव, स्कूल के अध्यक्ष अनुज सिंह, सोनम कुमारी व विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव ने बैडमिंटन खेलकर प्रारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि एनइपी 2020 शिक्षा नीति बाल केंद्रित है। बच्चे खेल से ज्यादा सीखते हैं। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

### वार्षिक खेल सप्ताह में गर्व प्रथम, गौरव द्वितीय व गरिमा ने हासिल किया तृतीय स्थान

एक सप्ताह तक चले वार्षिक खेल सप्ताह में विद्यालय के लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया। तीन ग्रुप गर्व, गरिमा व गौरव में गर्व प्रथम स्थान, गौरव दूसरे स्थान व गरिमा ने तीसरे स्थान हासिल किए। एक सप्ताह तक चले खेलों में विद्यालय के बच्चों ने खो- खो कबड्डी, चम्मच रेस, बैलेंस गेम, शेक रेस, स्पून रेस, 100 मीटर दौड़ व विभिन्न प्रकार के नए- नए खेल प्रस्तुत किए।




खेल सप्ताह का समापन शनिवार को विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल व ब्रॉन्ज मेडल व कप देकर किया गया। कार्यक्रम का कोऑर्डिनेट व मंच संचालन अभिलाषा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका रजनी सिंह, राहुल गुप्ता, पवन कुमार मेहता, रूपेश सिंह, विजयलक्ष्मी चौबे, नेहा शुक्ला, संध्या मिश्रा, प्रीति कुमारी, अनुश्री, वर्षा पुरी, खुशबू कुमारी, विपिन सिंह, रानी देवी व सुहाना देवी ने अहम योगदान दिया।

# पलामू कप टूर्नामेंट में जिला स्कूल क्रिकेट क्लब ने सेमीफाइनल में बनायी जगह

## सोमवार को पलामू फाइटर व रेड ड्रैगन के बीच होगा मैच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू में आयोजित दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन स्मृति पलामू कप टूर्नामेंट का मुकाबला अब और रोमांचक होते जा रहे हैं। शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जिला स्कूल क्रिकेट क्लब ने यंग क्रिकेट क्लब को करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच का टॉस समाजसेवी राजू तिवारी ने करा कर मैच की शुरुवात कराई। टॉस जीतकर जिला स्कूल क्रिकेट क्लब ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। यह पूरी तरह सही साबित हुई। शानदार गेंदबाजी व चुस्त फील्डिंग के दम पर टीम ने यंग क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। यंग क्रिकेट क्लब की टीम 6 विकेट के नुकसान पर मात्र 88 रन ही बना सकी। जवाब में जिला स्कूल क्रिकेट क्लब ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया व मैच अपने नाम कर लिया। शानदार जीत के नायक संदीप यादव रहे। उन्होंने





सिर्फ 14 गेंदों में 5 छक्के व 4 चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 46 रन बनाए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी वरिष्ठ पत्रकार तौहीद रब्बानी जी ने संदीप यादव को प्रदान की। वहीं आयोजन समिति की ओर से तौहीद रब्बानी जी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक सन्नी शुक्ला व आशुतोष विनायक ने कहा कि पलामू कप में खिताबी जंग अब और दिलचस्प हो चुकी है। अब तक तीन टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। सोमवार को पलामू फाइटर व रेड ड्रैगन के बीच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ा मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीम मजबूत मानी जा रही है। साथ ही खिताब की प्रबल दावेदार है। ऐसे में दर्शकों को एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

# बाघ की गणना को ले झारखंड वन श्रमिक यूनियन का धरना-प्रदर्शन स्थगित

## 25 से 29 दिसंबर के बीच मांगों की पूर्ति नहीं हुई तो 30 से होगा आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड वन श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सिद्धनाथ झा ने अखिल भारतीय बाघ सांख्यिकी कार्यक्रम के मद्देनजर यूनियन की 16 दिसंबर से प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित कर दिया है। उन्होंने पलामू व्याघ्र परियोजना मेदिनीनगर के मुख्य वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक को लिखे पत्र के माध्यम से सूचित किया है। उन्होंने विभागीय कार्यालय के पत्रांक 910, दिनांक 12 दिसंबर 2025 का जिक्र करते हुए कहा है कि यूनियन का 16 दिसंबर से अपनी मांगों के समर्थन में भवदीय के कार्यालय पर आन्दोलन किया जाना था। लेकिन अखिल भारतीय बाघ सांख्यिकी कार्यक्रम के मद्देनजर यूनियन की 16 दिसंबर से प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित कर




दिया गया है। कहा कि अब अखिल भारतीय बाघ सांख्यिकी कार्यक्रम में यूनियन के सभी सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने मुख्य वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक के पत्र के परिपेक्ष्य में कहा कि यदि 25 दिसंबर 2025 से 29 दिसंबर 2025 के बीच यूनियन प्रतिनिधि से वार्ता कर मांगों की पूर्ति नहीं की जाती है तो यूनियन अपने पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक के कार्यालय पर 30 दिसंबर 2025 से धरना व प्रदर्शन में भाग लेने को बाध्य होंगे। इधर पलामू व्याघ्र परियोजना मेदिनीनगर के मुख्य वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक ने झारखण्ड वन श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि वन श्रमिकों के लंबित मजदूरी भुगतान के मामले में यूनियन का 16 दिसंबर से कार्यालय पर रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन

### वन प्रशासन ने लिखा यूनियन को पत्र, कहा : बाघ गणना है महत्वपूर्ण, वन श्रमिकों को कार्य है आवंटित

है। लेकिन भारतीय बाघ सांख्यिकी कार्यक्रम 2025-26 प्रारम्भ होना है। जिसमें पलामू व्याघ्र आरक्ष्य के सभी ट्रैकर, टीपीएफ व दैनिक श्रमिकों का फिल्ड ड्यूटी आवंटित है। यह कार्य करना अनिवार्य है। साथ ही अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। इस अवधि में सभी का उपस्थिति अनिवार्य है। कहा कि झारखण्ड वन श्रमिक युनियन के साथ 25 दिसंबर के पश्चात विचार-विमर्श के लिए तिथि निर्धारित की जायेगी।

# हर परिस्थिति में ऑटो चालकों के साथ कदम से कदम मिलाकर रहेंगे खड़ा : उप महापौर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश डीजल सीएनजी ऑटो चालक महासंघ पलामू व अमृत तेजस जन सेवा संस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के छहमुहान अंतर्गत टेंपो स्टैंड के प्रांगण में विशेष सम्मान समारोह 2025 आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करने व यातायात कानून को सुदृढ़ बनाने में भूमिका निभाने वाले महानुभावों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश सोनी, केंद्रीय महासचिव राकेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर ट्रैफिक प्रभारी सत्येंद्र नाथ दुबे, ट्रैफिक के जवानों, मीडिया से शैलेंद्र तिवारी, राकेश पाठक, अखिलेश पाठक, तौहीद रब्बानी, सिटी न्यूज़ सहित अन्य बन्धुओं, संघ के पलामू संरक्षक सह मेदिनीनगर नगर निगम के उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल




सिंह, नागेंद्र गुप्ता, भरत द्विवेदी, मंटू तिवारी, ट्विंकल गुप्ता उर्फ राजकुमार, अमृत तेजस जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रश्मि देवी, क्रिकेट के क्षेत्र में अंदर 14 खिलाड़ी आयुष प्रताप सिंह सहित सैकड़ो ऑटो चालक, ई- रिक्शा चालकों व मजदूर भाईयों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, मेडल, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके ट्रैफिक इंचार्ज सत्येंद्र नाथ दुबे ने कहा कि ऑटो चालक या कोई भी वाहन चालक जो सभ्यता पूर्वक व ट्रैफिक कानून के अनुसार वाहन का परिचालन करेंगे वैसे चालक भाइयों को मान व सम्मान दिया जाएगा।इनके सहयोग के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। यातायात व्यवस्था बेहतर रहने से आम नागरिकों को कष्ट नहीं झेलना पड़ता है। मौके पर संघ के पलामू संरक्षक मंगल सिंह ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में वे ऑटो चालक भाइयों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं। इनकी सुविधा के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा अवश्य करेंगे। शहर की व्यवस्था व यातायात सुदृढ़ का कदम को मजबूती प्रदान करने को वे सदैव तत्पर रहे हैं। मौके पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि पलामू जिले के ऑटो चालक के हितों के साथ कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। पूरे झारखंड के मेदिनीनगर में बेहतर टेंपो स्टैंड की व्यवस्था है। कहा कि ऑटो चालक के हित में जो कमी रह गई है उसे पूरा करने व धरातल पर उतारने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। केंद्रीय सचिव आकाश भारती ने कहा कि ऑटो चालक के हित में जो भी करना पड़े वे लोग निश्चित रूप से करेंगे। केंद्रीय महासचिव राकेश कुमार सिंह ने कहा कि वे निरंतर 24 घंटा पलामू सहित पूरे झारखंड के यातायात व्यवस्था सुदृढ़ता व चालक, मजदूर व मलिक हित में सदैव तात्पर्य रहेंगे। जहां भी उनकी आवश्यकता पड़ेगी, वे बिना आराम किए निरंतर संघर्ष करेंगे। मजदूरों के सम्मान, स्वाभिमान, अधिकार व राष्ट्र के के रक्षार्थ जरूरत पड़ी तो जान भी देंगे। हर कीमत चुकाने को तैयार रहेंगे।

### महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश सोनी ने केंद्रीय कमेटी को किया भंग

महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से केंद्रीय कमेटी सहित झारखंड के तमाम कमेटी को भंग किया गया। अगले 25 दिसंबर 2025 तक पलामू जिला सहित झारखंड के तमाम जिला व केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष व महासचिव की दावेदारी के लिए सदस्यों को आवेदन प्रदेश कार्यालय व जिला कार्यालय में जमा करेंगे। इससे चुनाव ससमय कराया जा सकेगा। मौके पर आनंद वर्मा, मनीष यादव आकाश भारती उमेश तिवारी मंटू तिवारी पंकज कुमार दुबे राजू दुबे गुड्डू खान आकाश राम सहित सैकड़ों सम्मानित नागरिक शामिल थे।

# पैसे के लालच में पिता ने बच्चे को बेच डाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के डंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने अपने सात दिन के नवजात बच्चे को बेच दिया था। गढ़वा पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पलामू के रेड़मा इलाके में छापेमारी की और बच्चे को रिकवर किया गया। मौके से पुलिस ने बच्चे को खरीदने वाली एक महिला को भी हिरासत में लिया है, जिसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। दरअसल, गढ़वा जिला में डंडा प्रखंड के चप्परदगा के रहने वाले एक पिता ने शनिवार को अपने बच्चे को बेच दिया था। इस बात की जानकारी पुलिस को लग गई। इसके बाद मामले में गढ़वा के डंडा थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने पहल करते हुए मेदिनीनगर के इलाके में छापेमारी की और नवजात बच्चे को बरामद कर लिया। इसके बाद टीम ने बच्चे को सीडब्लयूसी को सौंप दिया। मामले में गढ़वा के थाना प्रभारी दिलीप कुमार बताया कि शनिवार को ही बच्चे को बेचा गया था, जिसे पलामू के रेड़मा इलाके में छापेमारी कर उसे रिकवर किया गया। मौके से बच्चे खरीदने वाले को भी हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही बच्चा बेचने वाले दंपती को भी थाना बुलाया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे को दो लाख रुपये में बेचा गया था। बच्चे के पिता ने बताया कि उनके पहले से ही 3 बच्चे हैं। यह उनका चौथा बच्चा था, जिसकी वजह से उस पर बेचने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। बच्चे बेचने को लेकर मुझे 58 हजार दिया गया था और इसी लालच में आकर बच्चे को बेच दिया।

# भारत ने नेपाल को 10 विकेट से रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारत और नेपाल के बीच जारी भारत-नेपाल दिव्यांगजन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने बेहद शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ भारत ने 'चैंपियन स्पिरिट कप' अपने नाम कर लिया।

अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम, अनगड़ा (उषा मार्टिन विश्वविद्यालय परिसर) में खेले गए मैच में नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। नेपाल की ओर से रमजान अली ने 27 गेंदों में 43 रनों की तेज़तर्रार पारी खेली, जबकि सुखलाल ने 22 और प्रिंस कुमार चौबे ने 17 रन जोड़े। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी




भारतीय टीम की शुरुआत विस्फोटक रही। विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल शर्मा ने नाबाद 63 रन (53 गेंद) और कप्तान सूब्रो जोरदार ने 55 रनों की आतिशी पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने 16।1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 140 रन बनाकर टीम को यादगार जीत दिलाई। शानदार प्रदर्शन के लिए राहुल शर्मा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। भारतीय गेंदबाजों में पहले मैच के स्टार साजिद तंबोली ने एक बार फिर घातक गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर 3 विकेट झटके। महनतेश ने 2 और अकीब मलिक ने 1 विकेट अपने नाम किया। यह सीरीज झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा राउंड टेबल इंडिया झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद समेत कई संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की जा रही है। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने दिव्यांग खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य रात्रि भोज का आयोजन किया।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुटलो गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार लोगों की मौत हो गयी। ये घटना रविवार की शाम की है। इस हादसे की सूचना मिलते ही सिमलौंग आउटपोस्ट की पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों को अस्पताल भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक साहिबगंज-गोबिंदपुर हाइवे में एक ब्रेकडाउन ट्रेक्टर खड़ी थी। बाइक चालक ने आकर ट्रेक्टर में धक्का मार दिया जिस कारण दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटे आयी। आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना सिमलौंग ओपी की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ पहुंचे और सड़क पर गिरे दोनों लोगो को इलाज के लिए लिट्टीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस दोनों मृतकों की पहचान के लिए आसपास के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियो से संपर्क किया और इसकी पहचान कर उसके परिजनों को सूचना देने की अपील की। सिमलौंग आउटपोस्ट प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि कुटलो गांव के निकट के खड़ी ब्रेकडाउन ट्रेक्टर में बाइक चालक ने धक्का मार दिया। जिस कारण दोनों सड़क पर गिर गया था और मिली सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# पीएनबी मेटलाइफ ने बोकारो में नई शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति मजबूत की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एकपीएनबी मेटलाइफ ने बोकारो, झारखंड में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। शाखाओं का उद्घाटन कंपनी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह बीमा को और अधिक सुलभ बनाना चाहती है, ताकि ग्राहकों को जहाँ भी वे हों, पॉलिसी सेवाएँ और भरोसेमंद सलाह उपलब्ध हो सके। समीर बंसल, एमडी और सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ़ ने कहा, विश्वास हमेशा से पीएनबी मेटलाइफ़ के अपने ग्राहकों के साथ संबंधों की नींव रहा है। भारत भर में अब 178 शाखाओं के साथ, हम न केवल अपनी पहुंच का विस्तार कर रहे हैं बल्कि इस भरोसे को और मजबूत कर



रहे हैं कि ग्राहक हर कदम पर हम पर निर्भर कर सकते हैं। हमारा फोकस वहीं उपस्थित रहना है जहां उन्हें हमारी सबसे अधिक ज़रूरत है, सुरक्षा को करीब लाना, उसे सरल बनाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपना वित्तीय भविष्य योजना बनाने में मदद करना। अपनी 178 शाखाओं के अलावा, कंपनी 20,000 से अधिक बैंकएश्योरेंस पार्टनर स्थानों के माध्यम से ग्राहकों तक पहुँचती है, जिससे उसके सुरक्षा और बचत समाधान तक व्यापक और भरोसेमंद पहुँच सुनिश्चित होती है। अपने भौतिक नेटवर्क को विश्वसनीय साझेदारियों के साथ जोड़कर, पीएनबी मेटलाइफ़ लगातार ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा के हर चरण में एक समान, उच्च-गुणवत्ता वाली सेवा का अनुभव और सहयोग प्रदान करता है।

# पचार पहाड़ पर हैं 1600 वर्ष पुराने बौद्ध विहार के अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय से तीन किमी की दूरी पर दक्षिण-पूर्व में पचार पहाड़ है। बता दें कि पहाड़ के ऊपर लगभग 1600 वर्ष पुराने गुप्त कालीन दो-मंजिला बौद्ध विहार के अवशेष मौजूद हैं। यहां पहुंचने पर गुप्त कालीन बनावटें दिखती है। पहाड़ पर कई ऐसी चीजें हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पुरातत्व विभाग इस स्थल पर ध्यान दे तो इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। बताया जाता है कि पचार पहाड़ पर स्थित यह बौद्ध विहार गुप्तकालीन स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का महत्वपूर्ण प्रमाण है। यहां से प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर यह क्षेत्र भारत के समृद्ध इतिहास और प्राचीन धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिद्ध होता है। यदि उचित संरक्षण और शोध किया जाए तो यह स्थल इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। रफीगंज निवासी व पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग के छात्र प्रिंस कुमार बताते हैं कि यह दो-मंजिला बौद्ध विहार गुप्तकालीन ईंटों से निर्मित है। पुरातात्विक अन्वेषण से मालूम होता है कि इस विहार की नींव एक प्राचीन और बड़े स्तूप पर रखी गई थी। बौद्ध विहार में चार कक्ष और एक बरामदा है। इसकी दीवारें 1० फुट से अधिक मोटी हैं। ऊपरी भाग गुप्तकालीन ईंटों से बना है, जबकि निचला भाग कुषाणकालीन ईंटों से निर्मित है। प्रिंस ने बताया कि यहां से भगवान बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं में छोटी-बड़ी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें धर्मचक्र परिवर्तन मुद्रा, ध्यान मुद्रा व भूस्पर्श मुद्रा प्रमुख हैं। एक बौद्ध देवता महाकाल की प्रतिमा भी मिली है। अन्य पुरातात्विक वस्तुओं में रेड वेयर, मृदभांड व पत्थर की पट्टियां शामिल हैं। विहार के आसपास प्राचीन मिट्टी के बर्तनों और ईंटों के अवशेष भी मिले है। बौद्ध विहार के निर्माण में चूना प्लास्टर का उपयोग किया गया है। इसमें कई दीर्घाएं मौजूद हैं। फर्श की संरचना आज भी आश्चर्यजनक है। पूरी बनावट समकोणीय है जो उस समय की उत्कृष्ट वास्तुकला को दर्शाती है। पहाड़ प्राचीन काल से ही शोध का केंद्र रहा है। पचार गांव की तुलना नसेर, गुनेरी और मंडा, भूरहा, दुब्बा, देवकली सहित महत्वपूर्ण बौद्ध पुरातात्विक स्थलों से की जाती है। यह स्थल प्राचीन राजगृह-उरुवेला-सारनाथ मार्ग पर है। इसी मार्ग से भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद बोधगया से सारनाथ गए थे। इसी रास्ते में भूरहा और नसेर भी पड़ता है। भुरहा वहीं जगह है जहां भगवान बुद्ध सारनाथ जाने के क्रम में पहली रात गुजारे थे। प्राचीन काल में यह बोधगया और सारनाथ के बीच एक महत्वपूर्ण मार्ग था। इसके आसपास के गांवों भिक्षणपुरा, कासमा, सरावक, चेव में नवपाषाण काल से मध्यकाल तक के पुरातात्विक साक्ष्य मौजूद हैं। यहां प्राचीन नगर के संकेत भी मिलते हैं। पहाड़ पर पालकालीन गुफा मंदिर भी है, जो 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ को समर्पित है। पहाड़ की तलहटी में स्थित प्राचीन तालाब जिसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट चार जख्मी, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** रेहला शुक्रबाजार रोड में जमीन विवाद को ले दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना रविवार ग्यारह बजे दिन की है। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ ने बताया कि प्रथम पक्ष के संजय प्रजापति, भारत प्रजापति व पिंकी देवी को चोट लगी है। दूसरे पक्ष के विकास कुमार को मामूली चोट आयी थी। इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए मारपीट के एक आरोपी विकास कुमार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नाव पलटने से दो लोगों की गयी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार**। अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दूगापुर पंचायत के गोविंदपुर बहरसाल गांव में आज सुबह एक ऐसी मनहूस घटना घटी जिसने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। महानंदा के पानी से बने एक विशाल पोखर ने, स्नेह के धागे से बंधे एक दादा और उनकी मासूम पोती को हमेशा के लिए छीन लिया।

मृतक की पहचान 49 वर्षीय अशोक मंडल के रूप में हुई है जिनकी दुनिया उनकी दो वर्षीय नन्ही पोती रुचिता मंडल के इर्द-गिर्द घूमती थी। वह छोटी सी जान अपने दादा की आंखों का तारा थी।

मृतक के भाई सुरेश मंडल ने आंखों में आंसू लिए बताया कि मेरा भाई उस बच्ची को पल भर के लिए भी खुद से दूर नहीं रखता था। वह उसका साया बन चुका था।

उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह करीब 9 बजे अशोक मंडल अपनी पोती रुचिता मंडल उम्र दो वर्ष को गोद में लिए मकई के खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में पड़ा था महानंदा की बाढ़ का दिया हुआ वो विशाल पोखर। इसे पार करने के लिए उन्होंने गांव में इस्तेमाल होने वाली टीन की एक छोटी सी नौका का सहारा लिया। शायद नियति को कुछ और ही मंजूर था। पोखर में टीन की वह छोटी सी नाव अचानक पलट गई। ठंड के मौसम में पोखर के गहरे पानी में दादा और पोती दोनों समा गए। बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे अपने स्वजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीण के साथ स्थानीय गोताखोर पिंटु कुमार सिंह, सैफ अली भी घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को खोजने में जुट गये काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव को पोखर से खोज निकाला गया।

# बेटी जन्म लेने पर मिलेगा 21 योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले में बेटी के जन्म को उत्सव और सम्मान से जोड़ने की दिशा में भोजपुर जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। अब जिले में बेटी के जन्म के साथ ही उसको और उसके परिवार को 21 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

इस पहल की शुरूआत कन्या रत्न सम्मान योजना के माध्यम से की जा रही है, जिसका उद्घाटन सोमवार को जिलाधिकारी संदेश प्रखंड से कर रहें है। इस योजना का उद्देश्य न केवल बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना है, बल्कि जन्म के साथ ही परिवार को सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना भी है।

जिला प्रशासन का मानना है कि जब बेटी के जन्म पर परिवार को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिलेगा, तो समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और मजबूत होगी। योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव का आयोजन कर कन्या और उसके अभिभावकों को बेबी किड्स और पौधा से सम्मानित किए जाने के साथ डीएम शुभकामना संदेश भी देंगे।

साथ ही एक ही मंच से संबंधित विभागों के माध्यम से 21 योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे परिजनों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक कुमार रोहित के अनुसार, यह पहल महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी।

विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। पहले दिन लगभग 1200 बच्चियों को इसका लाभ दिया जाएगा।

# लोक समिति की बैठक

## जेपी थे लोक समिति के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सिताब दियरा। छपरा जिला लोक समिति के तत्वावधान में रिविलगंज प्रखंड स्थित जेपी की जन्म भूमि सिताब दियरा में किसान-मजदूरों के साथ बिहार प्रदेश लोक समिति की पदाधिकारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सवलिया गिरी तथा संचालन जेपी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार ने की।

मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने कहा कि लोक समिति लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है। जिसकी स्थापना जेपी ने 30 जून, 1977 को की थी। जेपी खुद लोक समिति के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वर्तमान समय में देश के जाने-माने गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।जिनके कुशल नेतृत्व में लोक समिति बिहार एवं झारखंड सहित कई राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहीं है।

श्री सिंह ने कहा कि लोक समिति अपने स्थापना काल से ही शांन्ति,सत्य- अहिंसा के मार्ग पर रचना और संघर्ष का काम करते हुए,भ्रष्टाचार, महंगाई शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, सिंचाई, शोषण, अन्याय, तिलक- दहेज, पाखंड, अंधविश्वास, शांति- सद्भावना, और बिहार में शराब बन्दी कानून को सख्ती पालन करने के कार्यक्रम चला रहें है।श्री सिंह ने कहा कि बिहार में नयी सरकार बन गयी है। इस सरकार में सभी जनप्रतिनिधियों की मनमानी एवं अफसरशाहीं बढ़ गयी है। पुलिस- प्रशासन में बिना रिश्वत का कोई काम नहीं हो रहा है। जिनपर जनता का नियंत्रण होना बहुत जरूरी है।श्री सिंह ने कहा कि बिहार में बाढ़ और सूखा के कारण किसान- मजदूरों की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। बिहार में खेती- किसानी घाटें का धंधा बन गया है।बिहार में उद्योग- धंधा और कल-कारखानों की कमी है। जिस कारण रोजगार के अभाव में मजदूरों का पलायन हो रहा है।

बैठक में उपस्थित बक्सर जिला लोक समिति के जिला संयोजक कवि हीरालाल ने लोगों को बताया कि किसानों का धान का फसल तैयार है। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी नहीं हो रही है।किसान औने-पौने दामों पर अपना धान बेचकर महंगे खाद और बीज खरीद रहें है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश, शाहाबाद प्रक्षेत्र के गाँधीवादी किसान नेता सुरेश प्रसाद, संत शुकदेव महाराज, आलोक कुमार गिरी, अमित कुमार गिरी, सुरेन्द्र गिरी, जितेंद्र शर्मा, कृष्णा शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, शिवराज गिरी, झमू गिरी, बबलू गिरी, रूपेश कुमार,और श्रीभगवान मल्लाह वगैरह लोंगो ने अपना विचार व्यक्त किये।

# नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका**। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर गोडडा के दो लोगों ने शहर के बंदरजोड़ी निवासी जीवेश राय से 35 लाख रुपया ठग लिया। पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन देकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है।

जीवेश ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि पिछले साल चरण नाम के युवक ने उसकी मुलाकात गोडडा के बसंतराय निवासी राकेश रोशन से कराई। 24 जुलाई 24 को राकेश ने कहा कि उसने आइआरसीटीसी का टेंडर लिया है। इसके लिए फूड और कैमरा विभाग में कुछ लोगों का चयन करना है। उसकी खुद की हेल्थ मार्ट एजेंसी है। इसके संचालक उसके पिता बालमुकुंद झा हैं। इसमें नौकरी देंगे।

नौकरी के बदले में उम्मीदवारों को पैसा देना होगा। यह बात अपने दोस्त और रिश्तेदारों को बताई। सभी की राकेश से मुलाकात कराई। उसने 25 लड़के और लड़कियों का चयन किया और सबसे पैसा भी ले लिया। राकेश के पिता के खाते में करीब 18 लाख रुपया डालने के अलावा पांच लाख नकद भी दिया।

सारे लोगों का एग्रीमेंट भी कराया। इतना ही नहीं सभी का फर्जी आईडी बनाकर 22 अगस्त को प्रशिक्षण के लिए गोडडा बुलाया। पांच सितंबर को गोडडा के शांतिनगर में आफिस उदघाटन पर बुलाया। 17 सितंबर को प्रशिक्षण देने लगा। वहां पर राकेश शराब पीकर गाली गलौज करने लगा। बताया कि सारा काम फर्जी है। जब अपने पैसों की मांग की तो जान से मारने की धमकी दी। तब जाकर पता चला कि सभी लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद कई बार फोन किया, लेकिन फोन उठाना ही बंद कर दिया। वह सारा सामान उठाकर भाग गया है। जीवेश ने पुलिस को बताया कि राकेश पर पहले से गोडडा नगर थाना में ठगी का मामला दर्ज है।

# बालू, शराब और भू-माफिया की अब संपत्ति होगी जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। हरिहरक्षेत्र सोनपुर मेला में अवस्थित अस्थायी पुलिस केंद्र कैंप सोनपुर में नवंबर 2025 का जिला स्तरीय अपराध निरोध गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने जिले के सभी थानाध्यक्षों को हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन तथा गंभीर अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, सोनपुर, मढ़ौरा-1 और मढ़ौरा-2, पुलिस उपाधीक्षक (मु.), पुलिस उपाधीक्षक क्राइम, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, परि. पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी और अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान एसएसपी ने विधि-व्यवस्था, अनुसंधान की गुणवत्ता, कांडों के शीघ्र निष्पादन और सिटीजन सेंट्रिक पुलिसिंग को मजबूती देने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को नो योर पुलिस कार्यक्रम आयोजित करने तथा चयनित बच्चों को थाना भ्रमण कराने का भी निर्देश दिया।एसएसपी ने सभी एसडीपीओ और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि बालू माफिया, शराब माफिया और भू-माफिया की अपराध से अर्जित संपत्ति की जब्ती का प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के आसपास महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अभया ब्रिगेड को हर संभव सहयोग देने का निर्देश दिया। सभी थानों में प्रतिदिन प्लान ड्यूटी और लगातार वाहन जांच अभियान चलाने को कहा गया। वाहन चेकिंग और रात्रि गश्ती के दौरान मास्क, गमछा या मफलर लगाए संदिग्ध व्यक्तियों तथा बाइकर्स गैंग पर कड़ी निगरानी रखते हुए जांच करने को कहा गया। सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि थाना में आगंतुक पंजी संधारित किया जाए और उसमें आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा आगमन का उद्देश्य अंकित किया जाए।

एसएसपी ने निर्देश दिया कि सभी थानों में डायरी राइटिंग कैंप लगाकर लंबित कांडों के निष्पादन की प्रक्रिया तेज की जाए। इसके साथ ही वारंटी के खिलाफ एस-ड्राइव चलाकर वारंट, समन व कुर्की का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। उन्होंने शिकायत-सुझाव पेटी की प्रतिदिन जांच करने, असामाजिक तत्वों की पहचान कर बीएनएस की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने और प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से 2 बजे तक गुंडा परेड कराने का निर्देश दिया। सभी थानाध्यक्षों को प्रत्येक माह न्यूनतम दो कांडों का निष्पादन करने को कहा गया, जिनमें से एक विशेष प्रतिवेदित होना आवश्यक है। सीसीए-12 के तहत प्रत्येक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को कम से कम पांच प्रस्ताव भेजने के लिए भी निर्देशित किया गया। सक्रिय अपराधकर्मियों, जेल से छूटे अपराधियों और फरार अभियुक्तों की सूची को अद्यतन कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए एसएसपी ने कहा कि ईआरएसएस के तहत कंट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतों पर हर हाल में 20 मिनट के भीतर प्रतिक्रिया होनी चाहिए। एसएसपी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी थानों में आने वाले आगंतुकों से नम्र और शालीन व्यवहार रखें।

## शैलेन्द्र की पुण्यतिथि पर रिलीज

# दुल्हनिया नाच नचाये में धूम मचा रहे हैं मनोज भावुक के लिखे गीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। आज गीतकार शैलेन्द्र की पुण्यतिथि है। भोजपुरी की पहली फिल्म ' गंगा मइया तोहे पियरी चढ़इबो ' के सारे गीत शैलेन्द्र ने लिखे हैं। तब, इस फिल्म के गीत रेडियो पर और रिकॉर्ड पर ऐसे गूँजे कि यह फिल्म सिनेमाहाल में कई महीने तक चलती रही। लोग सिनेमाघर तक बैलगाड़ी से, पैदल गये, लेकिन फिल्म देखी जरूर। शैलेंद्र के लिखे इस फिल्म के गीत, जैसे- 'सोनवा के पिंजरा में बंद भइल हाय राम', 'काहें बाँसुरिया बजवल', 'लुक छिप बदरा में चमके जइसे चनवा', 'अब त लागल मोरा सोरहवा साल, लोगवा नजर लगावेला', सब के सब लोकप्रिय हुए और इसमें आप जीवन-दर्शन से लेकर अठखेली और लड़कपन भी देख सकते हैं।

आज के भोजपुरी फिल्म के गीतों ने लोगों को भोजपुरी सिनेमा से ही दूर कर दिया है। ऐसे में गीतकार मनोज भावुक एक उम्मीद की किरण बन कर आये हैं। भोजपुरी सिनेमा पर 13 दिसम्बर की शाम 5.30 बजे और 14 दिसम्बर की सुबह 9.30 बजे फिल्म 'दुल्हनिया नाच नचावे' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर हुआ। इस फिल्म में मनोज भावुक के गीतों ने लोगों का मन मोह लिया है। फिल्म का टाइटल गीत ' दुल्हिनिया नाच नचावे' लोगों के जुबान पर है। ' बेटी खातिर कवन घर आपन ' इतना मार्मिक है कि लोगों की आँखे भर जाती हैं। 'हम जेठानी, तू देवरानी' और ' बनल रहे सुहाग' जैसे पारिवारिक मूल्य वाले गीत भी अच्छे बने हैं।

दरअसल गीतकार मनोज भावुक और संगीतकार रजनीश मिश्रा की जोड़ी जब भी साथ आती है, कमाल ही करती है। बात चाहे, फिल्म मेहंदी लगा के रखना के गीत तोर बउरहवा रे माई की हो या हाल में रिलीज फिल्म ' आपन कहाये वाला के बा ' के सभी गीतों की, इस जोड़ी ने इतिहास रचा है।

मनोज भावुक सिर्फ गीतकार ही नहीं, बल्कि टेलीविजन पत्रकार, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, संपादक और जाने-माने शायर भी हैं। भोजपुरी सिनेमा पर लिखी उनकी पुस्तक ' भोजपुरी सिनेमा के संसार ' उन्हें इस सिनेमा का इनसाइक्लोपीडिया कहा जाने का हक देती है। उन्हें फि ल्मफेयर, फेमिना, दिल्ली प्रेस, भारतीय भाषा सम्मान एवं अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त है।

जहां तक फिल्म की बात है तो फिल्म 'दुल्हिनिया नाच नचावे' एक क्लासिक भोजपुरी फैमिली फिल्म है। कहानी सीधी-सादी बहू ( शुभी शर्मा ) पर ससुराल वालों के जुल्म से शुरू होती है। बाद में सबको नाच नचाने व सबक सिखाने वाली तेज-तर्रार बहू ( स्मृति सिन्हा ) की एंट्री होती है। स्मृति सिन्हा और शुभी शर्मा ने शानदार अभिनय किया है, वहीं अंशुमान सिंह, शिवम तिवारी, कंचन मिश्रा, रामसुजान सिंह, प्रकाश जैस और रिंकू भारती आदि ने भी अपने किरदार के साथ न्याय किया है। फिल्म में प्रीति मौर्या का विशेष अतिथि रोल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता डॉ. संदीप उज्ज्वल और सुशांत उज्ज्वल हैं। फिल्म के लेखक, निर्देशक और संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं। सिनेमैटोग्राफी देवेंद्र तिवारी, एडिटिंग दिनेश प्रजापति, एक्शन हीरा यादव और डांस कोरियोग्राफी विवेक थापा द्वारा की गई है।

# जसुपा की समीक्षा बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा**। एकमा विधानसभा क्षेत्र के विशुनपुरा कला गांव में रविवार को जन सुराज पार्टी की विगत दिनों संपन्न हुई विधानसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पिछले चुनावों के अनुभवों की समीक्षा कर संगठनात्मक मजबूती व आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा।

बैठक में पार्टी नेता विकास कुमार सिंह के साथ पार्टी के शीर्ष कमान द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य नगरनारायण कुशवाहा, सारण जिला अध्यक्ष बच्चा राय, एकमा विधानसभा प्रभारी असरफ रजा खान, अभिषेक महराज, महासचिव संजय सिंह, लहलादपुर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में प्रखंड, पंचायत व बूथ स्तर के पदाधिकारी शामिल रहे।

बैठक के दौरान सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर विगत विधानसभा चुनावों को लेकर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क की स्थिति, बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका और चुनावी परिणामों के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही भविष्य में संगठन को और सशक्त बनाने, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि समीक्षा बैठक का उद्देश्य केवल पिछली कमियों की पहचान करना नहीं, बल्कि उनसे सीख लेकर आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। बैठक में संगठनात्मक एकता व अनुशासन को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया।

बैठक का समापन पार्टी के विस्तार व जन सुराज के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने के आह्वान के साथ किया गया।

# सरकारी राशि निकासी कर रहे निलंबित शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। जिले के शिक्षा विभाग में अनियमितताएं आम बात हो गई हैं। खासकर जब बात पैसे या फंड की हो, तो निलंबित शिक्षक भी लेखापाल और वेंडर के सहयोग से पैसे की निकासी कर लेते हैं और संबंधित पदाधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती।

यह मामला चकाई प्रखंड के रेनुआडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय से जुड़ा है। यहां निलंबित शिक्षक वासुदेव दास ने 60 हजार रुपये की निकासी कर ली है। यह शिक्षक पिछले दो महीनों से निलंबित चल रहे हैं।

पैसे की निकासी के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने पत्र जारी कर निलंबित शिक्षक वासुदेव दास, बीआरसी लेखापाल रतन आचार्य और वेंडर मुकेश दास से स्पष्टीकरण मांगा है।

यह ध्यान देने योग्य है कि स्कूल विकास और बच्चों की विकास राशि को हजम करने का यह खेल पर्दे के पीछे ही रह जाता, यदि ग्रामीण और तदर्थ शिक्षा समिति सतर्क नहीं होती।

स्पष्टीकरण मांगने के बाद शिक्षा विभाग और संबंधित लोगों में खलबली मच गई है। तीन दिन पूर्व, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रेनुआडीह की विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव रूपा मरांडी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर आवेदन दिया था।

इसमें आरोप लगाया गया था कि निलंबित प्रधानाध्यापक वासुदेव दास ने विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से 12 नवंबर को विद्यालय शिक्षा समिति के खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर 60,000 रुपये की अवैध निकासी की थी।

उल्लेखनीय है कि 3 अक्टूबर को ही प्रधानाध्यापक वासुदेव दास को विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निलंबित किया गया था।

## राजद के जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

**लखीसराय**। कबैया थाना पुलिस ने शहर के नया बाजार पचना रोड मोड़ के पास करीब चार माह पूर्व सड़क जाम के एक मामले में नामजद अभियुक्त युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनय कुमार साहू को शहर के वार्ड नंबर 33 लाली पहाड़ी मोहल्ला स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विनय साहू को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कबैया थाना कांड 327/27 के नामजद अभियुक्त शहर के वार्ड 20 किउल बस्ती निवासी अपहृत सिकंदर मंडल के बरामद नहीं होने के विरोध में 31 अगस्त 2025 को पचना रोड मोड़ के पास विनय कुमार साहू और पंकज वर्मा के नेतृत्व में मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया था।

पुलिस द्वारा समझाने के वावजूद पुलिस के साथ धक्का-मुक्की, पुलिस के खिलाफ गाली-गलौज, नारेबाजी की गई। सड़क जाम से आमजन परेशान रहे। पुलिस बल का विरोध कर सरकारी काम में व्यवधान डाला गया था। इस मामले में विनय साहू, पंकज वर्मा सहित आठ लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था।

# फ्लाइटें हुई लेट

**दरभंगा**। दिल्ली से आनेवाली अकासा और कोलकाता की इंडिगो की फ्लाइट विलंब से पहुंची। रविवार को दरभंगा एयरपोर्ट से 16 विमानों का आवागमन हुआ। जानकारी के अनुसार, मुंबई से दरभंगा आनेवाली स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी 334 निर्धारित समय 12 बजे से सात मिनट पहले पहुंच गई।

दिल्ली से दरभंगा आनेवाली अकासा की फ्लाइट क्यूपी 1405 निर्धारित समय 10:50 से एक घंटा विलंब से 11:50 में पहुंची। मुंबई से दरभंगा आनेवाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई628 निर्धारित समय 12:45 से 39 मिनट विलंब से 1:24 में पहुंची।

कोलकाता से दरभंगा आनेवाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई7234 निर्धारित समय 12:20 से एक घंटा दो मिनट विलंब से 1:22 में पहुंची।

# अंतर विवि पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता में बिहार ने छत्तीसगढ़ को पछाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा**। पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में 10 से 15 दिसंबर तक किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की पुरुष वालीबाल टीम ने गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करते हुए अटल बिहारी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ को पराजित कर दिया। 3-0 सेट से शानदार विजय प्राप्त की।

टीम में मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मधुबनी के गुलशन कुमार, आरबीएस महाविद्यालय टेवाई के विश्वजीत कुमार राय, मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मधुबनी के रोहन कुमार, आरबीएस महाविद्यालय टेवाई के आनंद राज, आरसीएस महाविद्यालय मंझौल के गोविंद कुमार, एपीएसएम महाविद्यालय बरौनी के हिमांशु कुमार, मिल्लत शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मधुबनी के रोशन कुमार, मोनू कुमार, आरबीएस महाविद्यालय, टेवाई के अंकित कुमार, सुशांत कुमार, एपीएसएम महाविद्यालय बरौनी के बिट्टू कुमार, एसबीएसएस महाविद्यालय बेगूसराय के निहाल कुमार तथा एपीएसएम महाविद्यालय बरौनी के अमन कुमार ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया।

टोली प्रबंधक डा. नंदकिशोर पंडित ने बताया कि हमारे खिलाड़ी अनुशासन, निष्ठा और लगन के साथ खेल रहे हैं। टीम के मुख्य प्रशिक्षक दंगल कुमार सिंह, प्रशिक्षक शुभम कुमार तथा सहायक प्रशिक्षक संतोष कुमार द्वारा मैच रणनीति बनाई गई।

जीत पर कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहनीय बताते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सफलता की उम्मीद जताई। खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए आगामी मुकाबलों में इसी लय और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने की सलाह दी।

# ट्रक ने मारी बिहार विधान परिषद सदस्य की गाड़ी में ठोकर

## बाल-बाल बचे चालक और अंगरक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा**। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद (एमएलसी) सदस्य बंशीधर ब्रजवासी की गाड़ी को सारण के दीघा-पहलेजा चेक पोस्ट के समीप एक ट्रक ने टक्कर मार दी।इस घटना को लेकर एमएलसी ने इसे साजिशन हमला बताते हुए हत्या के इरादे से अंजाम दिए जाने की आशंका जताई है। गनीमत यह रही कि घटना के समय एमएलसी स्वयं वाहन में सवार नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट करके जानकारी दी है। बताया गया कि एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी अपनी पत्नी के इलाज के सिलसिले में दिल्ली जाने के लिए ट्रेन से रवाना हो चुके थे। पटना जंक्शन पर उन्हें छोड़ने के बाद उनका सरकारी वाहन, अंगरक्षक और चालक के साथ मुजफ्फरपुर लौट रहा था। इसी दौरान सारण के दीघाझ्रपहलेजा चेक पोस्ट के पास एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी का एयरबैग खुल गया। एयरबैग के खुलने से वाहन में सवार अंगरक्षक और चालक की जान बच सकी। हालांकि, वाहन को भारी क्षति पहुंची है। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।

घटना को लेकर एमएलसी ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि दीघा पुल पर ट्रकों का परिचालन प्रतिबंधित है, इसके बावजूद ट्रक कैसे पुल और चेक पोस्ट के पास तक पहुंचा। यह लापरवाही है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने इस घटना की जानकारी सारण के एसएसपी डॉ. कुमार आशीष को फोन पर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक की पहचान, ट्रक के परिचालन की अनुमति और घटना के पीछे की मंशा की जांच की जा रही है।

इस घटना के बाद जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा व्यवस्था और पुल पर ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। एमएलसी ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई जा सकती हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गया औद्योगिक कोरिडोर से 1.10 लाख को मिलेगा रोजगार : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** डोभी में बनने वाले औद्योगिक कोरिडोर के लिए जून तक पूरी जमीन अधिग्रहित हो जाएगी जब बनकर तैयार हो जाएगा तो करीब 1.10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। डोभी, शेरघाटी और बोधगया एनसीआर के रूप में विकसित करेगा। इसके अलावा गया जी शहर के विकास और व्यावासियों के लिए कई महत्वपूर्ण काम होने वालेहैं। उक्त बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को अभिनंदन समारोह में कहीं। सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शहर के एक निजी होटल में आयोजित समारोह में डॉ. कुमार ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स की पहल पर सड़कों का वर्गीकरण ठीक कराकर नगर निगम का टैक्स कम कराया। गया जी की वजह से पूरे बिहार को लाभ मिला। कहा कि जाम को लेकर अतिक्रमण हटाया गया। अवैध बस और ऑटो पार्किंग स्थल को बंद कराया। अतिक्रमण हटाने के साथ ही केपी रोड से होने वाले नाजायज आदमनी को बंद कराया। वेंडिंग जोन बनेगा। जाम से निजात के लिए तीन फ्लाई ओवर का निर्माण होगा। विस अध्यक्ष ने कहा सूबे में गया जी का चैंबर ऑफ कॉमर्स सबसे बढ़िया व महत्वपूर्ण है। 1990 से चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ रहा हूं, आगे भी साथ रहूंगा। गया जी के साथ व्यावसायियों के विकास के लिए लगातार काम होता रहेगा।



ऐतिहासिक जीत हासिल कर विधानसभा अध्यक्ष बनेन पर विधायक डॉ. प्रेम कुमार का रविवार को भव्य अभिनंदन किया गया। सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शहर के एक निजी होटल में विस अध्यक्ष के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तल ेविभिन्न व्यावसायिक संगठनों ने विस अध्यक्ष का अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल और संचालन संरक्षक डॉ. कौशलेंद्र प्रताप ने किया। इस मौके पर चैंबर के महासचिव सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष संजय भारद्वाज, डी के जैन,प्रमोद भदानी, बाल किशन भारद्वाज, आलोक नंदन, राजेश झुनझुनवाला, बुलियन एसो.की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार बरनवाल, सचिव संजय वर्मा, दवा विक्रेता संघ की ओर से संजय जमुआर, आनंद कुमार मंटू , प्रेम नारायण पटवा, शिरीष प्रकाश व शुभ्रा गुप्ता सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मंत्री नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# नितिन नवीन कर्मठ, जुझारू और मेहनती नेता : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की खबर की सूचना मिलते ही बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का दौर शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल और नगाड़े की थाप पर झूमे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी और जमकर मिठाईयां बांटी गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहली बार बिहार के किसी नेता को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व निभाने का मौका मिला है। इधर, बिहार भाजपा के अध्यक्ष और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हाल में एनडीए की मिली प्रचंड जीत का तोहफा बिहार को मिला है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश के किसी नेता को पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार के मंत्री नितिन नवीन कर्मठ, जुझारू और मेहनती नेता हैं जिनका इनाम आज इन्हें इतना बड़ा दायित्व देकर पार्टी ने दिया है। नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नितिन नवीन को हृदय से अभिनंदन एवं असीम शुभकामनाएं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नवीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन को राष्ट्रीय फलक पर नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा करोड़ों कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महती भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नितिन नवीन के कार्यकाल के लिए ढेरों मंगलकामनाएं भी दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि नितिन नवीन की पहचान राजनीति के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में रही है। वे 14 वर्षों से पटना में श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के माध्यम से भव्य रामनवमी के आयोजन करते रहे हैं।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधार की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पूर्णिया के सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता विजय कुमार श्रीवास्तव ने बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को पत्र भेजकर बिजली बचत के हित में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि विकास आयुक्त, ऊर्जा विभाग के सचिव तथा बिहार विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को भी भेजी है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस हर वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, लेकिन बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में दिन के समय स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं और रात में अंधेरा रहता है। इससे जहां अनावश्यक बिजली की खपत हो रही है, वहीं स्ट्रीट लाइटें जल्दी खराब हो जाती हैं और नगर निकायों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है जिससे ऊर्जा संरक्षण दिवस की भावना का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइटों को सूर्योदय के बाद बंद और सूर्यास्त के बाद जलाने की कोई व्यवस्थित व्यवस्था दिखाई नहीं देती। यह स्थिति दुखद और आपत्तिजनक है। स्ट्रीट लाइटों की निगरानी के लिए एप आधारित और टाइमर युक्त सेंट्रल मॉनीटरिंग सिस्टम को शीघ्र लागू करने की आवश्यकता है। रात में अंधेरा रहने से आम नागरिकों को परेशानी होती है और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलता है। पत्र में सुझाव दिया गया है कि आक्टोगोनल स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बैटरी चोरी रहित सोलर लाइट सिस्टम लगाने, पुराने स्ट्रीट लाइट सिस्टम को बदलने तथा प्रशासन और विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। विजय कुमार श्रीवास्तव ने यह भी मांग की कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिनमें पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, बहस, संगोष्ठी, कार्यशाला, जागरूकता रैली और ऊर्जा बचत की शपथ जैसे कार्यक्रम शामिल हों। ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की संस्था ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी की सहायता लेने का भी अनुरोध किया गया है। उन्होंने बिजली बचत के हित में उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

### बांकीपुर और पटना साहिब विधानसभा में 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' आयोजित

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपरांत बांकीपुर और पटना साहिब विधानसभा में 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में भाजपा के कार्यकर्ता, कई गणमान्य लोग और मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी कार्यकर्ताओं के अलावा बिहार के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की जीवित पहचान हैं और प्रत्येक जीत का पहला प्रमाण है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बने समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान और उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करने से बड़ी खुशी और कुछ नहीं हो सकती है। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और विश्वास ही एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बिहार के विकास एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ाने का अब उत्तरदायित्व भी हम लोगों का है। उन्होंने दावा किया कि इस उत्तरदायित्व को भी हम निभाएंगे। भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि हम सभी मिलकर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए बिहार के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ेंगे। यह विजय कार्यकर्ताओं की मेहनत, जनता के विश्वास और विकासोन्मुखी राजनीति की जीत है। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि जन-जन के लिए समर्पित सरकार के अनुशासन और क्षेत्र में विकास की मजबूत बागडोर भी हमारे कार्यकर्ताओं से संभव है।

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने समारोह में आये कार्यकर्ताओं के उत्साह, समर्पण और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा को नमन करते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ और शक्ति हैं। उनके परिश्रम और संकल्प से ही संगठन निरंतर मजबूत होता है और जनसेवा का संकल्प साकार होता है। समारोह में सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद विवेक ठाकुर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बिहार के मंत्री नितिन नबीन, विधायक रत्नेश कुशवाहा, संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, अमृता भूषण राठौड़, प्रवक्ता अरविंद सिंह, सुषमा साहू, प्रभाकर मिश्रा, संजीव मिश्रा, पटना जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, जिला प्रभारी सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन ने किया 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फ्रेजर रोड स्थित यूथ हॉस्टल से गांधी मैदान के गांधी मूर्ति स्थल तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन के बैनर तले निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एनजीओ हेल्पलाइन सूचना शक्ति के संस्थापक-निदेशक, अर्थशास्त्री एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट पंडित संजय कुमार झा ने युवाओं को झंडी दिखा कर विदा किया। अपने संबोधन में



सीए झा ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत केवल सरकारी योजनाओं से नहीं बनेगा, बल्कि ईमानदार, जागरूक और संकल्पबद्ध युवाओं से बनेगा। आज का युवा यदि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करे, अंतिम व्यक्ति तक सोचकर योजनाएं बनाए और नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बने तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला सम्मान और युवा सशक्तिकरण है। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी विचारक प्रेम जी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत की नींव आत्मनिर्भरता पर टिकी है जब तक युवा अपने पैरों पर खड़ा नहीं होगा, तब तक देश पूर्ण रूप से विकसित नहीं होगा। गांधीजी के विचार-सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और सेवा, आज भी विकसित भारत के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु संकल्प दिलाते हुए सामाजिक सेवा, स्वदेशी सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर प्रमोद चंद्रवंशी ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व एवं संसदीय बोर्ड द्वारा बिहार के समर्पित पार्टी कार्यकर्ता से नेता बने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन सिन्हा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बिहार के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा संसदीय बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। इसे बिहार के लिए गौरव का दिन बताया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी द्वारा कहा गया कि



भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो साधारण कार्यकर्ता को भी संगठन और सत्ता के सर्वोच्च पदों तक पहुंचाने का अवसर देती है। नितिन नवीन का राजनीतिक सफर इस बात का प्रमाण है कि पार्टी में परिश्रम, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान किया जाता है। मृदु भाषा, सरल व्यक्तित्व और कार्यकर्ताओं के प्रति हमेशा समर्पित रहने वाले नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दिया गया है कि एक साधारण कार्यकर्ता भी किसी भी ऊंचे पद तक पहुंच सकता है। बताया गया कि नितिन नवीन एक कुशल संगठनकर्ता और सफल नेतृत्वकर्ता रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पार्टी को बड़ी सफलता मिली थी। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ बिहार ही नहीं, पूरे देश को मिलेगा। आगामी बंगाल चुनाव में भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा क्योंकि बंगाल में बिहार के करोड़ों लोग निवास करते हैं। उनके नेतृत्व में बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव समाप्त होगा और वहां कमल खिलेगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी ने कही।

# रात में औचक निरीक्षण करने पहुंचे कृषि मंत्री, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज सिवान जिले के चैनपुर में खाद दुकान का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उनके द्वारा दिए गए विभागीय निर्देशों के तहत किया गया था जिसमें शनिवार और रविवार को मुख्यालय छोड़ कर फील्ड में जाकर स्थिति का जायजा लेने की बात कही गई थी। औचक निरीक्षण के दौरान सिवान के जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार के साथ स्थानीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। मंत्री राम कृपाल यादव ने खाद की कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर विक्री के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा किसान हमारे राज्य की रीढ़ हैं। अगर कोई खाद की कालाबाजारी करता है या उसे अधिक मूल्य पर बेचता है, तो हम उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करेंगे। किसानों का शोषण करने वाला चाहे कोई भी हो, कितना भी बड़ा हो, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। हम ऐसी सजा देंगे कि उसकी आने वाली पीढ़ियां भी किसानों के साथ गलत करने से पहले सौ बार सोचेंगी। यह औचक निरीक्षण कृषि मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का पालन था जिसके तहत किसान हित में हर संभव कदम उठाने की योजना बनाई गई है। मंत्री ने सिवान जिले में किसानों के बीच खाद की सही आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने का निर्देश भी दिया। उन्होंने इस अवसर पर किसानों से अपील की कि वे खाद की गुणवत्ता और कीमत पर नजर रखें और किसी भी अनियमितता के बारे में तुरंत सूचित करें।

# वोट चोरी का आरोप लगा कांग्रेस कर रही है देश के मतदाताओं का अपमान : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने रविवार को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार मिल रही चुनावी हार की हताशा में वोट चोरी का अनर्गल आरोप लगा रही है। एक तरह से यह देश के मतदाताओं का अपमान है। कांग्रेस की रैली का मकसद घुसपैठियों और अवैध रूप से भारत में रह रहे बंगलादेशियों का बचाव करना है। बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने एसआईआर के विरोध में यात्रा निकाली थी। मगर बिहार के मतदाताओं ने कांग्रेस की मिट्टी पलीद कर दी। श्री पांडेय ने कहा कि दरअसल कांग्रेस एस आई आर के विरोध के बहाने घुसपैठियों का संरक्षण करना चाहती है। कांग्रेस की मंशा बंगलादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के जरिए देश में अराजकता पैदा करना चाहती है। एस आई आर के जरिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण भारत के चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार है। मगर कांग्रेस चुनाव आयोग और देश के प्रधानमंत्री पर वोट चोरी का निराधार आरोप लगा कर देश के लोकतंत्र और मतदाताओं का अपमान कर रही है।

# ऐतिहासिक रही वोट चोर गद्दी छोड़ रैली : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में देश भर से कांग्रेसजन पहुंचे और इस ऐतिहासिक रैली से भाजपा और चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही वोट चोरी पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने जमकर हुंकार भरी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार से हजारों की संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थकों ने रैली में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया और इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारी



विचारधारा सत्य और अहिंसा पर आधारित है जबकि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा केवल सत्ता प्राप्ति की है। हम सत्य के साथ खड़े होकर फासीवादी सोच की उपज भाजपा के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहें हैं और इन ताकतों को सत्ता से उखाड़ फेंक कर ही दम लेंगे। बिहार में चुनाव में अपनी हार को देखते हुए भाजपा ने एसआइआर किया और फिर भी हार भांप कर वोटर्स को दस हजार लोन के रूप में अकाउंट में डालने का काम किया जो आदर्श आचार संहिता के खिलाफ थी बावजूद चुनाव आयोग ने चुप्पी साध ली। बिहार के जनमत को चुनाव आयोग और पैसे के दम पर प्रभावित किया गया। बिहार के सभी कांग्रेस नेताओं का उन्होंने विशेष आभार जताते हुए कहा कि हमने बिहार में इनकी वोट चोरी के तंत्र से मजबूती से लड़ाई लड़ी और चोरी को उजागर किया और आज दिल्ली में अपनी ताकत का प्रदर्शन भी किया।

# शांति व सद्भावना के लिए आध्यात्म ज्ञान का प्रचार जरूरी : सतपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** विश्व में शांति और सद्भावना के लिए अध्यात्म ज्ञान का बेहद जरूरी है। अध्यात्म ज्ञान के प्रचार से ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। परमात्मा के नाम का निरंतर भजन-सुमिरन ही नकारात्मक और विनाशकारी सोच को समाप्त कर सकता है। उक्त बातें उत्तराखंड सरकार के मंत्री व आध्यात्मिक गुरु श्री सतपाल महाराज ने रविवार की शाम गया जी में कहीं। गया कॉलेज खेल परिसर में मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा बिहार प्रांत की ओर से आयोजित दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह के समापन पर प्रवचन करते हुए महाराज जी ने कहा कि जब व्यक्ति भजन करता है और शांत रहता है तो उसके परिवार में शांति होती है। यही शांति समाज, जिला, प्रदेश से लेकर पूरे देश में फैलती है। उन्होंने इसे जीवन की सच्ची कमाई बताया और कहा कि हमें कर्मों को छोड़कर प्रभु के नाम का भजन करना चाहिए। श्री महाराज ने पर्यावरण पर भी अपन ेविचार रखे। उन्होंने कहा कि सूर्य का प्रकाश जब पेड़ों के हरे पत्तों पर पड़ता है तो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया होती है जिससे कार्बन डाइऑक्साइड ऑक्सीजन में परिवर्तित होती है। इसीलिए अधिक से अधिक पौधरोपण की जरूरत है।

# एलन के सक्सेस पॉवर सेशन में शामिल हुए 6 हजार से अधिक स्टूडेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना की ओर से टैलेंटेक्स व स्पार्क परीक्षाओं का प्रतिभा सम्मान सक्सेस पॉवर सेशन के रूप में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। टैलेंटेक्स और स्पार्क परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बिहार की 1200 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं जोनल हेड डॉ.विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में




बिहार में एलन पटना की स्थापना के सफलतम दो वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में भी एलन पटना के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सरस्वती मैडल से सम्मानित किया गया। वहीं फाउंडेशन कोर्स शामिल कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए शैक्षणिक व साइकोलॉजिकल सेशन का आयोजन कर मार्गदर्शन दिया गया। एलन टैलेंटेक्स में क्लासवाइज टॉप करने वाले पटना के 180 विद्यार्थियों को कैश रिवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप देकर कॅरियर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा की गई। वाइस प्रसीडेंट व जोनल हेड डॉ.विपिन योगी ने कहा कि एलन पटना में अभिभावकों व विद्यार्थियों के अपार स्नेह के बाद अब मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मोतिहारी, पूर्णिया, भागलपुर और गयाजी में भी एलन सेंटर्स शुरू हो गए हैं और एडमिशन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इन स्थानों पर 20 दिसम्बर तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती शुल्क पर प्रवेश दिया जाएगा। स्पार्क व टैलेंटेक्स की स्कॉलरशिप के साथ यह दोहरा लाभ एलन का नये साल का नया तोहफा होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें तराशने की आवश्यकता है और इसके लिए एलन हर कदम पर उनके साथ है। विद्यार्थियों की मेहनत और एलन की एक्सपर्ट फैकल्टीज का मार्गदर्शन बिहार के विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण में कारगर प्रयास साबित होगा। एलन स्टूडेंट इमोशनल वेलबीईंग नेशनल हेड डॉ.हिमांशु शर्मा ने पेरेंटिंग सेशन लेते हुए अभिभावकों को बच्चों की परवरिश और पढ़ाई में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने पेरेंटिंग टिप्स देते हुए अभिभावकों को जागरूक किया। विशाल केजरीवाल ने फाउंडेशन कोर्स और ओलंपियाड की तैयारियों के लिए कहा कि जल्दी तैयारी से कॅरियर निर्माण समय पर होता है। हर ओलम्पियाड में एलन स्टूडेंट्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर सेंटरहेड चेतन शर्मा ने कहा कि एलन में सत्र 2026-27 की मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारियों के लिए एडमिशन शुरू हो चुके हैं। बैच की घोषणा के साथ ही एलन में एडमिशन को लेकर बिहार के विद्यार्थियों में उत्साह नजर आ रहा है।

CMYK

# संपादकीय

## संतुलन का तकाजा ! ट्रेड डील पर समानता आधारित समझौते की अपेक्षा

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के संबंध में कुछ सकारात्मक संकेत सामने आ रहे हैं, लेकिन इस बीच कुछ आशंकाएं भी जताई जा रही हैं कि क्या इस बातचीत में परस्पर समानता पर आधारित हित सुनिश्चित होने और एक संतुलित समझौते की राह साफ होगी। गौरतलब है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की कोशिश के तहत अमेरिकी दल वार्ता के लिए भारत में है। इसी बीच अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर ने कहा कि व्यापार समझौते के संदर्भ में भारत की ओर से 'अब तक के सबसे अच्छे प्रस्ताव' मिले हैं।माना जा रहा है कि इस बयान का उद्देश्य अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क से उपजे गतिरोध को दूर करने की कोशिश करना है। इसकी वजह यह है कि एकतरफा और मनमानी शुल्क नीति के जरिए दबाव बनाने की कोशिश के समांतर व्यापार समझौते के लिए वार्ता में सकारात्मक नतीजों की उम्मीद नहीं की जा सकती। फिर व्यापार वार्ता में गतिरोध की एक मुख्य वजह ही अमेरिका की नई शुल्क नीति रही है। इसलिए यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर अमेरिका के रुख में कितना बदलाव आ पाता है।दरअसल, व्यापार वार्ता के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के मद्देनजर जारी कोशिशों के तहत ही भारत और अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते का सवाल अब एक मुख्य बिंदु है। इससे पहले अमेरिका का रवैया आमतौर पर यही सामने आ रहा था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो, लेकिन उसकी शर्तों पर। इसी क्रम में उसने शुल्क लगाने के फैसले को दबाव के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया। उसकी यह मंशा अधूरी रही, क्योंकि नुकसान की तमाम आशंकाओं के बावजूद भारत ने इस मसले पर अपना स्वतंत्र रुख बरकरार रखा।इसके बावजूद, यह हकीकत है कि अमेरिका के शुल्क लगाने से उपजी परिस्थिति अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य पर विपरीत प्रभाव तो डाल ही रही थी। भारत के सामने भी कुछ चुनौतियां खड़ी होने की आशंका बनी रहीं। इसलिए भारत ने थोड़ा व्यावहारिक नीति पर आगे बढ़ते हुए अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने में रुचि दिखाई है, लेकिन इसके पीछे समानता आधारित समझौते की अपेक्षा भी है।अमेरिकी शुल्कों में कटौती, भारतीय उत्पादों के अमेरिकी बाजार में आसान प्रवेश, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी, दवा और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि व्यापार वार्ता के मुख्य मुद्दों में शामिल हो सकते हैं। मुश्किल वहां आ सकती है, जिसमें अमेरिका भारत से कृषि, डेयरी और डिजिटल नीति के संदर्भ में कई महत्त्वपूर्ण रियायतों पर जोर दे रहा है।

# देश की राजधानी किसी बुरे सपने से कम नहीं है, प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका

**सरकारी नजरिए से देखें तो राजधानी दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों में प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका है। हर साल सर्दी का मौसम आते ही दिल्ली का इलाका गैस चैंबर बन जाता है। इस बात से सत्तारुढ़ और विपक्षी दल अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोरी बयानबाजी के अलावा लोगों को उनके हाल पर छोड़ रखा है। देश में वोट बैंक की राजनीतिक के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण जैसे मुद्दे हाशिए पर धकेले जाते रहे हैं। राजनीतिक दल इसे समस्या तो मानते हैं किन्तु इसके स्थायी निदान के लिए न तो कोई कार्ययोजना है और न ही इच्छाशक्ति। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र भीषण प्रदूषण की मार झेल रहा है। यही वजह है कि प्रदूषण की भयावहता तमाम क्षेत्रों में तरक्की को मुंह चिढ़ा रही है। सरकारों और राजनीतिक दलों की बला से प्रदूषण प्रभावित इन क्षेत्रों के करोड़ों लोगों बेशक तिल–तिल करके मरते रहें। इसके विपरीत नेताओं का सरोकार सिर्फ चुनाव जीतने भर तक सीमित रह गया है। सत्तारुढ़ और विपक्षी दल इस मुद्दे पर चिंता जताने तक सीमित हैं।**

(योगेंद्र योगी)

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में विपक्ष के कुछ सांसदों ने अपने चेहरों पर मॉस्क लगाया और प्रदूषण के खिलाफ नारे लिखे तख्खियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों का नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किया। एक बैनर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर थी जिस पर लिखा था मौसम का मजा लीजिए।

सरकारी नजरिए से देखें तो राजधानी दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों में प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका है। हर साल सर्दी का मौसम आते ही दिल्ली का इलाका गैस चैंबर बन जाता है। इस बात से सत्तारुढ़ और विपक्षी दल अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोरी बयानबाजी के अलावा लोगों को उनके हाल पर छोड़ रखा है। दिल्?ली का औसत एक्?यूआई लेवल 377 तक दर्ज हो चुका है। ऐसे में लोगों को सांस लेने में दिक्?कत और आंखों में जलन की समस्?या देखने को मिल रही है। आनंद विहार, बवाना, चांदनी चौक जहांगीर पुरी, जवाहरलाल नेहरू स्?टेडियम और नेहरू नगर में एक्?यूआई लेवल 400 के पार तक पहुंच गया। दिल्?ली की हवा में घुला जहर कम कब होगा। इस सवाल का जवाब इस समय शायद किसी के पास नहीं है। शायद इसीलिए डॉक्?टरों ने साफ कह दिया है कि बच्?चों की सेहत ठीक रखना चाहते हैं, तो कुछ दिनों के लिए दिल्?ली छोड़ दीजिए।



दिल्ली में एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट के लिए डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण के बड़े कारण ट्रांसपोर्ट, पराली है। गाड़ियों से फैले प्रदूषण का हिस्सा 18.42 प्रतिशत था। आंकड़ों के हिसाब से 16.31प्रतिशत प्रदूषण के अन्य सोर्स हैं, जिसमें आतिशबाजी, डीजल जनरेटर जैसे सोर्स शामिल है। शादियों के सीजन की वजह से आतिशबाजी हो भी रही हैं। अगले तीन दिन इन अन्य सोर्स का प्रदूषण का हिस्सा और बढ़कर 43.4प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। दिल्ली में एक्यूआई 400 तक के खतरानक स्तर को छू चुका है, जो वायु प्रदूषण की गंभीर हालत दिखाता है। वहीं मुंबई में भी ये 200 के करीब पहुंच गया था, जिसके बाद वहां ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप 4) लागू किया गया। हालांकि दिल्ली में अभी ग्रैप 4 लागू नहीं किया गया। उल्टे दिल्ली एनसीआर में 26 नवंबर को ग्रैप 3 की पाबंदियां भी वापस ले ली गई थीं। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। देवनार, मलाड, बोरीवली, अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाकों में प्रदूषण की खराब स्थिति के बाद ये फैसला लिया गया था।

दिल्ली में प्रदूषण पराली जलने, वाहनों के धुएं और कारखानों से निकलने वाला कार्बन उत्सर्जन जिम्मेदार है। हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ने से हालात और खराब हो जाते हैं। हालांकि मुंबई और अन्य समुद्री इलाकों में प्रदूषण की स्थिति बेहतर रहती है, क्योंकि वहां हवा चलने के कारण प्रदूषणकारी तत्व शहर से दूर चले जाते हैं। मुंबई में मेट्रो, फ्लाईओवर जैसे बड़े निर्माण कार्य, वाहनों की बढ़ती तादाद और कचरा जलाने जैसी वजहों से हालत बिगड़ी है। मुंबई जैसे समुद्री इलाकों में एक्यूआई बढ़ना खतरे की घंटी है। मुंबई में ग्रैप-4 की पाबंदियों के बाद एक्यूआई 150 से नीचे आ गया, जबकि दिल्?ली की हवा में अब भी दम घुट रहा है। मुंबई की हवा अब सांस लेने लायक हो गई है। यहां कई जगह एक्?यूआई लेवल 100 के आसपास हो गई। हालांकि, दिल्?ली में एक्?यूआई लेवल अब भी कई जगह 400 के पार है। हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में एक्यूआई स्तर 150 से नीचे आने में मदद मिली।

दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था आईक्यूएआईआर की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली इस सूची में पहले स्थान पर रही। जबकि दूसरे स्थान पर उज़्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद 251 के एक्यूआइ के साथ दर्ज है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान का लाहौर (एक्यूआइ 215), चौथे पायदान पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका 211, एक्यूआइ के साथ है। भारत का कोलकाता भी 211 के एक्यूआइ के साथ पांचवें स्थान पर है। देश की राजधानी दिल्ली में एयर इमरजेंसी है। राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बन गई है। राजधानी दिल्ली हांफ़ रही है, खांस रही है। दिल्ली की हवा ज़हरीली हो गई है। दिल्ली में हर व्यक्ति हर पल अपने फेफड़ों में ज़हर भर रहा है। दिल्ली को डिटॉक्स करने की ज़रूरत है। दिल्ली-एनसीआर इलाके की इन दिनों जैसे बस यही पहचान बन गई है। देश ही नहीं दुनिया भर के अख़बारों-समाचार चैनलों, वेबसाइट्स में दिल्ली की हवा सुर्ख़ियों में है। दिल्?ली एनसीआर में इस समय धुंध नहीं बल्कि, हवा में मौजूद धूल के कारण है, वो धूल जो कभी कंस्ट्रक्शन की वजह से कभी पोल्यूशन की वजह से कभी पराली की वजह से घटना हो रही है।

ये लटके हुए कण जो धूल के हैं ये पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण इसमें शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि एक दिन की दिल्ली की हवा में सांस लेना करीब 50 सिगरेट के पीने के बराबर है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दिल्ली की हवा का क्या हाल है। रोज पीने-उपयोग करने वाला भूजल भी अब दिल्ली में सुरक्षित नहीं बचा है। केंद्रीय भूमिजल बोर्ड की नई रिपोर्ट बताती है कि इस पानी में यूरेनियम जैसे खतरनाक तत्वों के साथ नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक तक मिला हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि राजधानी के कई हिस्सों से लिए गए भूजल के नमूनों में यूरेनियम की मात्रा सामान्य सीमा से कहीं अधिक पाई गई। यूरेनियम धीरे-धीरे शरीर में जमा होता है और गुर्दों, हड्डियों और शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुँचा सकता है।

रिपोर्ट में साफ हुआ कि पानी में नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक भी पाया गया है। नाइट्रेट ज़्यादातर गंदे पानी और खाद से जमीन में रिसकर आता है। फ्लोराइड बढ़ने से दाँत और हड्डियाँ कमज़ोर होने लगती हैं। लेड शरीर के दिमागी विकास पर भारी असर डालता है और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है। नमक और घुले पदार्थ ज्यादा होने से पानी पीने लायक नहीं रह जाता और पाचन व गुर्दों पर दबाव पड़ता है। दिल्ली में लगातार ज़्यादा गहराई तक बोरिंग होने लगी है, जिससे ऐसे हिस्सों का पानी ऊपर आ रहा है जहाँ मिट्टी में खुद ही खनिज और भारी तत्व मौजूद रहते हैं। दूसरी ओर, सीवर रिसाव, गंदे पानी का जमीन में घुसना और रासायनिक कचरे का सही निस्तारण न होना भी भूजल को ज़हरीला बना रहा है। जमीन रिचार्ज होने की जगह घट गई है और पानी अपना प्राकृतिक संतुलन खो रहा है।

दिल्ली में हवा और पानी दोनों ही गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के साथ-साथ जल प्रदूषण भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। दिल्ली में हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है और यमुना में झाग भी बनने लगते हैं। कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी में सफेद झाग दिखाई दिए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह झाग पानी में मौजूद फॉस्फेट, डिटर्जेंट और औद्योगिक अपशिष्टों के कारण बनता है। यह न सिर्फ नदी के पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक है। सवाल यही है कि आखिर देश की राजधानी दिल्ली वायु–जल प्रदूषण को लेकर और कितनी रसातल तक जाएगी। आखिर नेताओं और सरकारों की कुंभकर्णी नींद कब खुलेगी। चुनी हुई सरकारों से उम्मीद की जाती है कि जनहित का ख्याल रखेंगी। इस लिहाज से दिल्ली किसी बुरे सपने से कम नहीं है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## पुतिन ने पाकिस्तान को कहीं का नहीं छोड़ा, 40 मिनट में हालत कराची के ल्यारी जैसी कर दी



(अभिनय आकाश)

पुतिन ने पाकिस्तान के साथ जो किया है उसे देखकर आज पूरा भारत कुछ ऐसा ही करेगा। दरअसल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशकाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शांति और विश्वास मंच की एक बैठक में पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी।

किसी शख्स ने कभी कहा था कि दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। पहले धुरंधर और दूसरे बंदर। यह कहावत अचानक इसलिए याद आ गई क्योंकि पाकिस्तान के कुछ लोग बोल रहे हैं कि धुरंधर फिल्म की स्क्रिप्ट पीएम मोदी ने लिखी है। लेकिन चलिए आप इन लोगों को छोड़िए। हम तो आज बात दुनिया के सबसे तगड़े धुरंधर राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन की करेंगे। पुतिन ने पाकिस्तान को कहीं का नहीं छोड़ा। व्लादमीर पुतिन ने 40 मिनट में पूरे पाकिस्तान की हालत कराची के लियारी जैसी कर दी। यानी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। पुतिन ने पाकिस्तान के साथ जो किया है उसे देखकर आज पूरा भारत कुछ ऐसा ही करेगा। दरअसल रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशकाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शांति और विश्वास मंच की एक बैठक में पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी।

रूस के राष्टपति व्लादमीर पुतिन से मिलने की बेताबी ऐसी थी कि उसने पूरी दुनिया के सामने उन्हें शर्मिंदगीगी का चेहरा बना दिया। दरअसल मामला तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशबाद का है। जहां शांति और विश्वास पर आयोजित एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कई दिग्गज नेता मौजूद थे। शबाज शरीफ को उम्मीद थी कि उनकी पुतिन से मुलाकात होगी। लेकिन हुआ ठीक उल्टा। पुतिन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को करीब 40 मिनट तक इंतजार करा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि शहबाज शरीफ अपने मंत्रियों के साथ पुतिन का इंतजार कर रहे हैं और यह इंतजार 40 मिनट तक चला। हालांकि शहबाज शरीफ की बेचैनी यहीं नहीं रुकी। जब तय वक्त पर पुतिन मीटिंग के लिए नहीं पहुंचे तो शहबाज शरीफ खुद उस हॉल की तरफ बढ़ गए जहां रूस के राष्टपति व्लादमीर पुतिन और तुर्की के राष्टपति एदोगन की बैठक चल रही थी। अब सोचिए एक प्रधानमंत्री का इस तरह दर-दर भटकना अंतरराष्ट्रीय मंच पर शायद ही पहले देखा गया हो। अच्छा आपको बता दें यह पहला मौका नहीं है जब शबाज शरीफ को इस तरह की फजीहत झेलनी पड़ी हो। इससे पहले चीन के तियांजन में एसइओ समिट के दौरान भी कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला था।

यहीं पर शहबाज शरीफ जबरदस्ती घुस गए। हालांकि शहबाज शरीफ 10 मिनट बाद बाहर निकल आए लेकिन इसके बाद भी पुतिन ने शहबाज शरीफ की एक और बेइज्जती कर दी। पुतिन जब मीटिंग हॉल से बाहर निकले तो उन्होंने पत्रकारों को देखकर आंखों से इशारा किया। अब भारत के लोग इसी को असली धुरंधर स्टाइल कह रहे हैं।

# 8,00000 नाटो सैनिक... रूस से भिड़ने की यूरोप की सीक्रेट तैयारी, पुतिन को देंगे टेंशन

(रिजवान)

यूरोप और रूस के बीच तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यूरोप के देशों में ये डर है कि रूस की ओर से कई दूसरे देशों पर भी हमला हो सकता है।

रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले करने के बाद से यूरोप की चिंता दुनिया से छिपी हुई नहीं हैं। यूरोपीय नेताओं ने बार-बार कहा है कि उनको रूस से खतरा है, ऐसे में रक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि अब लगता है कि यूरोप बयानबाजी से आगे जाकर चुपचाप युद्ध की तैयारी कर रहा है। ये कहा जा सकता है क्योंकि यूरोप के कई देशों में अनिवार्य सैन्य सेवा वापस आई है, इमारतों के नीचे बंकर बनाए जा रहे हैं और हजारों नाटो सैनिकों को रूसी सीमा पर भेजने का प्लान तैयार हो रहा है।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोप में युद्ध की आहट सुनाई दे रही है। कई यूरोपीय देश फिर से अनिवार्य सैन्य सेवा लागू कर रहे हैं, पुराने बंकरों का पुनर्निर्माण हो रहा है, रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी हो रही है और हजारों नाटो सैनिकों को रूसी सीमा पर तैनात करने की योजनाएं बन रही हैं।

### पुतिन की धमकियों के बीच एक्शन

यूरोप में यह तब हो रहा है, जब रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से आक्रामक बयानबाजी हुई है। पुतिन ने कहा है कि हम यूरोप के साथ युद्ध नहीं चाहते हैं। मैंने यह सौ बार कहा है कि इसके पक्ष में नहीं हैं। हालांकि यूरोप अगर हमसे लड़ना चाहता है और जंग शुरू करता है तो हम भी तैयार हैं।

11 दिसंबर को नाटो के महासचिव मार्क रूट ने चेतावनी दी कि यूरोपीय देश रूस के निशाने पर हैं। उन्हें विश्व युद्ध के पैमाने पर युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। रूट ने कहा कि रूस पहले ही हमारे समाजों के खिलाफ अपने गुप्त अभियान बढ़ा रहा है। हमें उस पैमाने के युद्ध के लिए तैयार रहना होगा।



### यूरोप में जंग की तैयारी

ब्रिटेन की ओर से कहा गया है कि युद्ध की छाया यूरोप के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। ब्रिटेन ने खुलासा किया कि पिछले एक साल में उसके सशस्त्र बलों और रक्षा मंत्रालय के खिलाफ जासूसी, हैकिंग जैसी शत्रुतापूर्ण खुफिया गतिविधियां 50 फीसदी तक बढ़ गई हैं।

ब्रिटेन अकेला ऐसा देश नहीं है। जर्मन के सशस्त्र बलों ने सितंबर में ही हैम्बर्ग में सैन्य अभ्यास किया है। फ्रांस और जर्मनी अनिवार्य सैन्य सेवा भी वापस लाए हैं। फ्रांस और जर्मनी सहित दस यूरोपीय देशों ने हाल ही में 18 साल के युवाओं के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा फिर से शुरू करने का ऐलान किया है।

### अनिवार्य सैन्य सेवा

फ्रांस ने 1996 में अनिवार्य सैन्य सेवा समाप्त कर दी थी लेकिन 29 साल बाद फ्रांस ने रूस के साथ युद्ध के खतरे को देखते हुए इसे वापस लाने का फैसला लिया है। जर्मनी की संसद में भी इसी महीने राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वैच्छिक सैन्य सेवा शुरू करने के लिए मतदान किया गया है।

बेल्जियम और नीदरलैंड ने स्वैच्छिक सैन्य सेवा शुरू की है। इसके अलावा लिथुआनिया और लातविया में इसी तरह की योजनाएं हैं। स्वीडन ने योग्यता के आधार पर चयन के साथ नौ से 15 महीने की सैन्य सेवा शुरू की है। फिनलैंड, ऑस्ट्रिया और ग्रीस जैसे यूरोपीय देशों में भी अनिवार्य सैन्य सेवा है।

### सैन्य ढांचे का निर्माण

यूरोपीय देश युद्ध की स्थिति के लिए सैन्य बुनियादी ढांचे का भी निर्माण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य संघर्ष के दौरान तेजी से समन्वय सुनिश्चित करना है। नॉर्वे ने बड़ा कदम उठाते हुए शीत युद्ध-युग के सैन्य बंकरों को बहाल किया है। साथ ही देश में बड़ी इमारतों में बम आश्रयों को अनिवार्य किया गया है।

पूर्वी यूरोप के पोलैंड, लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया जैसे देश पूर्वी किनारे की रक्षा के लिए लैंडमाइन और गोला-बारूद का भंडारण कर रहे हैं। यूरोपीय देशों की ओर से ये कदम स्पष्ट रूप से स्थापित करते हैं कि उनका मानना है कि रूस के साथ युद्ध की अब एक बहुत वास्तविक संभावना है।

# औचक निरीक्षण के दौरान डीएम के पैर पर गिरे फरियादी, सुनाने लगे पीड़ा

## फलका प्रखंड सह अंचल कार्यालय में औचक निरीक्षण के दौरान भावुक हुआ माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के फलका अंचल कार्यालय में उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला। जब नवनियुक्त जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। पदभार ग्रहण करने के बाद जिला अधिकारी जिले के विभिन्न प्रखंडो का औचक निरीक्षण करने एडीएम डॉ. बिनोद कुमार तथा डीडीसी अमित कुमार के साथ निकले थे।

इस दौरान फलका प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान ही वर्षों से अंचल कार्यालय से परेशान फरियादी अपनी समस्याएं लेकर जिला पदाधिकारी के पैर पर गिर पड़े। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के पकरिया गांव निवासी छोटू कुमार सिंह अचानक जिला पदाधिकारी के पैरों पर गिर पड़े और रोते हुए अपनी फरियाद सुनाने लगे। छोटू कुमार सिंह ने बताया कि वह लंबे समय से अंचल कार्यालय के



चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फलका अंचल में ऐसे कई गरीब और जरूरतमंद लोग हैं। जिनकी समस्याएं वर्षों से लंबित हैं। अंचल पदाधिकारी की कार्यशैली को लेकर आम जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। फरियादियों का आरोप है कि अंचल पदाधिकारी किसी की बात नहीं सुनते। जिसके कारण गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे को लेकर पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी कई बार आवाज उठा चुके हैं। वहीं कोढ़ा की विधायक कविता पासवान को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि तपसिल आलम ने भी कुछ महीने पहले तत्कालीन अंचल पदाधिकारी के तबादले को लेकर जिला पदाधिकारी से बातचीत कर अनुरोध किया था। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। वही डीएम के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई इस स्थिति ने फलका अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि जिलाधिकारी ने फरियादी से शांत होकर आराम से बात करने की बात कही। साथ ही उचित कारवाई का आश्वासन दिया।

# महानंदा नदी की उप धारा में टीन की नाव पलटने से दादा-पोती की डूबकर मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद /कटिहार।** प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के बहरसाल गोविंदपुर गांव के समीप महानंदा नदी के उपधार में टीन से बनी छोटी नाव पलटने से दादा और उनकी दो वर्षीय पोती की डूबकर मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतकों की पहचान बहरसाल गोविंदपुर वार्ड संख्या छह निवासी अशोक मंडल (49) और उनकी पोती रुचिता मंडल (2) के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुरेश मंडल ने बताया कि अशोक मंडल अपनी पोती के साथ टीन की बनी छोटी नाव से महानंदा नदी के उपधारा को पार कर मक्का के खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक नाव असंतुलित होकर पलट गई। जिससे दोनों गहरे पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड सदस्य पप्पू यादव सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि बाहर निकालते समय दोनों की सांसें लगभग चल रही थीं। इसके बाद आनन-फानन में दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। वही प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1785 मामलों का हुआ सफल निष्पादन

## सेटलमेंट राशि 7 करोड़ 54 लाख 45 हजार 599 रही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1785 मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निष्पादन किया गया। लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज रणवीर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, न्यायिक प्राधिकारी व पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय कटिहार, सब-डिवीजन बारसोई एवं रेल न्यायालय को मिलाकर कुल 13 बेंचों का गठन किया गया था। इन बेंचों के माध्यम से सिविल, आपराधिक,बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा एमएसीटी, पारिवारिक विवाद, रेलवे से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकृति के वादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्रधान जिला जज रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय प्रांगण में संपन्न हुआ।

इस संबंध में सचिव कमलेश कुमार देवू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष के अंतिम आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान बैंक से संबंधित 882 मामले, बीएसएनएल से संबंधित 27 मामले,



अपराधिक के कुल 297 मामले, नापतौल के 60 मामले, बिजली से संबंधित 56 एवं रेल से संबंधित 511 मामलों निष्पादन समझौता के आधार पर किया गया। हालांकि बैंकों से संबंधित अन्य कुल सेटलमेंट राशि 7 करोड़ 54 लाख 45 हजार 599 रही। वही आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान अपने मामलों के निष्पादन को लेकर अप्रत्याशित भीड़ ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। वहीं प्रधान जिला जज के निर्देश से पूछताछ केंद्र, पानी, एम्बुलेंस और सुरक्षा आदि की पूरी व्यवस्था की गई थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रणवीर सिंह अपने टीम के साथ न्यायालय परिसर में घूम घूम कर सभी पक्षकारों की समस्या को सुनकर उसके निष्पादन के लिए अग्रसर दिखे। प्रधान जिला जज रणवीर सिंह ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सरल, सुलभ और शीघ्र न्याय प्रदान करना है। लोक अदालत के माध्यम से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि आपसी सहमति से विवादों का स्थायी समाधान भी संभव हो पाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान गठित बैंच पर पीठासीन पदाधिकारी के में एडीजे आशुतोष राय, एडीजे अखिलेश पांडे, एसीजेएम मनीष कुमार, एसीजेएम कुलदीप श्रीवास्तव, रेलवे मजिस्ट्रेट विकास कुमार, एसडीजेएम कविता कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका मेहता, मोनिका कुमारी, रिंकेश कुमार, अजीत कुमार शर्मा, नारायण ठाकुर, प्रीति कुमारी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर लोक अदालत में सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारी, अधिवक्तागण सहित प्राधिकार के प्रधान सहायक आशीष कुमार झा, विजय कुमार झा, सिंटू कुमार सहित रेलवे कोर्ट में पेशकार कुलदीप सिंहा, नवीन कुमार सहित सीटीटीआई अशोक कुमार, सीटीआई रवि कुमार, अमरेश कुमार, वरुण पासवान आदि की भूमिका रही।

# गैर जमानतीय धारा में फरार चल रहे दो वारंटी गिरफ्तार

**मनिहारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनिहारी थाना के विभिन्न कांडों में वांछित फरार चल रहे दो वारंटी को मनिहारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गैर जमानतीय धारा मे फरार चल रहे दोगच्छी निवासी संदीप मंडल एवं नारायणपुर निवासी मो.शकील को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न कांडों मे वांछित फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा। इस अभियान मे थानाध्यक्ष पंकज आनंद के साथ एसआई आशिष कुमार, पीएसआई अमित कुमार राय, एएसआई सुभाष चौधरी शामिल रहे।

# गॉलब्लाडर सर्जरी के बाद मरीज की मौत

## परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया गलत इलाज का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान लापरवाही और ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। जिले के आजमनगर प्रखंड के बेरिया गांव निवासी 38 वर्षीय प्रकाश चौधरी की गॉलब्लैडर ऑपरेशन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने कटिहार नगर क्षेत्र के शरीफगंज स्थित विश्वास हेल्थ क्लीनिक के संचालक डॉक्टर मोहम्मद आरिफ पर गलत इलाज और बार-बार ऑपरेशन करके जान लेने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी निर्मला देवी, ने बताया कि अप्रैल महीने में उन्होंने अपने पति का गॉलब्लैडर ऑपरेशन डॉ. मोहम्मद आरिफ से विश्वास हेल्थ क्लीनिक में



करवाया था। ऑपरेशन के बाद से ही प्रकाश चौधरी की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और उन्हें पीलिया जॉन्डिस की समस्या बढ़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने इस बिगड़ती स्थिति पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जब मरीज की हालत बिगड़ी, तो डॉ. आरिफ ने उन्हें

### ■ इलाज के नाम पर ठगी और लापरवाही का आरोप

कटिहार मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में जांच के बाद पता चला कि पहले ऑपरेशन के दौरान पेट के अंदर एक नस दब गई थी, जिससे मरीज की हालत गंभीर हो गई थी।स्थिति सुधारने के लिए 19 नवंबर को कटिहार मेडिकल कॉलेज में दूसरा ऑपरेशन किया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि उनकी मिन्नतों के बावजूद 9 दिसंबर को तीसरा ऑपरेशन भी किया गया। आखिरकार, शनिवार को इलाज के दौरान प्रकाश चौधरी की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर तक चले इस इलाज में उनके करीब 5 से 6 लाख रुपए खर्च हो गए। उन्होंने पति के इलाज के लिए अपनी जमीन तक बेच दी, लेकिन गलत इलाज के कारण परिवार की उम्मीदें टूट गईं। प्रकाश चौधरी अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में अब उनकी पत्नी और तीन नाबालिग बच्चे हैं। शनिवार देर शाम को मृतक के गुस्साए परिजन शव लेकर विश्वास हेल्थ क्लीनिक पहुंचे और डॉ. मोहम्मद आरिफ से जवाब मांगा। परिजनों ने प्रशासन से दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# जूट मिल की जमीन पर उद्योग लगाने व श्रमिकों के हक को लेकर होगी निर्णायक लड़ाई : विकास

## इंटक से नाता तोड़ स्वतंत्र यूनियन के रूप में लड़ाई का किया ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** नगर क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर कटिहार मजदूर संघ, विजय स्पोर्टिंग क्लब, कटिहार जिला औद्योगिक नियोजक संघ, ई-रिक्शा चालक संघ और 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ कटिहार की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश चौधरी, प्रदेश मंत्री शंभू चौबे, जिला अध्यक्ष विनय सिंह सहित कई प्रमुख उद्यमी और श्रमिक नेता उपस्थित रहे। बैठक में भारत सरकार के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन कटिहार



मजदूर संघ से अपनी संबद्धता तोड़ने की घोषणा की। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि जिले में उद्यमियों की सुविधा और श्रमिकों के हक की लड़ाई अब स्वतंत्र यूनियन होकर लड़ी जाएगी। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय कटिहार की पहचान उद्योग नगरी के रूप में थी, जो अब उद्योग विहीन होती जा रही है। उन्होने बताया कि जिले को पुनः उद्योग नगरी के रूप में स्थापित करने के लिए पिछले दिनों बिहार सरकार के उद्योग मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल से मिलकर मांग पत्र दिया गया था। मांग पत्र में 8 जनवरी 2016 से बंद आरबीएचएम जूट मिल के लगभग 55 एकड़ खाली जमीन पर उद्योग लगाने, औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र को रेल कनेक्टिविटी देने और उद्यमियों को स्टांप ड्यूटी में कटौती सहित हर संभव मदद करने की मांग की गई। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान में मदद करने का भरोसा दिया है। बैठक मे सन बायो मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड पुराना जूट मिल में कार्यरत श्रमिकों को मिल निदेशक द्वारा कम मजदूरी, ईएसआईसी, ईपीएफ एवं श्रम अधिनियम का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन करने के खिलाफ जल्द ही आंदोलन करने की घोषणा की गई। वही 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों ने नई एजेंसी जैन प्लस के निदेशक द्वारा लगातार कम मजदूरी, नियुक्ति पत्र, पे स्लिप, दुर्घटना बीमा, ईएसआईसी, ईपीएफ जैसे श्रम अधिनियमों के उल्लंघन के खिलाफ जल्द ही लगभग 200 कर्मचारियों के साथ श्रम विभाग के कार्यालय एवं न्यायालय में मुकदमा करने का निर्णय लिया है। जबकि ई-रिक्शा चालक संघ कटिहार के जल्द ही निबंधन, स्थाई स्टैंड, सदस्यता अभियान में तेजी लाने और कार्यालय की व्यवस्था को लेकर भी रणनीति तैयार करने की भी चर्चा की गई। बैठक मे श्री सिंह ने विजय बाबू के पोखर पर नगर निगम द्वारा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू कराने का अनुरोध जनप्रतिनिधियों एवं नगर आयुक्त से किया।

# 507 लीटर विदेशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ मुफ्फसिल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही एक पिकअप वैन से कुल 507 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।

इस बाबत सदर डीएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि मुफस्सिल थानाध्यक्ष को शराब की एक बड़ी खेप पिकअप वैन में लादकर उदामारैखा फोर लाइन होकर आम बगीचा में आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन करने के बाद थानाध्यक्ष ने तत्काल पुलिस बल के साथ उदामारैखा फोर लाइन आम बगीचा के पास घेराबंदी की। जैसे ही पिकअप वैन वहां पहुंची, पुलिस को देखते ही दो व्यक्ति तेजी से भागने लगे। हालांकि मुस्तैद पुलिस बल के सहयोग से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान मुकेश ओझा (30 ), राहुल ओझा (30) दोनो पिता- कृष्णा ओझा भोराबाड़ी, थाना-नगर जिला कटिहार निवासी के रूप मे हुई। ?इन दोनों को पिकअप वैन में लदे कुल 507 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा की ओर से घर-घर स्वदेशी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी आह्वान पर राष्ट्रहित और देशभक्ति के इस महान संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में शहर के पानी टंकी चौक पर हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया।

हस्ताक्षर अभियान के शुभारंभ के अवसर प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय, सौरभ कुमार



मालाकार शामिल रहे। मुख्य अतिथि तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का यह अभियान जनभागीदारी से ही सफल होगा और हर नागरिक की सहभागिता राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बनेगी। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि आत्मनिर्भर" भारत वह सोच है जो हर भारतीय को अपने कौशल, श्रम और स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से देश के विकास में भागीदार बनने की प्रेरणा देती है। जब हर नागरिक 'मेक इन इंडिया' का हिस्सा बनेगा, तभी भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय कटिहार में पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार ने किया। इस मौके पर बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि आगामी 16 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान में सभी विभागीय कर्मी सहित पर्यवेक्षक टीकाकर्मी को उपस्थित रहना हैं। इस अवसर पर एसएमओ डॉक्टर मोहम्मद सुभान अली, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, आनंद कुमार, डबल्यूएचओ मॉनिटर सतीश कुमार गुप्ता, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अन्नु कुमारी, लेखापाल सत्य प्रकाश कुमार, बीसीएम पुष्पा कुमारी आदि मौजूद रहे ।

# पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर निकाली गई रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के स्वास्थ्य कर्मियों ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर अस्पताल परिसर से रैली निकाली जिसका नेतृत्व प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम ने किया।

इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों ने अस्पताल परिसर से रैली निकालते हुए कहा कि आगामी 16 से 20 दिसंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर आम लोगों के बीच जागरूक किया जा रहा हैं कि



पोषक क्षेत्र में सेविका,आशा के द्वारा पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी एवं ट्रांजिट टीम के द्वारा चौक चौराहे पर दवा पिलाई जाएगी खास करके नवजात बच्चे पर मुख्य रूप से दवा पिलाने का लक्ष्य हैं एक भी बच्चा अगर दवाई पीने से छूटता हैं तो सुरक्षा चक्र छूटता हैं इसलिए सभी लोग अपने-अपने नवजात के साथ जीरो से पांच साल के बच्चे को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाए।

# जदयू सदस्यता महाअभियान 2025-2028 का शुभारंभ

## किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित यादव पुनः बने पार्टी के सदस्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जदयू का महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह रौनिया पंचायत के सरपंच अमित यादव जदयू जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय के हाथों सदस्यता ग्रहण किया। जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि जनता दल (यू) द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता महा अभियान 2025-2028 का शुभारंभ जिला स्तर पर विधिवत रूप से चलाया गया। जिसमें दर्जनों जदयू कार्यकताओं ने पुनः एक बार फिर सदस्यता ग्रहण किया।

इस दौरान जदयू जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय ने बताया कि अमित यादव ने पुनः सदस्यता ग्रहण किया है। पुनः जदयू में शामिल होने



से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश राय ने कहा कि सदस्यता महा अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि किसानों, युवाओं और आम लोगों को जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग के बीच जदयू की पकड़ और मजबूत होगी। इस मौके पर शम्भु कुमार सुमन, निरंजन पोद्दार, जयप्रकाश सिंह, संजय चौधरी, अखिखलेश यादव सहित कई जदयू नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर नए सदस्य का स्वागत करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# कृषि यांत्रिकरण सह किसान मेले की तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** संयुक्त कृषि भवन के मैदान में चार दिवसीय कृषि यांत्रिकरण सह किसान मेले का आयोजन 16दिसंबर से 19 दिसंबर तक की जानी है। इसको लेकर आत्मा एवं कृषि विभाग की ओर से जोरशोर से तैयारी की जा रही है।

जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि मेले में किसानों को कृषि उपयोगी नवीन तकनीकी उपकरण व उपस्कर सरकार द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराये जाएंगे। कृषि उपयोगी विभिन्न उपस्करों. उपादानों की स्टाल भी लगाये जाएंगें। आत्मा की ओर से कृषि व इसकी आनुसंगिक क्षेत्रों मे कम लागत मे अधिक



पैदावार प्राप्त करने की वैज्ञानिक एवं तकनीकी खोजों को अपनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बढ़ती आवादी के मद्देनजर कम जोत आवाद में भी समेकित कृषि प्रणाली अपनाकर अधिक से अधिक पैदावार प्राप्तकर लोगों को आहार उपलब्ध कराये जाने की वैज्ञानिक विधि से भी अवगत कराया जाएगा। जानकारी दी गयी कि किसानों को अपने बेहतर कृषि उत्पादों के प्रदर्श लगाने को प्रेरित किये जाएंगें। बेहतर प्रदर्श वाले किसान पुरस्कृत किये जाएगें। जिला कृषि पदाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों को इस कृषि यांत्रिकरण मेले मे आने और सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। इस कृषि उपादान सह किसान मेले का उद्घाटन सूबे के पूर्व डिप्टी सीएम सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद एवं जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी संयुक्त रुप से करेंगें।

# चांदी ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड, पहली बार 2 लाख के पार

## मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमत का रोमांचक सफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीते सप्ताह चांदी की कीमतों में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला जिसने निवेशकों को चौंका दिया। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को इस कीमती धातु ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर नया इतिहास रचा। यह पहली बार 2 लाख प्रति किलोग्राम के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गई। हालांकि इस रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने के तुरंत बाद चांदी की कीमतों में अचानक क्रैश आया और यह एक झटके में अपने हाई से 9,000 से भी ज्यादा सस्ती हो गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को चांदी की कीमत गिरावट के साथ 1,97,705 प्रति किलोग्राम पर खुली थी।



**रिकॉर्ड हाई:** खुलने के बाद चांदी की कीमत तेजी से चढ़ी और कारोबार के दौरान इसने पहली बार 2,01,615 प्रति किलो का नया लाइफ टाइम हाई छू लिया।

**अचानक क्रैश:** इस शिखर को छूने के बाद कीमतों में अचानक तेज गिरावट आई और यह एक झटके में 11,538 टूटकर 1,90,077 पर आ गई।

**सप्ताह का बंद भाव:** हालांकि बाज़ार बंद होते-होते इसमें कुछ रिकवरी दिखी लेकिन यह अपने हाई से 9,000 से अधिक सस्ती होकर 1,92,615 पर बंद हुई।

### इस महीने चांदी की चमक

इस महीने की शुरुआत से लेकर अब तक चांदी की कीमतों में बड़ा उछाल आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी का भाव 1,82,030 प्रति किलोग्राम था। शुक्रवार के बंद भाव से तुलना करें तो इस महीने अब तक चांदी की कीमत में 10,585 का उछाल आया है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, घरेलू मार्केट में चांदी की चमक बरकरार रही है।

## सोने में तेजी बरकरार, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अब तक 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी

*नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है। इस साल घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अब तक 67त्न की बढ़ोतरी देखी गई है। सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और सेफ एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है।*

***मुंबई, चेन्नई और कोलकाता-*** *वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है।*

***पुणे और बेंगलुरु में कीमत-*** *इन दोनों शहरों में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है। प्रमुख ब्याज दर घटने से बॉन्ड पर यील्ड कम होने की संभावना रहती है, जिससे निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट में निवेश बढ़ाते हैं। इस साल घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अब तक 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत 5 प्रतिशत से 16 प्रतिशत और चढ़ सकती है।*

## 42 से निवेश की शुरुआत, फ्यूचर की नहीं रहेगी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की एक ऐसी भी योजना है जिसमें मामूली निवेश पर भी बुढ़ापे के लिए पेंशन का इंतजाम हो जाता है। यह अटल पेंशन योजना है। केंद्र की मोदी सरकार ने 9 मई 2015 को अटल पेंशन योजना की शुरुआत की थी, जिसे 1 जून 2015 से लागू किया गया। शुरू में यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध थी। हालांकि, 1 अक्टूबर 2022 से आयकरदाताओं को योजना से अयोग्य घोषित किया गया। यह योजना अपने अंशदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु में ग्राहकों को एक निश्चित मासिक पेंशन प्रदान करती है। योजना के तहत उपलब्ध पेंशन स्लैब : 1000 रुपये, 2000 रुपये, 3000 रुपये, 4000 रुपये और 5000 रुपये प्रति माह है। इसमें न्यूनतम अंशदान अवधि 20 वर्ष है, जो शामिल होने की आयु पर निर्भर करती है। यदि कोई ग्राहक 18 वर्ष की आयु में इसमें शामिल होता है तो उसे 42 रुपये से 210 रुपये प्रति माह का योगदान करना होगा। वहीं, 40 वर्ष की आयु में शामिल होता है तो उसे 291 रुपये से 1454 रुपये प्रति माह का योगदान करना होगा। बता दें कि मासिक, त्रैमासिक या अर्धवार्षिक आधार पर प्रीमियम का भुगतान किया जा सकता है। योजना के तहत ग्राहक को 60 वर्ष की उम्र से मृत्यु तक 1000 रुपये से 5000 रुपये तक आजीवन पेंशन मिलता है। ग्राहक की मृत्यु की स्थिति में उसके पति/पप्रतिशती को पेंशन मिलती है या फिर नॉमिनी को रकम दी जाती है। अटल पेंशन योजना के तहत ग्राहक आयकर अधिनियम की धारा 80सीसीडी के तहत कटौती के लिए पात्र हैं। 60 वर्ष की आयु से पहले निकास के लिए केवल मृत्यु या असाध्य रोग की स्थिति में ही अनुमति मिलती है। स्वैच्छिक निकास की अनुमति है लेकिन ग्राहक को केवल किया गया अंशदान (ब्याज सहित) प्राप्त होता है और सरकारी सह-अंशदान (यदि कोई हो) जब्त हो जाता है।

## शिपरॉकेट ने सेबी के पास आईपीओ के लिए कागजात जमा किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेमासेक समर्थित ई-कॉमर्स मंच शिपरॉकेट ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 2,342 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी द्वारा पेश प्रारंभिक दस्तावेज के के अनुसार, आईपीओ... नई दिल्ली, एजेंसी। टेमासेक समर्थित ई-कॉमर्स मंच शिपरॉकेट ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 2,342 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं।

## करोड़ों ग्राहकों को नए साल से पहले दिया झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों की ईएमआई अब कम हो जाएगी। लेकिन इसके साथ-साथ ही बैंक ने फिक्सड डिपॉजिट के चुनिंदा पीरियड पर मिलने वाले रिटर्न की भी कटौती की है। बैंक की तरफ से एफडी की नई दरें 15 दिसंबर से प्रभावी हो जाएंगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 2 से साल अधिक और तीन साल से कम के पीरियड के लिए ब्याज दरों को घटाया है। सामान्य नागरिकों के लिए ब्याज दरों को 6.45 प्रतिशत से घटाकर 6.40 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, सीनियर सिटीजन के लिए यह 6.95 प्रतिशत से घटाकर 6.90 प्रतिशत कर दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अमृत वृष्टि फिक्स डिपॉजिट के ब्याज दरों में भी कटौती की है। यह फिक्स डिपॉजिट 444 दिन के लिए किए जाता है। बैंक ने सामान्य नागरिकों के लिए ब्याज दरों को 6.60 प्रतिशत से घटाकर 6.40 प्रतिशत कर दिया है। बता दें, अमृत वृष्टि एफडी के नए रेट्स भी 15 दिसंबर 2025 से लागू हो जाएंगे। सीनियर सिटीजन को अमृत वृष्टि एफडी स्कीम पर इस समय 7.10 प्रतिशत का ब्याज मिलता है। जिसे एसबीआई ने घटाकर 6.95 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, सुपर सीनियर सिटीजन को अमृत वृष्टि के तहत 15 दिसंबर से 7.20 प्रतिशत की जगह 7.10 प्रतिशत ब्याज ही मिलेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सभी कार्यकाल के लिए एमसीएलआर में भी 5 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। एक साल के एमसीएलआर को 8.75 प्रतिशत से घटाकर 8.70 प्रतिशत कर दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इससे मौजूदा और नए कर्जधारकों के लिए लोन सस्ता हो गया है। रिजर्व बैंक के इस महीने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। इस कटौती के साथ, एसबीआई ने ईबीएलआर को 0.25 प्रतिशत घटकर 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। बता दें, एसबीआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि संशोधित दरें 15 दिसंबर, 2025 से प्रभावी होंगी।

## संस्थागत निवेशक बड़े आईपीओ में जमकर लगा रहे पैसा

### मिल रहा अच्छा रिटर्न; क्यूआईबी लगाया 1.97 गुना ज्यादा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू आईपीओ में बड़े आईपीओ को मिल रहे जबरदस्त रिस्पांस के पीछे संस्थागत निवेशक हैं। ये निवेशक हर बड़े इश्यू में जमकर पैसा झोंक रहे हैं। इसका उदाहरण इस बात से भी मिलता है कि ज्यादातर कंपनियों के निर्गम इन्हीं की बदौलत सफल हो रहे हैं। इसके कारण छोटे और खुदरा निवेशक भी निवेश कर रहे हैं।

16 दिसंबर को बंद होने वाले 10,600 करोड़ के इश्यू में पहले दिन ही क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बॉयर्स (क्यूआईबी) ने 1.97 गुना ज्यादा पैसा लगाया है। एनआईआई ने 0.37 गुना पैसा लगाया है। इसे पहले दिन 5,490 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। इस आईपीओ में एंकर निवेशकों यानी बड़े निवेशकों ने 3,021 करोड़ रुपये लगाए जबकि आईपीओ खुलने से दो दिन पहले 4,815 करोड़ रुपये लगाए गए थे।

यह निवेश एसबीआई, बिड़ला, ब्लैकरॉक, जेपी मॉर्गन जैसे निवेशकों ने किया। इससे पता चलता है कि बेहतर कंपनियों में बड़े निवेशक जमकर पैसा लगा रहे हैं। बड़े आईपीओ में 5,421 करोड़ के मीशो में क्यूआईबी ने अपने हिस्से की तुलना में 123 गुना पैसा लगाया है। गैर संस्थागत निवेशकों यानी एनआईआई ने 39 गुना पैसा लगाया है। 3,600 करोड़ के टेनेको में क्यूआईबी ने 174 गुना और एनआईआई ने 42 गुना ज्यादा निवेश किया है। 6,000 करोड़ से ज्यादा जुटाने वाली ग्रो में क्यूआईबी ने 22 गुना और एनआईआई ने 14 गुना ज्यादा पैसा लगाया। महंगे मूल्य को लेकर सवालों में घिरे 7,278 करोड़ वाले लेंसकार्ट में क्यूआईबी ने 40 गुना और एनआईआई ने 18 गुना ज्यादा पैसा लगाया।




एक लाख करोड़ से ज्यादा होगा मूल्य

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल देश की पांचवीं फंड हाउस कंपनी होगी जो बाजार में सूचीबद्ध होगी। सूचीबद्ध होने के बाद इसका मूल्य 1.07 लाख करोड़ रुपये होगा। एसेट अंडर मैनेजमेंट के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है जो 10 लाख करोड़ रुपये है।

## 4 कंपनियां इस हफ्ते एक्स-बोनस ट्रेड करेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए यह हफ्ता काफी व्यस्त रहेगा। चार कंपनियां इस हफ्ते एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। इसमें से एक कंपनी एक शेयर पर 4 बोनस शेयर भी दे रही है।

यह कंपनी 19 दिसंबर 2025 को एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। कंपनी ने एक शेयर पर 4 शेयर बोनस देने का फैसला किया है। शुक्रवार को मार्केट के बंद होने के समय पर यूनिफिंज कैपिटल इंडिया लिमिटेड के शेयरों का भाव शुक्रवार को 5.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 539.85 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

शुक्रवार को 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2872.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 19 दिसंबर 2025 को यह कंपनी भी एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस योग्य निवेशकों को देने का फैसला किया है।

इस पेनी स्टॉक ने बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी के शेयरों का भाव एक रुपये से भी कम का है। यह स्टॉक 11 शेयर पर 5 शेयर बोनस देने का ऐलान किया है। कंपनी 17 दिसंबर 2025 को एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। बता दें, शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर यह स्टॉक 3.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 0.89 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 5 साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 161 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर मनीबॉक्स फाइनेंस लिमिटेड के शेयर 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 134.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी 15 दिसंबर को एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। यह कंपनी एक शेयर पर एक शेयर बोनस दे रही है।



## लाल धातु इस समय छाई, इंडस्ट्री में मांग के कारण कीमत में काफी उछाल आया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इस साल सोना-चांदी ही नहीं, दूसरी धातुओं ने भी अच्छा रिटर्न दिया है। इन्हीं में एक है तांबा यानी कॉपर। इसे लाल धातु भी कहा कहा जाता है। ठीक उसी तरह जैसे सोने को पीली धातु और चांदी को सफेद धातु कहते हैं। इस साल कॉपर की कीमत 12,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन के स्तर के करीब पहुंच गई है। इसकी मुख्य वजह है एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़े डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग और अमेरिका के बाहर सप्लाई की कमी की चिंताएं।

इस साल अब तक कॉपर की कीमतों में 35 प्रतिशत का उछाल आया है। यह साल 2009 के बाद से सबसे अच्छी सालाना बढ़ोतरी है। शुक्रवार को तो यह धातु 11,952 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गई थी। खदानों में उत्पादन में आई रुकावटें और अमेरिका में बड़े पैमाने पर की गई खरीदारी के कारण इसकी कीमत में तेजी आई है।

### क्या है इसकी खासियत

कॉपर की सबसे बड़ी खासियत है इसकी बिजली को बहुत अच्छे से संचालित करने की क्षमता। इसी वजह से यह पावर ग्रिड, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक गाड़ियों और क्लीन एनर्जी के लिए बहुत जरूरी है। दुनिया भर में बिजली के नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। डेटा सेंटर और रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स को लगातार और बहुत ज्यादा बिजली की जरूरत होती है।



### क्यों बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी

कॉपर भी इस समय निवेशकों का ध्यान खींच रही है। क्योंकि एआई ने कमोडिटी (कच्चे माल) में निवेश की रणनीतियों को बदल दिया है। बेंचमार्क मिनरल इंटेलिजेंस के एनालिस्ट डान डे जोंगे कहते हैं कि जो निवेशक एआई से जुड़ी चीजों में बड़े पैमाने पर निवेश करना चाहते हैं, वे ऐसे फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स में भी पैसा लगा रहे हैं जिनमें डेटा सेंटर के लिए जरूरी हार्ड एसेट्स शामिल हों। वे आगे कहते हैं कि निवेशक कॉपर से जुड़े एसेट्स जैसे श्वञ्जस्नह्य (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) खरीदेंगे। इस बदलाव को नए निवेश वाहनों में भी देखा जा सकता है। कनाडा की स्प्रॉट एसेट मैनेजमेंट ने साल 2024 के मध्य में दुनिया का पहला फिजिकल कॉपर लॉन्च किया। इस फंड में करीब 10,000 टन कॉपर है और इस साल यह लगभग 46 प्रतिशत बढ़ गया है। इसकी एक यूनिट की कीमत करीब 14 कनाडाई डॉलर है। सप्लाई (आपूर्ति) की कमी एक बड़ी चिंता बनी हुई है। रॉयटर्स के एक सर्वे के मुताबिक, इस साल कॉपर बाजार में 1,24,000 टन की कमी रहेगी, जो साल 2026 तक बढ़कर 1,50,000 टन हो जाएगी। प्रोडक्शन में आई दिक्कतें भी इस कमी को बढ़ा रही हैं।

## दूसरे दिन 100 प्रतिशत भर जाएगा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पहले दिन ही आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ को 73 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। अब भी यह आईपीओ 16 यानी मंगलवार तक खुला रहेगा। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि आईपीओ ग्रे मार्केट शानदार प्रदर्शन कर रहा है। जीएमपी पहली बार 300 रुपये के करीब है। जीएमपी में उछाल के बाद संभावना बढ़ गई है कि यह आईपीओ ओपनिंग के दूसरे दिन यानी सोमवार को पूरी तरह से भर जाए।

इंवेस्टर्सगेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ 280 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। जोकि दर्शाता है कि एक लॉट पर निवेशकों को 1680 रुपये का फायदा हो सकता है। आज का जीएमपी 12.93 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन की ओर इशारा कर रहा है।

**रिटेल निवेशक दिखा रहे हैं दिलचस्पी:** आईसीआईसीईआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ को पहले दिन 0.73 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। रिटेल कैटगरी में कंपनी के आईपीओ को 0.21 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था। क्यूआईबी कैटगरी में आईपीओ को 1.97 गुना और एनआईआई कैटगरी में 0.38 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है।

### क्या है आईपीओ का साइज




आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ का साइज 10,602.65 करोड़ रुपये का है। यह आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। कंपनी आईपीओ के जरिए 4.90 करोड़ शेयर जारी करेगी। बता दें, यह मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ 12 दिसंबर को खुला था। निवशकों के पास 16 दिसंबर तक दांव लगाने का मौका होगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल आईपीओ का प्राइस बैंड 2061 रुपये से 2165 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने 6 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 12990 रुपये का इंवेस्टमेंट करना होगा। इस कंपनी का अपने सेक्टर में दबदबा है।

## 17000 रुपये की नौकरी को मारी लात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बिजय कुमार बीर ओडिशा के आंगुल जिले के रहने वाले हैं। वह पहले नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड में नौकरी करते थे। नौकरी छोड़कर उन्होंने मधुमक्खी पालन को अपना पेशा बनाया। आज वह सालाना 17 लाख रुपये कमा रहे हैं। चार साल तक 17,000 रुपये की मासिक तनख्वाह पर काम करने के बाद बढ़ती महंगाई के कारण गुजारा करना मुश्किल हो गया था। इसी मजबूरी में उन्होंने अपने मामा सुरेश चंद से बचपन में सीखी मधुमक्खी पालन की कला को अपनाने का फैसला किया। आज, बिजय न केवल शहद बेचकर लाखों कमा रहे हैं, बल्कि मधुमक्खी पालन के उपकरण भी बेचते हैं। सरकारी संस्थानों में मास्टर ट्रेनर के तौर पर प्रशिक्षण देकर भी वह अच्छी कमाई करते हैं। राज्य सरकार ने 2023 में उन्हें मुख्यमंत्री कृषि उद्योग योजना के तहत सम्मानित भी किया था। आइए, यहां बिजय कुमार बीर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



### ऐसे हुई शुरुआत

बिजय कुमार बीर ने ओडिशा के अंगुल में नाल्को के रखरखाव विभाग में चार साल तक काम किया। वहां उनकी मासिक सैलरी 17,000 रुपये थी। लगातार बढ़ती महंगाई के सामने जब यह फिक्स्ड सैलरी नाकाफी साबित हुई तो उन्होंने अपने मामा से कक्षा नौ में सीखा गया मधुमक्खी पालन का हुनर अपनाने का फैसला किया। बिजय ने नौकरी छोड़ दी। अब वह शहद और उपकरण बेचकर सालाना 17 लाख रुपये कमाते हैं। वह सरकारी संस्थानों से 5,000 रुपये प्रति सेशन पर मास्टर ट्रेनर के रूप में भी पेमेंट पाते हैं। 2023 में उन्हें मुख्यमंत्री कृषि उद्योग योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया गया था।

### वैज्ञानिक नजरिये का मिला फायदा

बिजय कुमार आधुनिक मधुमक्खी पालन के तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। इससे प्रत्येक कॉलोनी (लकड़ी के बक्से में) नवंबर और जनवरी के बीच 13 किलो से अधिक शहद देती है। वह जल्द ही कॉलोनियों की संख्या 350 से बढ़ाकर 500 करने की योजना बना रहे हैं। वह अपिस सेराना इंडिका प्रजाति की मधुमक्खियां पालते हैं जो 42 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी पनप सकती हैं। वह मौतों को रोकने के लिए बरसात के मौसम में मधुमक्खियों को पतला शहद, पानी और चीनी मिलाकर भोजन देते हैं। इससे उन्हें हर साल नए सिरे से शुरुआत नहीं करनी पड़ती। इस वैज्ञानिक नजरिये के कारण ही उनकी दक्षता बढ़ी है। वह अब एक्सट्रैक्टर जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग करते हैं। यह छत्तों को दोबारा उपयोग के लिए सुरक्षित रखती हैं, जबकि पहले पारंपरिक तरीके में छत्ते बर्बाद हो जाते थे। बिजय कुमार साल भर मौसमी खेती के अनुसार अपने छत्तों को अलग-अलग कृषि क्षेत्रों में किसानों की अनुमति से स्थापित करते हैं। वह अक्टूबर से दिसंबर में सरसों के खेत, जनवरी-फरवरी में सहजन के खेत और मार्च से जुलाई तक लीची, करंजा और तिल के खेतों में छत्ते रखते हैं। इससे न केवल बिजय को विभिन्न प्रकार का शहद मिलता है, बल्कि मधुमक्खियां परागण (पॉलिनेशन) करके किसानों की फसल की उपज बढ़ाने में भी मदद करती हैं। लगभग सभी किसान खुशी-खुशी बिजय को छत्ते रखने की अनुमति दे देते हैं।

# पांच लाख में नवजात को बेचा

## रेस्क्यू कर नवजात बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** डंडा थाना क्षेत्र के एक दंपती द्वारा सात दिन के नवजात शिशु को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इसकी मिलते ही डंडा थाना पुलिस ने पलामू जिले के मेदिनीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड़मा से उक्त नवजात शिशु को रेस्क्यू कर लिया है।

पुलिस ने इस दौरान नवजात शिशु को खरीदने वाली एक महिला को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि गढ़वा जिला में डंडा थाना क्षेत्र के छपरदगा गांव के एक परिवार ने नवजात के जन्म लेने के दूसरे दिन ही उसकी मां से छीनकर उसे बेच दिया था। इसकी जानकारी ग्रामीणों से डंडा पुलिस को मिली।

इसके बाद डंडा थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने छापेमारी करते हुए शनिवार को उक्त नवजात को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नवजात को खरीदने वाली दंपती ने पुलिस को बताया है कि उसने पांच लाख रुपये में नवजात को खरीदा है। नवजात की मां की मानसिक



स्थिति कमजोर होने की बात कही जा रही है। जबकि नवजात को खरीदने वाला परिवार संपन्न है।

इधर, नवजात को रेस्क्यू के बाद डंडा थाना पुलिस ने सीडब्ल्यूसी गढ़वा के समक्ष शिशु को प्रस्तुत किया। हालांकि, शिशु की बीमार मां को भी सदर अस्पताल लाया गया है। सीडब्ल्यूसी ने रेस्क्यू कर लाए गए शिशु एवं उसकी मां को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिजौली स्थित नहर की पुलिया के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों किसी पार्टी से घर लौट रहे थे। हादसे की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने आशंका जताई कि संभवतः कोहरे के कारण बाइक सवारों को सड़क का अंदाजा नहीं हो सका और बाइक पुलिया से कई फीट नीचे नहर के किनारे गिर गई। मृतकों की पहचान ननउरा गांव निवासी 22 वर्षीय राजू चौधरी (पिता महेंद्र चौधरी) और 21 वर्षीय आर्यन पासवान (पिता शिवजी पासवान) के रूप में हुई है। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे। पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर ऊंचाई वाले सपंर्क पथ से सीधे नीचे गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राजपुर थानाध्यक्ष के अनुसार, रात्रि गश्त पर निकली 112 टीम के एएसआई प्रवीण कुमार दुबे और उनके साथियों को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत सदर अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही राजू चौधरी ने दम तोड़ दिया।

# जहरीली गैस से बुजुर्ग महिला बेहोश

## केंदुआडीह में दहशत का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के कोयलांचल धनबाद जिले के केंदुआडीह क्षेत्र में जमीन के नीचे से जहरीली गैस के रिसाव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गैस रिसाव के कारण स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार सुबह गैस के प्रभाव से एक बुजुर्ग महिला अचानक बेहोश हो गई, जिसके बाद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बेहोश महिला का नाम मुनिया देवी बताया गया है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत पर निगरानी रखी जा रही है।

गौरतलब है कि केंदुआडीह इलाके में जहरीली गैस रिसाव की वजह से अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग सांस लेने में तकलीफ, चक्कर और अन्य बीमारियों से पीड़ित हो चुके हैं। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और बीसीसीएल की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है।

इसके साथ ही प्रशासन ने केंदुआडीह के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित करने के लिए वैकल्पिक जमीन भी चिन्हित की है। हालांकि, स्थानीय ग्रामीण प्रशासन के इस प्रस्ताव से सहमत



नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चिन्हित स्थान शहर से काफी दूर है और वहां रोजगार के कोई साधन उपलब्ध नहीं हैं। उनका आरोप है कि वे पीढ़ियों से इसी क्षेत्र में रहकर अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं और अचानक विस्थापन से उनका जीवन प्रभावित होगा।बताया जा रहा है कि केंदुआडीह के कोलियरी क्षेत्र में तीन से चार स्थानों पर गैस का रिसाव हो रहा है। गैस को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई है। लोगों की परेशानी को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने शनिवार को केंदुआडीह का दौरा किया, राहत शिविरों का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।


# सबर टोला में चिकन पाक्स के मिले चार मरीज

## बच्चों के लिए गए खून के नमूने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** घाटशिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के केसरपुरा पंचायत अंतर्गत गुड़ा जोर गांव के सबर टोला में चिकन पाक्स फैलने की सूचना मिलने के बाद शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने पहुंची। सिविल सर्जन डा. साहिर पाल के निर्देश पर टीम गांव गई और पूरे इलाके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान चार चिकन पाक्स से पीड़ित मरीज पाए गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दो पीड़ित बच्चों के खून के नमूने लिए गए, जिन्हें बीमारी की पुष्टि के लिए एमजीएम मेडिकल कालेज भेज दिया गया है।जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डा. असद ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चिकन पाक्स



एक संक्रामक बीमारी है, इसलिए मरीज को अलग रखना, घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना बेहद जरूरी है। साथ ही बुखार या दाने बढ़ने की स्थिति में तुरंत डाक्टर से संपर्क करने को कहा गया।

टीम ने गांव के अन्य लोगों को भी बीमारी से बचाव के उपाय बताए और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। इस दौरान डा. असद, सुशील तिवारी, वरुण पाल मौजूद रहे। जबकि घाटशिला से एमपीडब्ल्यू गोविंद रजक, बिंदेश्वरी सिंह और सहिया ने सहयोग किया।

# परीक्षा देकर लौट रही छात्रा से दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले में एक छात्रा के साथ ऑटो चालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटना से हड़कंप मच गया है। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह घटना जहानाबाद के मखदुमपुर थाना क्षेत्र की है। हालांकि छात्रा की सूझबूझ के कारण आरोपी ज्यादा देर तक पुलिस से बच नहीं सका और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा परीक्षा देकर ट्रेन से मखदुमपुर स्टेशन पर उतरी थी। स्टेशन से उसे अपने घर जाना था, जिसके लिए वह टेंपो की तलाश कर रही थी। इसी दौरान एक टेंपो चालक ने उससे संपर्क किया और घर तक छोड़ने के लिए टेंपो रिजर्व करने की बात कही। चालक पर भरोसा कर छात्रा टेंपो में बैठ गई और अपने घर की ओर रवाना हो गई।

पीड़िता ने बताया कि कुछ दूरी तय करने के बाद टेंपो चालक ने रास्ता बदल दिया। आधे रास्ते में सुनसान

### पीड़िता की चालाकी से आरोपित गिरफ्तार

जगह देखकर उसने अचानक टेंपो रोक दिया और जबरन छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। छात्रा ने विरोध किया, लेकिन आरोपी ने उसकी एक नहीं सुनी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी टेंपो लेकर मखदुमपुर बाइपास के समीप पहुंचा और छात्रा को वहीं उतारकर फरार हो गया।

घटना के बाद भी छात्रा ने हिम्मत नहीं हारी। उसने तत्परता दिखाते हुए अपने मोबाइल फोन से टेंपो की तस्वीर खींच ली, जिसमें टेंपो का नंबर स्पष्ट नजर आ रहा था। इसके बाद वह सीधे मखदुमपुर थाना पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। छात्रा द्वारा दी गई यह जानकारी पुलिस के लिए अहम साबित हुई।

पीड़िता की शिकायत मिलते ही मखदुमपुर थाना की पुलिस हरकत में आ गई। मोबाइल में मौजूद टेंपो की तस्वीर और नंबर के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की और कुछ ही समय में आरोपी टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान भीमपुरा गांव निवासी ब्रजकुमार उर्फ छोटू के रूप में की गई है, जो वर्तमान में मखदुमपुर में ही घर बनाकर रह रहा था।

पूरे मामले की पुष्टि करते हुए घोसी एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। आरोपी टेंपो चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही मखदुमपुर बाजार और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। दिनभर यह मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। खासकर अभिभावकों के बीच बेटियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता देखी गई। लोगों का कहना है कि स्टेशन और बाइपास जैसे इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त होनी चाहिए।

## सांप से बचाने वाला हुआ सर्पदंश का शिकार

**धनबाद।** जो व्यक्ति अब तक लोगों को सांप के डर से राहत देता रहा, वही इंसान अंततः उसी सांप का शिकार बन गया। धनबाद जिले में स्नेक सेवर के रूप में पहचाने जाने वाले गोमो के जीतपुर सुंदरी बिल्ला निवासी अमित गुप्ता उर्फ फुचुन की जहरीले सांप के डंसने से इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार देर रात धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच में उन्होंने अंतिम सांस ली।

अमित उन लोगों में से थे, जिन्हें घर या दफ्तर में सांप निकलने पर सबसे पहले याद किया जाता था। एक फोन कॉल पर वह बिना देर किए मौके पर पहुंच जाते और सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ देते थे। न तो डर और न ही लालच-बस इंसान और जीव दोनों की जान बचाने का जज्बा। विडंबना यह रही कि जिस काम को वह सेवा मानते थे, वही उनकी मौत का कारण बन गया। घटना के दिन वह हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैता गांव से जहरीले सांप पकड़कर लाए थे, ताकि उन्हें जंगल में छोड़ा जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय जब एक डिब्बे से एक साथ तीन सांप बाहर निकाले गए, तभी एक सांप ने गुस्से में आकर अमित के हाथ पर डंस लिया।

# बेटी को ससुराल छोड़ने गये मायके वालों को पीटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** बेटी को ससुराल छोड़ना मायके पक्ष को महंगा पड़ गया है। वह इसलिए कि एक साथ मायके पक्ष के कुल पांच लोगो को दामाद सहित ससुराल में जमकर पीटा गया। पिटाई में मायके पक्ष के लोग बुरी तरह घायल हो गए। साथ ही ससुराल पक्ष के लोगों ने स्कॉर्पियो सहित कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। मारपीट में घायल वधु पक्ष के लोगों ने नगर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है।

मामला नगर थाना क्षेत्र के कुरमन गांव का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार वधु पक्ष बरहेट थाना क्षेत्र के पंचकठिया से आए थे। लड़की दीपाली कुमारी की शादी बीते 28 नवंबर को कुरमन गांव में भागीरथ साह के घर हुई थी। भागीरथ साह आर्मी में क्लर्क है। लड़की बीते दो माह से अपने मायके पंचकठिया में थी। लड़की दीपाली के साथ भी मारपीट की घटना हुई है।

दीपाली ने बताया कि उसके घर से सभी लोग कुरमन गांव स्थित ससुराल में छोड़ने आए थे। जिसमें उनके पिता, चाचा, भाई सहित अन्य थे। इनलोगों के द्वारा उनको घर में प्रवेश देना तो दूर दरवाजा खोलते ही मारपीट की घटना को अंजाम देने लगे।

कहा कि उनके पति भागीरथ साह सहित उनके देवर, ससूर सहित अन्य के द्वारा कुल पांच लोगों को मारपीट किया गया। सभी को लोहे के रड से पीटा गया जिससे सभी का सिर फट गया है । साथ ही आरोपितो नें दो वाहन जिसमें स्कारपरियो सहित एक कार का शीशा फोड़ दिया है। सभी मारपीट की घटना में बुरी तरह घायल हो गए हैं। लड़की ने बताया कि उनके पति के द्वारा पहले भी उनके साथ मारपीट की गई है तथा मायके पक्ष किसी से बातचीत नहीं करने दिया जाता था। कहा कि बीते दशहरा से ही मायके में हैं। ससुराल से उनके पति भी लेने नहीं गए। जिसके बाद ही मायके पक्ष से सभी लोग ससुराल कुरमन गांव छोड़ने आए थे जहां मारपीट की घटना हो गई। घायल पक्ष ने पुलिस को मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# आइटीडीए के खाते से करोड़ों की निकासी का मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** समेकित जनजातीय विकास अभिकरण (आईटीडीए) कार्यालय के बैंक खाता 11440445629 से 12 करोड़ों 38 लाख रुपये की अवैध फर्जी निकासी के मामले में आईटीडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का ने शुक्रवार की शाम नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते घोटाले में संलिप्त तीन कर्मियों कार्यालय अधीक्षक मानवेंद झा, कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार केवट एवं अनुसेवक अक्षय रविदास को गिरफ्तार कर लिया।

आईटीडीए के खाते से यह फर्जी निकासी 74 फर्जी एडवाइस के सहारे की गई। फर्जी निकासी का यह खेल फरवरी 2025 से चल रहा था। इन कर्मचारियों द्वारा तैयार एडवाइस न तो पंजी से मेल खाता था न इसमें हस्ताक्षर ही असली होता था। मामला पकड़ में तब आया जब शक होने पर एसबीआई बाजार शाखा के प्रबंध अभिनव कुमार तक एडवाइस पहुंचा। यदि शाखा प्रबंधक तक एडवाइस नहीं पहुंचता तो यह खेल जारी रहता।

प्रभारी कल्याण पदाधिकारी सह आईटीडीए निदेशक ने बताया कि एडवाइस में किए गए हस्ताक्षर पर शक होने पर शाखा प्रबंधक अभिनव कुमार ने आठ दिसंबर को उन्हें फोन कर बताया कि उनके द्वारा बैंक को भेजे गए एडवाइस में किया गया हस्ताक्षर बैंक के रिकॉर्ड हस्ताक्षर से मेल नहीं खा रहा।

उन्होंने बैंक पहुंचे कर्मचारी अक्षय रविदास पर भी संदेह जाहिर किया। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर संदिग्ध पाये जाने के तुरंत बाद विभाग का कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार केवट एवं कार्यालय अधीक्षक मानवेंद्र झा बैंक पहुंचा और दूसरा एडवाइस लाने की बात कह एडवाइस अपने साथ ले गया।

निदेशक ने बताया कि इसके बाद जब संबंधित कर्मी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन लोगों ने उनके सामने ही एडवाइस फाड़ कर फेंक दिया। जिसे उन्होंने जमा कर सुरक्षित रख लिया है। इसके बाद निदेशक ने फरवरी से अब तक हुई निकासी की जांच करायी तब पता चला कि अब तक 12.38 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि कार्यालय नाजीर द्वारा रोकड़ बही को अद्यतन करने के लिए जो बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराया गया था, उसमें भी हेरफेर किया हुआ था।

यह स्टेटमेंट कार्यालय अधीक्षक मानवेन्द्र झा द्वारा बैंक से लाकर नाजीर को सौंपा गया था। बाद में बैंक से पुनः प्राप्त वास्तविक स्टेटमेंट से इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ।

# चोरों ने भाजपा कार्यालय को बनाया निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका में चोरों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। आम और खास लोगों के घरों के साथ-साथ राजनीतिक दलों को भी निशाना बना रहे हैं। ताजा घटना में चोरों ने भाजपा कार्यालय को भी नहीं बख्शा है।दुमका के चोर राजनीतिक दलों से भी खौफ नहीं खा रहे हैं। सत्ताधारी और प्रतिपक्ष, दोनों के साथ उनका व्यवहार एक-सा है। बीते 28 नवंबर की रात गिलानपाड़ा में सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस की दुमका जिला महासचिव अरबी खातून के आवास का ताला तोड़कर चोरों ने करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया था। अब चोरों ने भाजपा कार्यालय को निशाना बनाया है।

शनिवार की रात डंगालपाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 25 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा कार्यालय की पूरी बिजली वायरिंग तोड़कर बर्बाद कर दी गई। चोरों ने तीन पंखे भी उतारे, लेकिन उन्हें वहीं छोड़कर फरार हो गए।

रविवार को घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। कार्यालय प्रभारी दिनेश सिंह ने इस संबंध में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।रविवार सुबह जब कार्यालय प्रभारी दिनेश सिंह कार्यालय पहुंचे तो टूटा हुआ ताला देखकर वे अवाक रह गए। अंदर जाकर देखा तो कार्यालय के तीनों ताले टूटे हुए थे। चोर टेबल, कुर्सी और सात बल्ब चोरी कर ले गए थे। इसके अलावा बिजली की वायरिंग समेत सभी बोर्डों को तोड़कर बर्बाद कर दिया गया था।

दिनेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना शनिवार रात को अंजाम दी गई। चोर कार्यालय की पिछली दीवार के सहारे चढ़कर छत पर पहुंचे और छत के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

# प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को बहंगी से पहुंचाया गया अस्पताल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती दीरगांव पंचायत अंतर्गत झलकापाट गांव से रविवार को मानवता और सरकारी व्यवस्था को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। सड़क सुविधा के अभाव में प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला सुकरी कुमारी (उम्र लगभग 30 वर्ष), पति जगन्नाथ कोरबा, को परिजनों ने बहंगी (डोली) में लादकर करीब एक किलोमीटर पैदल काड़ासिल्ली गांव तक पहुंचाया।

इसके बाद ममता वाहन की सहायता से महिला को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 बजे सुकरी कुमारी को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। झलकापाट गांव तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस या अन्य चारपहिया वाहन गांव नहीं पहुंच सके।

मजबूरी में ग्रामीणों ने खुद झिलगी तैयार की और उबड़-खाबड़, पथरीले रास्ते से महिला को कंधों पर उठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। इस दौरान परिजन लगातार मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन सड़क के अभाव ने हर प्रयास को सीमित कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि झलकापाट गांव पूरी तरह पठारी और दुर्गम इलाके में बसा है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। ऐसे में बीमार, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाना जान जोखिम में डालने जैसा होता है। कई बार इसी तरह की परिस्थितियों में लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था और बुनियादी ढांचे की पोल खोल दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के करीब 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद झलकापाट गांव सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। सड़क नहीं होने से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच बेहद कठिन हो गई है। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग किए जाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब झलकापाट गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने की मांग की है। घाघरा प्रखंड मुख्यालय से यह गांव लगभग 30 किलोमीटर दूर है, लेकिन विकास की दूरी इससे कहीं अधिक नजर आती है।

# तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही तीन अपराधकर्मियों को धर दबोचा है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध हथियार के साथ घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन, 7200 रुपये नकद और एक आल्टो कार बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक को 13 दिसंबर को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी चक्रधरपुर से चाईबासा क्षेत्र में एक आल्टो कार से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं और किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापामारी टीम गठित की गई।

टीम ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शारदा गांव के पास वाहन जांच के दौरान आल्टो कार को रोककर तलाशी ली। कार में सवार युवकों ने अपना नाम सरोज बोदरा, श्यामलाल केराई और



सिकन्दर केराई बताया। तलाशी के दौरान सरोज बोदरा के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई, जबकि कार की डिक्की से एक अन्य देशी कट्टा मिला। श्यामलाल केराई के पास से टेक्नो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।पुलिस ने हथियारों से संबंधित वैध कागजात मांगे, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि आठ दिसंबर को कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के तोरलो मोड़ के पास अपने नौ अन्य साथियों के साथ मिलकर एक व्यापारी से 85 हजार रुपये की डकैती की थी, जिसमें फायरिंग भी की गई थी।

# नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर धनबाद सहित झारखंड के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

यह नियुक्ति भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नितिन नवीन की संगठनात्मक क्षमता, सक्रिय नेतृत्व और बढ़ते राजनीतिक कद पर जताए गए भरोसे का संकेत मानी जा रही है। वर्तमान में वे बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री के रूप में कार्यरत हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

झारखंड विधानसभा में भाजपा के सचेतक धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने पर बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री श्नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

विधायक राज सिन्हा ने कहा-नितिन नवीन जी का दीर्घ संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व एवं कार्यकुशलता निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकताओं का मनोबल नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनका कार्यकाल पार्टी के लिए अत्यंत सफल और ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि नितिन नवीन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने से भाजपा के युवा नेताओं और कार्यकताओं में सकारात्मक संदेश गया है। उनके नेतृत्व में देश का युवा वर्ग तेजी से भाजपा से जुड़ेगा।

वहीं झारखंड भाजपा के मंत्री गणेश मिश्रा ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन जनता के बीच रहने वाले नेता हैं और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं। उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से भाजपा संगठन को नई ताकत मिलेगी।

नितिन नवीन का राजनीतिक सफर भी उल्लेखनीय रहा है। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के सशक्त नेताओं में गिने जाते थे। उनके निधन के बाद हुए उपचुनाव में जनता ने परिवार पर भरोसा जताते हुए नितिन नवीन को मौका दिया। यहीं से उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत हुई। इसके बाद वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार चार बार जीत दर्ज कर चुके हैं। पथ निर्माण मंत्री के रूप में उन्होंने एक युवा, ऊजार्वान और कामकाजी नेता की छवि बनाई है।

भाजपा नेता और धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा-भाजपा नेतृत्व युवाओं को आगे बढ़ाने और नए नेतृत्व को निखारने का काम करता है। इसी की अगली कड़ी नितिन नवीन की नियुक्ति है।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान वे चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रभारी भी रहे। इस दौरान उन्होंने धनबाद और बोकारो के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

धनबाद जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष संजय झा ने भी इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सभी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। नितिन नवीन के कार्यकारी अध्यक्ष बनने का प्रभाव झारखंड में भी देखने को मिलेगा। बिहार और झारखंड पड़ोसी राज्य हैं, ऐसे में उनका राष्ट्रीय पद पर पहुंचना दोनों राज्यों के कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है।

# हावड़ा-नई दिल्ली ट्रेन से गांजा की खेप बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** डीडीयू मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया ने ऑपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है।

रविवार को आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त टीम ने गया जंक्शन पर हावड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12801 अप से 4.800 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। रेलवे कंट्रोल से मिली सूचना के आधार पर ट्रेन के गया जंक्शन प्लेटफार्म संख्या 01 पर पहुंचते ही सुरक्षा बलों ने सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान कोच संख्या एम-1 के हावड़ा साइड टॉयलेट की छत में छिपाकर रखे गए कुल पांच पैकेट संदिग्ध अवस्था में मिले। तलाशी लेने पर पैकेटों में गांजा पाया गया, जिसे लावारिस हालत में जब्त कर लिया गया।

इस कार्रवाई में आरपीएफ गया पोस्ट के उप निरीक्षक जावेद इकबाल के नेतृत्व में संतोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार, विकास कुमार, आलोक कुमार सक्सेना, अमित कुमार, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, दीपक कुमार ओझा तथा जीआरपी गया की टीम शामिल रही। मौके पर विधिवत जब्ती सूची तैयार की गई और बरामद मादक पदार्थ को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना गया ले जाया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना गया में उप निरीक्षक जावेद इकबाल ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

फिलहाल गांजा तस्करी में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

रेलवे प्रशासन ने इसे यात्रियों की सुरक्षा और नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में अहम उपलब्धि बताया है।



# जॉन सीना रिटायरमेंट

मैच **2320** | जीत **1818**

नई दिल्ली, एजेंसी। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के दिग्गज रेसलर जॉन सीना ने अपने 23 साल के करियर पर ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने 2002 में अपना इस फेमस रेसलिंग कंपनी के साथ करियर शुरू किया था। अब 17 बार के रिकॉर्ड वर्ल्ड चैंपियन ने अपने करियर पर ब्रेक लगाया। हालांकि, उनके करियर का अंत हार के साथ हुआ और गुंथर ने उन्हें आखिरी मुकाबले में मात दी।जॉन सीना के दो दशक से ज्यादा के करियर में शायद ही कभी फैंस ने उन्हें टैप आउट होते देखा होगा। अपने करियर के अंतिम मैच में गुंथर के खिलाफ सीना टैप करके मुकाबला हारे और नम आंखों के साथ उनके तकरीबन 19 हजार फैंस जो एरिना में मौजूद थे उन्हें गुडबाय कहा। जॉन सीना के इस आखिरी मैच के दौरान उन्हें गुडबाय कहने के लिए कई दिग्गज डब्ल्यूडब्ल्यूई के सितारे भी रिंग के आसपास मौजूद थे।

### 2320 मैचों में 78.4 मुकाबले जीते

अगर जॉन सीना के पूरे रेसलिंग करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में 2320 मैचों में अभी तक रेसलिंग की और उसमें से 1818 मैच जीते। उन्होंने अपने करियर में 78.4 प्रतिशत मुकाबले जीते। जबकि सिर्फ 444 मैच वह हारे और 58 मुकाबले ड्रॉ हुए।

डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर की बात करें तो जॉन सीना ने मिलाकर कुल 178 फाइट लड़ीं जिसमें से 102 में उन्हें जीत मिली और 73 में हार। जबकि 3 फाइट उनकी ड्रॉ पर समाप्त हुईं। वह रिकॉर्ड 17 बार डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन बने जिसमें 14 डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप और तीन वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियनशिप शामिल हैं।

**● 23 साल का डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर, 17 बार बने रिकॉर्ड वर्ल्ड चैंपियन; हार के साथ जॉन सीना के युग का अंत**

### 19000 फैंस, सीना के नाम से गूंजा एरिना

अगर इस आखिरी मुकाबले की बात करें तो डब्ल्यूडब्ल्यूई के एरिना में करीब 19 हजार फैंस मौजूद थे। पूरे माहौल में सिर्फ सीना...सीना की गूंज थी। गुंथर ने जब यह मुकाबला जॉन सीना को टैप आउट करके जीता तो पूरा एरिना सन्नाटे में चला गया था। इसके बाद जॉन सीना खड़े हुए उन्होंने सभी का अभिवादन किया। अपने कंधे के नीचे वाले हाथ के बैंड को और अपने जूतों को उतारकर रिंग पर छोड़कर वह वापस चले गए। मैच के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई के सभी दिग्गज रिंग में आ गए और रोप के चारों ओर खड़े हो गए। सभी ने सीना को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। इस मौके पर कर्ट एंगल, मार्क हेनरी और रॉब वैन डैम रिंग साइड पर मौजूद थे। उनके साथ मिशेल मैकूल और ट्रिश स्ट्रेटस भी दिखाई दीं। कोडी रोड्स और सीएम पंक भी दिखे जिन्होंने अपनी बेल्ट सीना को सौंपी और सीना ने उन्हें उठाकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया।

# यशस्वी का तूफानी शतक




## मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जायसवाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक और यादगार पारी खेलते हुए मुंबई को ऐतिहासिक जीत दिलाई। हरियाणा के खिलाफ सुपर लीग मुकाबले में जायसवाल के विस्फोटक शतक की बदौलत मुंबई ने 235 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज़ दर्ज किया। इस जीत ने न सिर्फ मुंबई की ताकत दिखाई, बल्कि जायसवाल को भारत के सबसे खतरनाक टी20 बल्लेबाज़ों में भी शामिल कर दिया।

### हरियाणा का मजबूत स्कोर, मुंबइ के सामने बड़ी चुनौती

सुपर लीग के इस अहम मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विशाल स्कोर खड़ा किया। उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मुंबई के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। 235 रनों का लक्ष्य टी20 क्रिकेट में आसान नहीं माना जाता, खासकर नॉकआउट चरण जैसे मुकाबलों में। लेकिन मुंबई की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी और डगआउट में मौजूद खिलाड़ियों को भरोसा था कि अगर शुरुआत अच्छी रही, तो मैच पलट सकता है।

### यशस्वी जायसवाल का 48 गेंदों में शतक

लक्ष्य का पीछा करने उतरे यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही साफ संकेत दे दिया कि यह उनका दिन है। बाएं हाथ के इस ओपनर ने गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया और मैदान के चारों ओर शानदार शॉट्स लगाए। जायसवाल ने महज 48 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनके ञ्20 करियर का चौथा शतक रहा। उनकी टाइमिंग, फुटवर्क और आत्मविश्वास देखने लायक था, जिसने हरियाणा के गेंदबाज़ी आक्रमण को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

### तेज गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे जायसवाल

अंशुल कंबोज की 13 गेंदों पर उन्होंने 34 रन बटोरे।सुमित कुमार के एक ओवर में उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों में 25 रन ठोक दिए।उनकी इस आक्रामक बल्लेबाज़ी ने रन रेट को लगातार मुंबई के पक्ष में बनाए रखा और हरियाणा की रणनीति पूरी तरह बिगड़ गई।

### 101 रन पर आउट, लेकिन जीत की नींव रख दी

23 साल के जायसवाल 18वें ओवर में 101 रन बनाकर आउट हुए, जब मुंबई जीत से सिर्फ सात रन दूर थी। हालांकि वह शतक के बाद ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके, लेकिन तब तक मैच पूरी तरह मुंबई की पकड़ में आ चुका था। मुंबई ने 15 गेंद शेष रहते चार विकेट से मुकाबला जीत लिया और टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी को और मजबूत कर लिया।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज

| |
|---|
| लक्ष्य 236 : झारखंड ने 237/4 बनाकर पंजाब को हराया – अंबी, दिसंबर 2025 |
| लक्ष्य 235 : मुंबई ने 238/6 बनाकर हरियाणा को हराया – अंबी, दिसंबर 2025 |
| लक्ष्य 230 : मुंबई ने 233/6 बनाकर आंध्र को हराया – हैदराबाद, दिसंबर 2024 |
| लक्ष्य 227 : पुडुचेरी ने 228/6 बनाकर आंध्र को हराया – मुंबई, जनवरी 2021 |
| लक्ष्य 223 : बड़ौदा ने 224/3 बनाकर पंजाब को हराया – हैदराबाद, दिसंबर 2025 |

## विराट कोहली का नाम फिर चर्चा में, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ झूठा नॉमिनेशन



नई दिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया पर इन दिनों दावा किया जा रहा है कि विराट कोहली को आईसीसी ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2025 के लिए नामांकित किया गया है। इन दावों के साथ रन, औसत और शतकों के आंकड़ों वाली ग्राफिक्स भी तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, हकीकत इससे अलग है और ये दावे भ्रामक हैं। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक अपने वार्षिक अवॉर्ड्स के लिए किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। परंपरा के अनुसार, साल खत्म होने के बाद जनवरी महीने में ही सभी कैटेगरी के लिए शॉर्टलिस्ट जारी की जाती है। यानी कैलेंडर ईयर के दौरान नॉमिनेशन की घोषणा नहीं होती।इस भ्रम की बड़ी वजह विराट कोहली का 2025 में शानदार वनडे प्रदर्शन हो सकता है। कोहली ने इस साल 13 मैचों में 651 रन बनाए हैं, उनका औसत 65.10 रहा है, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135 रन की पारी और पाकिस्तान के खिलाफ शतक ने भी सुर्खियां बटोरीं। लेकिन शानदार फॉर्म का मतलब यह नहीं कि नॉमिनेशन हो चुका है।सोशल मीडिया पर वायरल सूचियों में 'बैटिंग ऑलराउंडर' और 'बॉलिंग ऑलराउंडर' जैसी कैटेगरी भी दिखाई गई हैं, जबकि अपने वार्षिक अवॉर्ड्स में इस तरह की श्रेणियां नहीं रखता। इससे साफ है कि ये लिस्ट फैन-मेड या अनुमान पर आधारित हैं, आधिकारिक नहीं।




## एडिलेड टेस्ट से पहले मैकुलम ने इंग्लैंड टीम की वापसी पर जताया भरोसा

एडिलेड, एजेंसी। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 2-0 से पीछे चल रही इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम सीरीज में शानदार वापसी कर सकती है। उन्होंने कहा है कि अब तक इस सीरीज में हमारे बल्लेबाज पर्याप्त रन नहीं बना पाए हैं, लेकिन ऐसा कभी-कभी हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और इंग?लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का तीसरा टेस?ट मैच 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। मैच से पहले मैकुलम अपने बल्लेबाजों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्होंने इसी लाइनअप को बरकरार रखने का संकेत दिया है। आईसीसी के अनुसार मैकुलम ने रविवार को एडिलेड में प्रशिक्षण से पहले कहा कि हमारे दृष्टिकोण से हमारे पास कुछ समय से शीर्ष सात खिलाड़ी हैं और हम इसके साथ काफी हद तक सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये परिस्थितियां हमारे बल्लेबाजों की शैली के अनुकूल होनी चाहिए। हम जानते हैं कि इस सीरीज में अब तक हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए हैं। हम कई बार ऐसी स्थिति में थे जहां हम रन बना सकते थे, लेकिन हमने कुछ गलतियां कर दीं और ऐसा कभी-कभी हो सकता है। इस सीरीज को जीतने के लिए हमें पिछले कुछ वर्षों में जो चीजें सफल रही हैं, उन्हें छोड़ने की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड कोच ने कहा कि जब हम मैदान में उतरें, तो हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा हो। बिना सोचे-समझे फैसले लेना और तयशुदा बल्लेबाजी लाइन-अप में फेरबदल करना हमारा तरीका नहीं है।

## ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन आईपीएल में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे




नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने रविवार को स्पष्ट किया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने आईपीएल नीलामी में खुद को बल्लेबाज के तौर पर लिस्ट किए जाने का कारण अपने मैनेजर की गलती को बताया है। ग्रीन ने आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन के लिए खुद को एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के रूप में रजिस्टर किया है, जबकि वह एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा। रविवार सुबह एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र से पहले ग्रीन ने कहा, 'मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन उनकी तरफ से कुछ गलती हो गई। उनका मतलब 'बल्लेबाज' कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से गलत बॉक्स चुन लिया। यह सब जिस तरह से हुआ वह काफी मजेदार है, लेकिन वास्तव में गलती उनकी तरफ से ही हुई थी। लंबे कद के 26 वर्षीय ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए मोटी बोली लगने की उम्मीद है। ग्रीन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण ग्रीन 2025 सत्र से बाहर रहे थे।

## शतक के बाद शतक ठोकने वाले वैभव सूर्यवंशी को चाह कर भी नहीं खिला सकता भारत, 103 दिन तक आईसीसी के नियम में कैद



नई दिल्ली, एजेंसी।14 साल के वैभव सूर्यवंशी के लिए यह साल गजब का रहा। आईपीएल से लेकर अंडर 19 एशिया कप तक... हर एक टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने अपनी छाप छोड़ी। वैभव 6 अलग-अलग टूर्नामेंट/सीरीज में सेंचुरी ठोक चुके हैं। वह शतक पर शतक ठोके जा रहे हैं और रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले आईपीएल 2025 में सिर्फ 35 बॉल में शतक ठोका था।

इसके बाद भारतीय अंडर 19 टीम के लिए उन्होंने वनडे और टेस्ट में शतक ठोका। फिर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और इंडिया के लिए भी सेंचुरी लगाई। अब एशिया कप अंडर 19 में भी सूर्यवंशी ने सेंचुरी जड़ दी। इसका मतलब है कि सूर्यवंशी का बल्ला जमकर बोल रहा है। लेकिन, टीम इंडिया चाहा कर भी उनको टीम में शामिल नहीं कर सकती। उनको ऐसा करने से आईसीसी का नियम रोकता है। आखिर क्या कहता है आईसीसी का नियम, आइये जानते हैं। आईसीसी के नियम के मुताबिक, इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम उम्र 15 साल होनी चाहिए। 2020 में यह नियम बना था। बता दें कि वैभव अभी 14 साल के हैं और वो अगले साल यानी 2026 में 27 मार्च को 15 साल के होंगे। अभी उनके 15 साल के होने में 103 दिन बाकी हैं। उससे पहले वैभव भारत के लिए नहीं खेल सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सबकी नजरें वैभव सूर्यवंशी पर होंगी। सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन कर लिया था। उनको पिछले साल मेगा ऑक्शन में आरआर ने खरीदा था। सूर्यवंशी ने आईपीएल में अब तक 7 मुकाबले खेले हैं और 206.56 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए हैं। उनके नाम आईपीएल में 1 शतक और 1 अर्धशतक भी है।

## आईपीएल ऑक्शन से 9 खिलाड़ियों का पत्ता साफ

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 16 दिसंबर को होने वाले आईपीएल ऑक्शन से ठीक पहले एक बड़ा फैसला लिया है. बीसीसीआई ने 9 दिसंबर को ऑक्शन के लिए 350 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की थी लेकिन उसके बाद इसमें कुछ खिलाड़ियों के नाम शामिल किए थे. मगर इन खिलाड़ियों को एक बार फिर ऑक्शन की रेस से बाहर कर दिया गया है. इसमें एक खास नाम स्वास्तिक चिकारा का है, जो पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा थे, जबकि झारखंड के स्टार बल्लेबाज विराट सिंह और त्रिपुरा के धाकड़ ऑलराउंडर मणि शंकर मूरासिंह के नाम भी काट दिए गए हैं. एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑक्शन के लिए 350 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी होने के बाद भी बीसीसीआई ने 9 नाम इसमें शामिल किए थे. इसमें घरेलू क्रिकेट में अपना जलवा दिखा रहे मणि शंकर मूरासिंह की काफी चर्चा हो रही थी, जिन्हें शुरुआती लिस्ट में जगह नहीं मिली थी. मगर ऑक्शन से 3 दिन पहले ही इन 9 खिलाड़ियों के नाम एक बार फिर आईपीएल की वेबसाइट में ऑक्शन वाले खिलाड़ियों की लिस्ट से गायब हो गए हैं.ऑक्शन की लिस्ट से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में 6 भारत के घरेलू क्रिकेटर हैं, जबकि 3 विदेशी खिलाड़ी हैं, जो अपने-अपने देश के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं. बाहर होने वाले 6 भारतीय खिलाड़ी हैं- विराट सिंह, स्वास्तिक चिकारा, मणि शंकर मूरासिंह, चामा मिलिंद, केएल श्रीजित, राहुल राज नमाला.

## आईपीएल 2026 नीलामी में डेविड मिलर बन सकते हैं सबसे बड़े खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी से पहले चर्चाओं का बाजार गर्म है और इसी बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर ने दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज डेविड मिलर को लेकर बड़ा दावा किया है। बांगर के मुताबिक, मिलर अपनी फिनिशिंग स्किल, दबाव में शांत रहने की क्षमता और लंबे ञ्20 अनुभव के चलते इस नीलामी के सबसे महंगे और सबसे ज़्यादा डिमांड वाले खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं। 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली नीलामी में कई फ्रेंचाइज़ी उन पर बड़ी बोली लगा सकती हैं।

संजय बांगर ने बताया कि डेविड मिलर आधुनिक टी20 क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद फिनिशर्स में से एक हैं। मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाज़ी करते हुए मिलर न सिर्फ तेज़ रन बनाते हैं, बल्कि मुश्किल हालात में भी टीम को जीत तक पहुंचाने का दम रखते हैं। बांगर के अनुसार, मिलर का अनुभव उन्हें युवा बल्लेबाज़ों से अलग बनाता है और यही वजह है कि टीमें उन्हें अपनी बैटिंग लाइन-अप का अहम हिस्सा बनाना चाहेंगी।

डेविड मिलर का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट उनका शांत स्वभाव है। बड़े लक्ष्य का पीछा हो या आखिरी ओवरों में रन बनाने की ज़रूरत, मिलर अक्सर सही फैसले लेते नजर आते हैं। संजय बांगर का मानना है कि यही गुण उन्हें टी20 क्रिकेट के एलीट फिनिशर्स की सूची में खड़ा करता है। उन्होंने साफ कहा कि मिलर आईपीएल 2026 नीलामी में टॉप तीन सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं।



गुजरात टाइटन्स और केकेआर की नजर मिलर पर

बांगर के मुताबिक, गुजरात टाइटन्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमें डेविड मिलर पर खास नजर बनाए हुए हैं। गुजरात टाइटन्सः टीम को मिडिल ऑर्डर में अनुभव और स्थिरता की जरूरत है, जहां मिलर फिट बैठते हैं। कोलकाता नाइट राइडसः आंद्रे रसेल के रिटायरमेंट के बाद केकेआर को एक ऐसा बल्लेबाज चाहिए जो डेथ ओवर्स में मैच पलट सके, और मिलर इस रोल के लिए आदर्श विकल्प हो सकते हैं।





## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर बन फोन पर बेचते थे सेक्स ड्रग्स, दिल्ली पुलिस ने छापा मार 26 को दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने न्यू पटेल नगर इलाके में एक अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारकर 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह फर्जी ऑनलाइन परामर्श के जरिए सेक्स ड्रग्स बेचकर लोगों से ठगी कर रहा था। गिरफ्तार लोगों में इस रैकेट के कथित दो मास्टरमाइंड भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कॉल सेंटर के टेली-कॉलर खुद को आयुर्वेदिक चिकित्सक बताकर लोगों को गुमराह करते थे। 10 दिसंबर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीसीपी (सेंट्रल) निधिन वल्सन के निर्देश पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि जिस इमारत की पहली मंजिल पर कॉल सेंटर चल रहा था, वहां जाने वाली सीढ़ियों पर लोहे का चैनल गेट लगा था, जो अंदर से बंद था। गेट पर कॉल सेंटर का नाम और एक फोन नंबर लिखा था। पुलिस ने उसी नंबर पर किसी ग्राहक के रूप में कॉल किया, जिसके बाद अंदर से गेट खोल दिया गया। दिल्ली पुलिस का ऐक्शन, धोखाधड़ी के लिए ऐप तैयार करने के आरोप में एक को दबोचा अंदर जांच करने पर पुलिस को एक बड़ा हॉल और शीशे की दीवार से अलग एक केबिन मिला। हॉल में 24 युवक-युवतियां फोन कॉल करते हुए पाए गए, जबकि केबिन में 29 वर्षीय रेहान बेग और 35 वर्षीय गुफरान मौजूद थे। दोनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पूछताछ में सभी टेली-कॉलर्स ने स्वीकार किया कि वे खुद को फर्जी आयुर्वेदिक डॉक्टर बताकर लोगों से बात करते थे। उनके पास इलाज या परामर्श देने की कोई वैधानिक अनुमति नहीं थी। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह सोशल मीडिया पर दवाओं के विज्ञापन देता था। जैसे ही कोई व्यक्ति लिंक पर क्लिक करता, उसे सीधे व्हाट्सएप नंबर पर रीडायरेक्ट कर दिया जाता था। इसके बाद टेली-कॉलर उससे संपर्क कर 100 रुपये की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फीस लेते और फिर कैश ऑन डिलीवरी के जरिए सेक्स-एन्हांसमेंट दवाएं बेचते थे। जांच में यह भी पता चला कि पूरे फर्जी कॉल सेंटर का संचालन रेहान बेग और गुफरान कर रहे थे। वही कॉल करने वालों को नौकरी पर रखते और उन्हें भुगतान करते थे। कॉल सेंटर बिना किसी सरकारी अनुमति या लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इससे पहले जनवरी में गुरुग्राम में भी एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया था, जहां 11 लोग नकली आयुर्वेदिक यौन-स्वास्थ्य सप्लीमेंट बेचते पाए गए थे। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क कितनी दूर तक फैला हुआ है।

### महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली सरकार सतर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि महिला कर्मचारियों को कार्य समय के बाद कार्यालय में न रोका जाए। विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में जारी एक परामर्श में यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि अगर महिलाओं को देर तक काम करना पड़े तो उन्हें सुरक्षित रूप से घर तक पहुंचाया जाए। परामर्श के मुताबिक, महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, गरिमा व कल्याण सर्वोपरि है। इस बात पर जोर दिया गया है कि विभाग का यह कर्तव्य है कि वह हर समय सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करे। इसमें कहा गया कि महिला कर्मचारियों को सामान्य कार्य समय से अधिक समय तक कार्यालय में रहने की स्थिति में स्पष्ट सुरक्षा उपाय, व्यवस्थित उत्तरदायित्व और कड़ी निगरानी आवश्यक है ताकि आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते समय किसी भी महिला को जोखिम में न डाला जाए। परामर्श के मुताबिक, यह निर्देश दिया जाता है कि किसी भी महिला कर्मचारी को सामान्य कार्य समय से अधिक समय तक कार्यालय में रहने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा, जब तक कि यह बिल्कुल अपरिहार्य न हो। ऐसी सभी असाधारण परिस्थितियों में, संबंधित शाखा प्रमुख/रिपोर्टिंग अधिकारी उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। परामर्श में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक शाखा प्रमुख को पहले से यह आकलन करना चाहिए कि क्या किसी महिला कर्मचारी को देर तक रुकने की आवश्यकता वाला कार्य आवश्यक और अपरिहार्य है।

## देश में 17 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र, सबसे अधिक यूपी में; अनुप्रिया पटेल ने संसद में दी जानकारी






**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली सरकार ने संसद में बताया कि 30 नवंबर तक देश में कुल 17,610 जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं। रासायनिक और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में जन औषधि केंद्र से जुड़ी कई जानकारियां साझा की हैं। अनुप्रिया पटेल ने देशभर में खोले गए जन औषधि केंद्रों की राज्यवार और जिलेवार संख्या समेत पिछले पांच वर्षों में योजना के तहत आवंटित और उपयोग किए गए फंडों का विवरण साझा किया है। जन औषधि केंद्रों में सस्ती दवाएं मिलती हैं। इस विवरण के अनुसार प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) योजना के तहत खोले गए 17,610 जन औषधि केंद्रों में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 3,731 जन औषधि केंद्र हैं। सरकार ने मार्च 2027 तक 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।

## घर में पर्दे डाल लो, एयर प्यूरिफायिर तो अमीरों का चोचला

**● दिल्ली के प्रदूषण पर बोले योगगुरु रामदेव**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर में खतरनाक स्तर के प्रदूषण को लेकर योगगुरु रामदेव ने बड़ा बयान दिया है। प्रदूषण की वजह से बढ़ती एयर प्यूरिफायर की डिमांड को लेकर रामदेव ने कहा कि यह सब अमीरों के चोचले हैं। उन्होंने प्रदूषण से खुद को बचाने के व्यायाम भी बताया। एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान एंकर ने जब उनसे पूछा कि इस स्तर के प्रदूषण में लोग बाहर निकलकर कैसे व्यायाम कर सकते हैं?

इसपर रामदेव ने कहा, देखिए, जब देश विकास रहा है तो कुछ धूल तो उड़ेगी ही। उन्होंने कहा, कभी-कभी दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है। ऐसे में आप लोगों को अपने घरों में पर्दा डालकर रखना चाहिए। 15-20 दिन में एक बार उन्हें साफ कर लीजिए और मास्क पहनकर रखिए।

उन्होंने कहा, घर के अंदर बैठिए और अनुलोम-विमोम करिए, कपालभाति करिए। एयर प्यूरिफायर के बारे में सवाल करने पर उन्होंने कहा, यह सब केवल अमीरों के चोचले हैं। बता दें कि राजधानी दिल्ली में गंभीर श्रेणी के वायु प्रदूषण के बीच एक बार फिर ग्राप 3 लागू कर दिया गया है। ऐसे में 50



फीसदी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के मोड से काम करने और स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर चलाने का आदेश दिया गया है।

दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आलोक ने लोगों को कई सुझाव दिए थे। उनमें से एक एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करना भी था। उन्होंने कहा था कि बाहर निकलने पर लोग एन-95 मास्क का उपयोग करें। इसके अलावा घरों के अंदर इंडोर प्लांट्स लगाएं और एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा बच्चों और बुजुर्गों को घर में रखने की सलाह दी गई थी।

13 दिसंबर के परिपत्र के अनुसार, शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को अगले आदेश तक जहां भी संभव हो, ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार की कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि शनिवार को इस वर्ष की अब तक की सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई जो 11 नवंबर को दर्ज किए गए पिछले उच्चतम स्तर 428 को भी पार कर गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 431 रहा, जबकि वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ने अनुमान जताया है कि रविवार को भी एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में रहेगा।

# गैस चेम्बर बनी दिल्ली की फिजा में घुला 'जहर', सांसों पर संकट बढ़ा

**● एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के करीब पहुंच गया है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठंड बढ़ते ही राजधानी दिल्ली अब गैस चेम्बर बनती जा रही है। दिल्ली की हवा और फिजा में 'जहर' घुलने से कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के करीब पहुंच गया है। गंभीर होते हालात को देखते हुए कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रैप-4 के कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं।

दिल्ली में रविवार सुबह भी कई इलाकों में कोहरे और जहरीली धुंध की एक मोटी परत छाई हुई दिखी। इससे विजिबिलिटी घटने के साथ ही लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत महसूस हो रही है।

### प्रदूषण से कहां कैसा हाल

सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली में कई निगरानी स्टेशनों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में देखी गई। आनंद विहार और गाजीपुर इलाके के आसपास सबसे अधिक एक्यूआई 491 दर्ज किया गया। वहीं नेशनल हाईवे-24 के पास पटपड़गंज में एक्यूआई 488, आईटीओ इलाके में 484, कनॉट प्लेस और इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 483, एम्स के पास 484 और दिल्ली एयरपोर्ट के पास एक्यूआई 411 के साथ गंभीर कैटेगरी में दर्ज किया गया। बता दें कि शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच



'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'अत्यंत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### दिल्ली के स्कूलों में 'हाइब्रिड' क्लासें लगाने के आदेश

दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को एनसीआर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर सभी स्कूलों को 9वीं और 11वीं क्लास तक के विद्यार्थियों के लिए 'हाइब्रिड मोड' में क्लासें चलाने का निर्देश दिया है। 'हाइब्रिड मोड' से आशय ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार से कक्षाएं संचालित करने से है। यह निर्णय सीएक्यूएम द्वारा जारी एक आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर को और बिगड़ने से रोकने के लिए ग्रैप-4 के प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। इस संबंध में 13 दिसंबर के सर्कुलर के अनुसार, शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को अगले आदेश तक जहां भी संभव हो, ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार की कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

आधिकारिक आदेश में, सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी प्रशासनिक सचिव और विभागाध्यक्ष नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें, लेकिन कर्मचारियों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक ना हो। आदेश में कहा गया है, ''शेष 50 प्रतिशत कर्मचारी घर से काम करेंगे, हालांकि प्रशासनिक सचिव और विभागाध्यक्ष आवश्यक और आपातकालीन सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय में बुला सकते हैं।'' इसी प्रकार, आदेश में यह भी कहा गया है कि दिल्ली में संचालित सभी निजी दफ्तर 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की उपस्थिति के बिना कार्य करेंगे।

## बादलों का डेरा-मंद गति से हवाएं और घना कोहरा

**विजिबिलिटी का स्तर 400 मीटर तक रिकॉर्ड**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार की सुबह सीजन का पहला कोहरा देखने को मिला। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में सुबह विजिबिलिटी का स्तर 400 मीटर तक रिकॉर्ड किया गया। इस सीजन में पहली बार कोहरे की वजह से विजिबिलिटी का स्तर इतना कम हुआ है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए मध्यम कोहरा और कहीं-कहीं घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09 से 11 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। दिन के समय हल्के बादलों की आवाजाही रह सकती है, जबकि हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटे तक ही रहने की संभावना है। दिल्ली के मौसम में खासतौर पर रात के समय सर्दी का अहसास बढ़ने लगा है। रात के समय हवा की गति खासतौर पर शांत हो रही है, जबकि मौसम में मौजूद नमी के चलते कोहरा बन रहा है। शनिवार की सुबह कई इलाकों में कोहरा देखने को मिला। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक सफदरजंग में सुबह आठ से नौ बजे के बीच दृश्यता का स्तर 400 मीटर तक रहा। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा साफ हो गया। दिन के समय भी धूप निकली रही। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


### यूक्रेन युद्ध में सबसे खतरनाक काम करते थे उत्तर कोरियाई सैनिक, तानाशाह किम जोंग ने खुद कबूला

**प्योंगयांग, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी ने एक वक्त पर जमकर सुर्खियां बटोरीं थीं। अब इन सैनिकों के बारे में उनके तानाशाह ने खुलासा किया है कि इन्होंने कैसे युद्ध क्षेत्र का सबसे मुश्किल काम किया। तानाशाह किम के मुताबिक इस साल की शुरुआत में कुर्स्क क्षेत्र में भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यहां पर बारूदी सुरंगे हटाने का काम किया, जिसकी वजह से हजारों रूसी सैनिकों की जान बची। शनिवार को उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया पर प्रसारित एक कार्यक्रम में किम जोंग उन ने रूस से वापस लौटे अपने इन सैनिकों की सराहना की। तानाशाह ने कहा, अगस्त से शुरू हुई 120 दिनों की तैनाती के दौरान हमारे सैनिकों ने अभूतपूर्व साहस दिखाया। चाहे अधिकारी हों या सैनिक सभी ने लगभग हर दिन अपनी कल्पना से परे मानसिक और शारीरिक दबावों पर काबू पाते हुए सामूहिक वीरता का परिचय दिया। बारूदी सुरंगे हटाने के काम के दौरान यह लोग अपने शहरों और गांवों को पत्र भी भेजते थे। किम ने आगे कहा, तीन महीने से भी कम समय में हमारे सैनिकों ने एक बड़े खतरनाक क्षेत्र को रूसी सेना के लिए पूरी तरह से सुरक्षित कर दिया। इसमें हमारे जिन भी सैनिकों की जान गई है। उनकी बहादुरी को हमेशा के लिए अमर बनाने के उद्देश्य से राज्य उनको सम्मान प्रदान करेगा। सरकारी मीडिया की तरफ से जारी की गई फोटोस में किम साफ तौर पर वापस आए सैनिकों को गले लगाते हुए देखे जा सकते हैं। इनमें से कुछ सैनिक घायल और व्हील चेयर पर भी दिखाई दिए। इससे पहले, उत्तर कोरिया शुरुआत से ही पुतिन की मदद के लिए कुर्स्क क्षेत्र में सैनिक भेज रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा: मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार

**एक भारतीय भी शामिल; प्रशासन को जांच के आदेश**

**जोहानसबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल ऑफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्टस में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग



मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था।ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा।

प्रशासन को मिले घटना के जांच के आदेश

गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं। स्थानीय लोग और मृतकों के परिजन गहरे सदमे में हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### नोटबंदी ने ऐसी तोड़ी कमर कि उबर नहीं पाए माओवादी, वित्तीय ढांचे को पहुंचा था आघात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब नोटबंदी लागू की तो उसका बड़ा खामियाजा माओवादियों को उठाना पड़ा। नोटबंदी ने उनकी अर्थव्यवस्था को गहरा आघात पहुंचाया था। समर्पण करने वाले माओवादियों ने पुलिस पूछताछ में अपने वित्तीय नेटवर्क की परतें खोली हैं। साथ ही स्वीकारा है कि नोटबंदी के बाद से आज तक उनकी वित्तीय स्थिति कभी नहीं संभल पाई। बालाघाट पुलिस की सख्ती ने भी माओवादियों की जबरन वसूली पर अंकुश लगा दिया था। वे तेंदूपत्ता फड़ ठेकेदार या रोड निर्माण के ठेकेदारों से उगाही नहीं कर पाए। नतीजा यह हुआ कि संगठन में वित्तीय संकट गहराता गया। इसका प्रमाण यह है कि बालाघाट में समर्पण करने वाले 13 माओवादियों के पास नकदी नहीं मिली है। दूसरी तरफ इन माओवादियों से पूछताछ और जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) की चार सदस्यीय टीम बालाघाट पहुंच गई है।

# 75 साल की दोस्ती को नया आयाम, भारतीय राजदूत बोले- रिश्तों को नए स्तर पर ले जाने का अवसर

**अम्मान , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 दिसंबर को जॉर्डन के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह उनका जॉर्डन का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। इस दौरे को भारत और जॉर्डन के बीच रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। ऐसे में पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर जॉर्डन में भारत के राजदूत मनीष चौहान ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करने के साथ-साथ रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जाने का अवसर है।उन्होंने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और जॉर्डन अपने राजनयिक



संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

चौहान ने कहा कि यह मौका ऐतिहासिक है और इस वर्ष की सबसे यादगार घटनाओं में से एक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर को जॉर्डन पहुंचेंगे और 16 दिसंबर तक वहां रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह इस सदी में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऐसा दौरा है।

### 2018 में जॉर्डन गए थे पीएम मोदी, लेकिन

बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 2018 में जॉर्डन सिर्फ ट्रांजिट (रुकते हुए) आए थे। यह यात्रा जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर हो रही है। राजदूत ने कहा कि यह दौरा भारत-जॉर्डन संबंधों और पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। इस दौरान दोनों देश न सिर्फ अब तक की मजबूत दोस्ती पर चर्चा करेंगे, बल्कि भविष्य में सहयोग को और आगे बढ़ाने पर भी बात करेंगे।

जॉर्डन में पीएम मोदी की कार्यक्रम

राजदूत चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। वे जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों नेता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय भारतङ्कजॉर्डन बिजनेस इवेंट को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री जॉर्डन में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और जॉर्डन के रिश्ते हमेशा से दोस्ताना और मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच अच्छा तालमेल है। आर्थिक क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंध मजबूत हैं। भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 2.8 अरब डॉलर का है।

### तीन देशों की यात्रा का पहला चरण

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी का जॉर्डन दौरा उनकी तीन देशों की यात्रा का पहला चरण है। इसके बाद वे 16 से 17 दिसंबर तक अफ्रीकी देश इथियोपिया के राजकीय दौरे पर जाएंगे और फिर 17 से 18 दिसंबर तक ओमान का दौरा करेंगे।

# बोकारो स्टील ने हैप्पी स्ट्रीट के चौथे संस्करण का किया आयोजन









## कड़ाके की ठंड के बावजूद उमड़े नगरवासी, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हुए शामिल





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल, बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन की ओर से हैप्पी स्ट्रीट के चौथे संस्करण की शुरूआत आज उत्साह और उमंग के साथ की गई। यह आयोजन आगामी 4 जनवरी तक प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा। हैप्पी स्ट्रीट का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डायरेक्टर इंचार्ज, राउरकेला स्टील प्लांट सह प्रभारी डीआई बोकारो स्टील आलोक वर्मा और उपायुक्त अजय नाथ झा ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे आयोजन स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और उत्सव का माहौल देखने को मिला। नगर के गांधी चौक से मॉल तक के मार्ग पर हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया, जहां सुबह-सुबह नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो इस आयोजन की लोकप्रियता और लोगों की रुचि को दशार्ता है। हैप्पी स्ट्रीट में संगीत, खेलकूद, योग, व्यायाम, स्ट्रीट फूड और स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविरों का समावेश किया गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। योग और फिटनेस गतिविधियों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि लोग अब अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं। हैप्पी स्ट्रीट में शामिल हुईं डॉक्टर तान्या और मोना ने इस पहल को बोकारो के लिए एक सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल लोगों को शारीरिक रूप से सक्रिय बनाते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं। वहीं घूमने आई महिलाओं ने कहा कि ठंड के मौसम में आमतौर पर सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा रहता है, लेकिन आज हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि हैप्पी स्ट्रीट लोगों को घर से बाहर निकलने के लिए प्रेरित कर रहा है। वर्धमान से आए श्यामल कुमार ने कहा कि उन्होंने इस तरह का आयोजन पहली बार देखा है। उन्होंने बताया कि आयोजन की व्यवस्था इतनी अच्छी है कि सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है और सभी लोग इसका भरपूर आनंद ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रभारी डायरेक्टर इंचार्ज आलोक वर्मा और उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, नियमित कसरत और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की भारी भागीदारी इस आयोजन की सफलता को दशार्ती है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि बोकारो को एक स्वस्थ, सक्रिय और बेहतर शहर बनाया जा सके।

# कर्ण गोष्ठी महिला समूह ने मनाया स्थापना दिवस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कर्ण गोष्ठी महिला समूह बोकारो का छठा स्थापना दिवस सह मिलन समारोह बोकारो क्लब के बैडमिंटन हाल में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त प्रोग्राम में शामिल हुए। दत्त साहब को कर्ण गोष्ठी महिला समुह की अध्यक्षा और कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण ने डोपटा,पाग,एक मिथिला पेंटिंग और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सबसे पहले अनुप कुमार दत्त, कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, कर्ण गोष्ठी महिला समुह बोकारो कीअध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण, तथा गणमान्य व्यक्ति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। जन जागरण अभियान के अंतर्गत बोकारो ग्रुप लगातार 3बार प्रथम स्थान प्राप्त किया इस खुशी के अवसर पर केक काटा गया।आगे का कार्यक्रम चित्रगुप्त भगवान बंदना, स्वागत गान , भगवती गीत, तनिष्का रंजन के नृत्य से सुशोभित हुआ। एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री के आह्वान पर कर्ण गोष्ठी महिला समुह द्वारा एक महीने का अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत बोकारो ग्रुप प्रथम स्थान प्राप्त किया।पुरे कर्ण गोष्ठी महिला समुह में 300-400वृक्षरोपन कार्य हुआ। इस अवसर पर बोकारो ग्रुप की अध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण ने आंचल कर्ण को सावन सुंदरी का ताज पहनाया और गिफ्ट देकर सम्मानित किया।इस समारोह में अनेक सदस्या अपने परिवार और बच्चों के साथ सम्मिलित होकर समारोह को सफल बनाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से माधुरी दास, रूपम रंजन, बिंदु लाल दास, पूनम कर्ण, निधि, विजया, ऋतु कर्ण, चन्दना दत्त, श्रीमती वीणा कंठ, सुप्रिया कंठ एवं अन्य कई कर्ण कायस्थ महिलाएं उपस्थित थे.

# बोकारो के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आगाज

## सांसद ढुलू महतो ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को किया रवाना





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद लोकसभा सांसद ढुलू महतो के द्वारा आज बोकारो के सेक्टर चार स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव की भव्य शुरूआत की गई। इस अवसर पर खेल प्रेमियों, युवा खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत मैराथन दौड़ के साथ की गई। मैराथन को सांसद ढुलू महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में खिलाड़ी और युवा स्टेडियम पहुंचे थे। मैराथन में बच्चों, युवाओं और विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। इस खेल महोत्सव के दौरान आज से एक सप्ताह तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित कई अन्य खेल शामिल हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छिपे हुए खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त कर सकें। उद्घाटन समारोह के दौरान सांसद ढुलू महतो ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन बनाए रखने, नियमों का पालन करने और आपसी सौहार्द के साथ खेल में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह टीम भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन सिखाता है। अपने संबोधन में सांसद ढुलू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को सशक्त, मजबूत और स्वस्थ बनाने के लिए लगातार खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखते हैं और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि विकास के साथ-साथ युवाओं को अवसर देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है। खेल के माध्यम से युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकते हैं और देश निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा और बोकारो सहित पूरे क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देगा।

# राजकमल स्कूल में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकमल स्कूल में सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पीएन सिंह ने किया। उद्घाटन के मौके पर सांसद ढुलू महतो भी मौजूद रहे। शुरूआत जूडो प्रतियोगिता से हुई। खेल महोत्सव का समापन 24 दिसंबर को चिटाही में होगा। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल, मैराथन दौड़, जूडो, चैस, बास्केटबॉल, आर्चरी जैसे खेल शामिल हैं। सांसद ढूलु महतो ने कहा कि खेल महोत्सव देश भर में आयोजित किया जा रहा है। हमारे क्षेत्र के बच्चों के लिए ऐसे खेल महोत्सव के आयोजन से प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा और इस पहल से प्रतिभाओं को पहचान और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों व बच्चों से खेल महोत्सव में भाग लेने की अपील की। लोकसभा शीत कालीन सत्र में उठाये गए। विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि धनबाद की जनता ने उन्हें जो प्यार और आशीर्वाद दिया है। उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जनता की जो भी समस्या है। उसे दूर करने का प्रयास करेंगे और धनबाद को विकास की ओर लेकर जायेंगे।

## झारखंड सशस्त्र पुलिस एसोसिएशन शाखा चार का चुनाव सम्पन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के झारखंड सशस्त्र पुलिस एसोसिएशन शाखा चार बोकारो का चुनाव आज निर्विरोध संपन्न हुआ। झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय रांची के द्वारा नियुक्त किए गए चुनाव पर्यवेक्षक की मौजूदगी में चुनाव संपन्न कराया गया। इस चुनाव में चंदेश्वर सिंह अध्यक्ष, संजय कुमार उपाध्यक्ष, सुरेश एक्का सचिव, निरंजन पांडे संयुक्त सचिव और संजय कुमार पासवान कोषाध्यक्ष चुने गए। सभी पदाधिकारी को चुनाव प्रमाण पत्र देने के बाद शपथ ग्रहण भी कराया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद प्रक्षेत्रीय मंत्री उतरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र उदय कुमार शर्मा ने बताया कि आज का चुनाव निर्विरोध हुआ है और यह हमारे संगठन की मजबूती का एक प्रतीक है।निर्विरोध निर्वाचन से एक संदेश गया है कि हमारा झारखंड पुलिस एसोसिएशन पूरी तरह से एक जुटता के साथ अपने पदाधिकारी की समस्याओं के लिए काम कर रहा है।

# बोकारो: किशोरी क्लब के प्रयास से बाल विवाह पर लग रही लगाम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में सहयोगिनी संस्था द्वारा 'किशोरी क्लब' के माध्यम से विभिन्न जागरूकता एवं क्षमता-निर्माण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है, जिससे वे बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने में सफल हो रही हैं। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण और मंजू देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के 11 गांवों में किशोरियों के साथ मिलकर नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर विशेष गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रखंड की गरी, सोनपुरा और पोंडा पंचायत के 11 गांवों में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नियमित बैठकें आयोजित कर बाल विवाह और अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। किशोरियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम , पॉक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाती है। इसके साथ फुटबॉल और विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जो टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं। स्टेकहोल्डर बैठक,नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण, लाइफ स्किल प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों की नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। वे अब बाल विवाह से संबंधित हानिकारक परंपराओं को चुनौती देने और तोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। किशोरी क्लब का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रक जब्त

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुष्पा लाज के सामने एक गोदाम में चल रहा अवैध बालू भंडारन में शनिवार की देर शाम खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर दो ट्रक समेत एक जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया है। जप्त दोनों ट्रक में बालू लोड किया हुआ है। जिसे जेसीबी मशीन से लोड किया गया था। इस संबंध में खनन विभाग के इंस्पेक्टर श्यामनन्दन




सिंह ने बताया की उन्हें गुप्त सुचना मिली थी की चिरकुंडा थाना क्षेत्र पुष्पा लाज के सामने एक गोदाम में अवैध रूप से बालू का भंडारन किया जा रहा है। उसी सुचना पर छापेमारी की गई। यहां पर दो ट्रक जिसमें बालू लदा हुआ था को जप्त किया गया है तथा जिस जेसीबी मशीन से बालू को लोड किया गया है उसे भी जप्त किया गया है। छापमारी टीम में ब्रह्मदेव कुमार यादव, राजकुमार दास सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# भाजपा ने की बोकारो के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार एवं भाजपा झारखंड प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा के अनुमोदन एवं जिला पर्यवेक्षकगण की सहमति के पश्चात बोकारो जिला चुनाव प्रभारी के द्वारा आज चास स्थित दीपांजलि पलैस में भाजपा जिला बोकारो के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह, अम्बिका खवास, वीरभद्र सिंह विनय सिंह अर्चना सिंह शशि भूषण मुकुल ओझा, ईश्वर चंद्र प्रजापति बिक्रम पाण्डेय शंकर रजक सुरेंद्र राज विनोद गोराई मुकेश राय धर्मेन्द्र महथा पन्ना लाल कान्दू मनोज सिंह अमर स्वर्णकार बिक्की राय संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष गोमिया मोहन कुमार ,कसमार सुरेन्द्र कुमार महतो,खैराचातर आनंद कुमार महतो, साड़म ऊषा चौहान,पेटरवार लाल बहादुर शर्मा,बेरमो चंद्रप्रकाश सिंह, जारीडीह विक्रम गोस्वामी,फुसरो नगर रमेश कुमार स्वर्णकार, हरला ब्रज दुबे, पिंडराजोरा हरिपद गोप, कॉपरेटिव चन्द्रशेखर सिंह, आमलाबाद पंकज शेखर,चन्दक्यारी कुलदीप महथा, बीजूलिया बबलू चौबे, बरमसिया जगन्नाथ कुमार को किया गया। मंडल प्रतिनिधि के लिए गोमिया दीपक ठाकुर ,कसमार राजेश कुमार पांडेय, खैराचातर तुलसीदास जयसवाल,साड़म शिवशंकर दुबे, पेटरवार आसित बनर्जी बेरमो नवीन पाण्डेय जारीडीह मनोज ठाकुर, फुसरो नगर शिवलाल रविदास, हरला योगेन्द्र कुमार पिंडराजोरा रघुनाथ टुडू, कॉपरेटिव अवधेश यादव,आमलाबाद अजय रजवार,चन्दक्यारी बिनोद गोराई, बीजूलिया कविता देवी, बरमसिया निवारण सिंह चौधरी को मनोनीत किया गया है।

## शादी विवाह के अवसर पर डीजे पटाखे ढोल गाने पर पाबंदी बरकरार

### तन्जीम अहले सुन्नत धनबाद की बैठक में हुआ निर्णय



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को तन्जीम अहले सुन्नत के बैनर तले हवेली गार्डन मैरेज हाल शमशेर नगर मे तमाम ओलमा ए धनबाद हर मोहल्ले के मस्जिद कमेटी और मैरेज हाल के जिम्मेदार और आवाम की एक बैठक हुई जिसमें डीजे पटाखे ढोल गाने बजाने पर पाबंदी जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक को कामयाब करने मे तन्जीम अहले सुन्नत के अराकीन और मेंमबरान ने कड़ी मेहनत की और इस अवसर पर शहर ए धनबाद के तमाम ओलमा ए कराम हर मस्जिद की कमेटी और बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने किया गोविंदपुर अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का शुभारम्भ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरवाअड्डा कृषि बाजार स्थित पुराने थाना परिसर में रविवार को पुलिस निरीक्षक गोविंदपुर अंचल के नवनिर्मित कार्यालय का शुभारम्भ वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, बाजार समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शुभारम्भ के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि इस परिसर में पुलिस निरीक्षक कार्यालय की स्थापना से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बाजार समिति से बरवाअड्डा थाना के स्थानांतरण के बाद व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा पुराने थाना भवन में टीओपी स्थापित करने की मांग की जा रही थी। आवश्यकता और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए टीओपी के स्थान पर गोविंदपुर अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया। एसएसपी ने बताया कि इस अंचल निरीक्षक कार्यालय में कुल दस अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिसमें दो पदाधिकारी एवं आठ जवान शामिल हैं, जो चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे। बाजार समिति परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाएगी। साथ ही स्थानीय नागरिक अपनी किसी भी समस्या अथवा शिकायत के समाधान के लिए अंचल निरीक्षक कार्यालय में सीधे संपर्क कर सकेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि थाना परिसर के सामने सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरा लगाया जा रहा है। इस कैमरे के माध्यम से सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों पर नजर रखी जाएगी और वाहनों की पहचान उनके नंबर प्लेट के आधार पर की जा सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बाजार समिति के सहयोग से बाजार परिसर के भीतर एक आधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित करने की योजना पर कार्य प्रगति पर है। इसके तहत पूरे बाजार समिति परिसर को अंदर और बाहर से सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा, जिससे कृषि बाजार में होने वाली सभी गतिविधियों की निगरानी कंट्रोल रूम से की जा सकेगी। आपातकालीन स्थिति में त्वरित सूचना के लिए बाजार परिसर में सायरन लगाने की भी योजना है। इस अवसर पर बाजार समिति के सदस्यों ने एसएसपी श्री प्रभात कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिसर में पुलिस निरीक्षक कार्यालय की स्थापना से बाजार समिति की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है और अब व्यापारी निर्भीक होकर अपना व्यवसाय कर सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार के साथ डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, डीएसपी यातायात अरविन्द कुमार सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बाजार समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com